संस्करण : नई दिल्ली, पानीपत (हरियाणा), चंडीगढ़, लखनऊ, भोपाल (मध्य प्रदेश), हल्द्वानी, नैनीताल, देहरादून (उत्तराखंड) से एक साथ प्रकाशित

पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें ...

पब्लिक एशिया

खोजी पत्रकारिता का नया आयाम



किसानों के दिल्ली कूच का तरीका ठीक नहीं...

पृष्ठ नं: 4

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia

वर्ष : 35 | अंक : 89 | नई दिल्ली, शनिवार, 17 फरवरी, 2024 | पृष्ठ : 12

मूल्य ₹ 3.00

RNI No-49329/89
website: www.publicasia.in
email:- publicasia1989@gmail.com

मिनी ड्रेस पहन इतराईं हिना खान...

पृष्ठ नं: 12

'अबकी बार 400 पार...', पीएम मोदी की दहाड़

➲ लोकसभा चुनाव को लेकर जनता से मांगा आशीर्वाद ➲ इस बीच उन्होंने जनता को दस हजार करोड़ के प्रोजेक्ट समर्पित किए

रेवाड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के रेवाडी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनता से आशीर्वाद मांगा। पीएम मोदी ने इस बीच ह्य400 पारह्ल का नारा भी दोहराया। उन्होंने इस बीच संबोधन में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने से लेकर चंद्रमा लैंडिंग घटना सहित दस वर्षों में अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यदि जी20 शिखर सम्मेलन सफल रहा, तो यह सिर्फ आपके आशीर्वाद के कारण। यदि भारत का झंडा चंद्रमा पर पहुंच गया, जहां कोई नहीं पहुंच सका तो यह सिर्फ आपके आशीर्वाद के जरिए ही संभव हो सका।

इस चुनाव में एनडीए 400 पार करेगी: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि विश्व में पिछले 10 वर्षों में भारत 11वें स्थान से उठकर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मुझे अपने तीसरे कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व को तीसरे स्थान पर पहुंचाना है। उन्होनें कहा कि अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले मेरे लिए यह यात्रा बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस चुनाव में एनडीए अबकी बार 400 सीटें पार करेगी।

प्रदेश की दीं 10 हजार करोड़ की सौगात

पीएम मोदी ने जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का जिक्र करते हुए कि अभी थोड़ी देर पहले मुझे

हरियाणा को 10,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं सौंपने का अवसर मिला, जिनमें रेवाडी एम्स, नई रेल लाइन और मेट्रो लाइन और एक संग्रहालय भी शामिल है। भगवान राम का आशीर्वाद ऐसा है कि आजकल मुझे हर जगह ऐसे पवित्र कार्यों से जुड़ने का अवसर मिलता रहा है। बता दें कि पीएम मोदी ने आज हरियाणा के रेवाड़ी में 9750 करोड़ रुपये से अधिक के कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी एवं उद्घाटन किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सार्वजनिक संबोधन से पहले पीएम मोदी का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक विशेष अवसर है जब पीएम मोदी हमारे बीच हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री साल 2013 में गुजरात के मुख्यमंत्री और आगामी पीएम के रूप में देख रहे थे। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि आपने अपना अभियान रेवाडी से शुरू किया। आज आप रेवाडी के लोगों को एम्स देकर उनकी आकांक्षा और सपने को पूरा कर रहे हैं। मेट्रो स्टेशनह्ल गुरुग्राम में परियोजना से न केवल गुरुग्राम या देश के लोगों को बल्कि उन विदेशी कंपनियों को भी मदद मिलेगी जो यहां निवेश करने के लिए हैं।

मौसम

दिल्ली/एनसीआर

अधिकतम ता. 17.0°C | न्यूनतम ता. 08.0°C

संक्षिप्त समाचार

संदेशखाली जा रहे भाजपा डेलिगेशन को पुलिस ने रोका

- केंद्रीय मंत्री बोलीं- जितनी मुस्तैदी से हमें रोका, उतनी तेजी मुख्यमंत्री शाहजहां को पकड़ने में लगातीं
- जेपी नड्डा ने गुरुवार (15 फरवरी) को 6 सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। इसमें दो केंद्रीय मंत्री और 4 सांसद हैं।

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल में नॉर्थ 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली यौन उत्पीड़न मामले को लेकर बवाल जारी है। शुक्रवार (16 फरवरी) को संदेशखाली जा रही भाजपा की 6 सदस्यीय टीम को पुलिस ने रोक लिया। इस पर टीम मेंबर और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा- जितनी मुस्तैदी हमें रोकने में लगाई है, उतनी तेजी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आरोपी शाहजहां शेख को पकड़ने में लगातीं तो ये नौबत ही न आती। जेपी नड्डा ने गुरुवार (15 फरवरी) को दो केंद्रीय मंत्री और 4 सांसदों कमेटी का गठन किया था। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कमेटी की संयोजक हैं। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक और 4 भाजपा सांसद- सुनीता दुग्गल, कविता पाटीदार, संगीता यादव और बृजलाल सदस्य हैं। कमेटी संदेशखाली में पीड़ित महिलाओं से बात करके भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को रिपोर्ट सौंपेगी।

कांग्रेस के फ्रीज खातों से रोक हटी

- पार्टी ने कहा, ना बिजली बिल भर पा रहे, ना कर्मचारियों को सैलरी दे पा रहे
- कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया।

नई दिल्ली, एजेंसी। इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस के फ्रीज खातों पर लगी रोक हटा दी है। एक घंटे पहले कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है। माकन ने कहा- हमें गुरुवार को जानकारी मिली कि बैंकों ने पार्टी के द्वारा जारी किए गए चेक रोक दिए हैं। वे हमारे चेक क्लियर नहीं कर रहे। कांग्रेस पार्टी के खाते भी फ्रीज कर दिए गए हैं। इसके अलावा क्राउड फंडिंग वाले अकाउंट को भी फ्रीज कर दिया गया है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा- अभी हमारे पास बिजली का बिल भरने के लिए और अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं। अकाउंट फ्रीज होने के कारण न केवल भारत जोड़ो न्याय यात्रा, बल्कि पार्टी की सभी राजनीतिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। यह लोकतंत्र को फ्रीज करने जैसा है।

बिहार में तेजस्वी ने राहुल को बैठाकर चलाई जीप

- नीतीश को बताया थका हुआ मुख्यमंत्री, तेजस्वी बिहार में राहुल की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल हुए

सासाराम (बिहार), एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार के सासाराम जिले से फिर से शुरू हुई और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव इस यात्रा में शामिल हुए। कांग्रेस सांसद राहुल ने यहां पार्टी के जिला कार्यालय से सुबह यात्रा शुरू की और इस यात्रा के शाम को कैमूर जिले के मोहनिया के रास्ते उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने की उम्मीद है। यादव और राहुल एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन की छत पर बैठे थे और वाहन धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। दोनों नेताओं ने शहर की मुख्य सड़क पर एकत्रित भीड़ की ओर हाथ हिला कर उनका अभिवादन किया। यात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भीड़ जमा थी। विपक्षी महागठबंधन के दोनों नेता दोपहर करीब तीन बजे कैमूर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले बृहस्पतिवार को राहुल ने बिहार के औरंगाबाद जिले में एक रैली को संबोधित किया और प्रदर्शनकारी किसानों का खुलकर समर्थन किया। उन्होंने किसानों की तुलना उन सैनिकों से की, जो देश की रक्षा के लिए सीमाओं पर लड़ते हैं। कांग्रेस नेता फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून और ऋण माफी सहित अपनी मांगों के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के लिए किसानों के दिल्ली चलो मार्च का जिक्र कर रहे थे।

अब क्या करेंगे केजरीवाल ?

- पीएम मोदी की डिग्री विवाद मामले में लगा झटका, हाईकोर्ट से भी नहीं मिली राहत, अरविंद केजरीवाल को गुजरात हाईकोर्ट से झटका

अहमदाबाद, एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को गुजरात हाईकोर्ट से झटका लगा है। पीएम मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाने वाले अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को अदालत से राहत नहीं मिली है। दरअसल, हाईकोर्ट ने आपराधिक मानहानि मामले में दोनों नेताओं के खिलाफ जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया है। बता दें कि गुजरात विश्विद्यालय ने दोनों नेताओं के खिलाफ याचिका दायर की थी। विश्विद्यालय की याचिका पर निचली अदालत द्वारा केजरीवाल और संजय सिंह को समन जारी किया गया था। अअढ नेताओं ने समन के खिला हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी, लेकिन यहां से उन्हें निराशा ही हाथ लगी। अअढ नेताओं की याचिका को खारिज करते हुए जस्टिस हसमुख सुथार ने ट्रायल कोर्ट के समक्ष अपनी बात रखने का निर्देश दिया।

याचिका में क्या कहा?

अपनी याचिका में अअढ नेताओं ने कहा कि गुजरात यूनिवर्सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में मानहानि का मामला दायर नहीं कर सकती है। उसे सत्र अदालत में जाना चाहिए।

15 अप्रैल को किया था तलब

बता दें कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बीते साल 15 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को तलब किया था। दोनों नेताओं ने समन को चुनौती देते हुए सत्र अदालत में एक पुनरीक्षण आवेदन दायर किया था। हालांकि, यहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली और याचिका को खारिज कर दिया। जिसके बाद अअढ नेताओं ने हाईकोर्ट में अपील दायर की।

केजरीवाल पर जुमार्ना भी लगा

बीते साल मार्च में हाईकोर्ट ने पीएम मोदी की शैक्षणिक योग्यता के संबंध में केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश को रद्द कर दिया था। अदालत ने दोनों को राहत नहीं दी, साथ ही केजरीवाल पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगा दिया।

ऐसे लोगों को नेता होने का अधिकार नहीं है, जो हमारी संस्कृति को ललकारें : यादव

सिकंदराबाद (तेलंगाना)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बिना किसी का नाम लिए ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ नेताओं को सुप्रीम कोर्ट का राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाना हजम नहीं हुआ और ऐसे लोगों को नेता होने का अधिकार नहीं, जो हमारी संस्कृति को ललकारें।

दिल्ली की पेंट फैक्ट्री में आग 11 लोगों की मौत

- 4 घायल, साढ़े 3 घंटे में आग बुझाई गई; केमिकल की वजह से ब्लास्ट की आशंका
- पेंट फैक्ट्री में लगी आग पर 22 फायर ब्रिगेड ने काबू पाया। पुलिस जांच कर रही है।

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के अलीपुर में दयाल मार्केट में मौजूद एक पेंट फैक्ट्री में गुरुवार को आग लग गई। देर रात तक हादसे में 7 लोगों के मारे जाने की खबर थी। शुक्रवार सुबह 8 मृतकों की संख्या 11 हो गई। 4 लोग घायल हैं, जिन्हें राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की 22 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री में धमाके के बाद आग लगी। आग की लपटें इतनी तेज थीं, आसपास के कुछ घरों को भी नुकसान पहुंचा। अधिकारियों का मानना है कि फैक्ट्री में रखे केमिकल की वजह से ब्लास्ट हुआ।

लालू ने नीतीश को फिर भेज दिया फ्रेंड रिक्वेस्ट

क्या बिहार में फिर होगा कोई खेला ?

पटना, एजेंसी। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीतीश कुमार दोबारा इंडिया गठबंधन में आते हैं, तो देखेंगे।

नीतीश कुमार दोबारा आएंगे, तो देखेंगे

सीएम नीतीश कुमार के इंडिया में वापसी पर लालू प्रसाद यादव ने कहा कि वो दोबारा आएंगे, तो देखेंगे। पत्रकारों ने जब यह पूछा कि नीतीश कुमार को दोबारा मौका देंगे, उनके लिए दरवाजा खुला है, तो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि दरवाजा खुला ही रहता है।

आरजेडी-जेडीयू के फिर साथ आने की चर्चा हुई शुरू

नीतीश कुमार को लेकर लालू यादव के इस बयान से एक बार फिर दोनों के साथ आने को लेकर कयास लगाये जा रहे है।

राजनीति के जानकार बताते है कि लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर से दोनों पार्टियां साथ आ सकती है। नीतीश अपने सांसदों के दवाब में एनडीए की ओर गए है। नीतीश और उनके सांसदों को इस बात का संदेह था कि उनकी संख्या इंडिया गठबंधन के साथ रहने पर घट सकती है, जबकि एनडीए के साथ जाने पर उनके सांसद अच्छी संख्या में जीतकर आ सकते है।

विधानसभा में लालू-नीतीश की गर्मजोशी से हुई थी मुलाकात

लालू और नीतीश के बीच गुरुवार को विधानसभा परिसर में भी मुलाकात हुई थी। उस दौरान दोनों नेता एक दूसरे से बड़ी गर्मजोशी से मिले थे। नीतीश ने लालू के कंधे पर हाथ रखा और हालचाल जाना। वही पास खड़े तेजस्वी यादव से मुस्कुराते हुए नीतीश कुमार ने बात की। बगल में खड़ी राबड़ी देवी को हाथ जोड़कर नमस्कार किया। दोनों नेताओं के बीच गठबंधन टूटने के बाद पहली बार मुलाकात में किसी तरह की तल्खी नहीं देखी गई थी, जो आमतौर पर गठबंधन टूटने पर दिखाई देता है। तेजस्वी यादव भी विधानसभा में फ्लोर टेस्ट के दौरान नीतीश कुमार को बहुत तीखा हमला नहीं किया था। उन्होने कहा था कि नीतीश कुमार हमारे अभिभावक है और रहेंगे, उन्होने इशारे इशारे में कहा था कि अगर कोई दिक्कत होगी तो हम है।

आंदोलन वजह- आंसू गैस से दम घुटना, पंजाब में दुकानें बंद, हाईवे ब्लॉक, हरियाणा में टोल-फ्री

किसान आंदोलन- चौथा दिन, जीआरपी के एसआर्इ की जान गई

अंबाला, एजेंसी। पंजाब के किसानों के दिल्ली कूच का चौथा दिन है। अंबाला में एक तैनात GRP के रक्खीरालाल की मौत हो गई। इसकी वजह आंसू गैस के गोले से दम घुटना बताई जा रही है। संयुक्त किसान मोर्चा और मजदूर संघ ने आज ग्रामीण भारत बंद बुलाया है। इसमें गांवों में दुकानें बंद करने और किसानों के खेतों में काम न करने को कहा गया है। हरियाणा, पंजाब और हिमाचल में बाजार बंद हैं। रोडवेज की बसें नहीं चल रही हैं। राजस्थान में हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बंद का असर है। BKU (चढूनी) के कार्यकर्ताओं ने हरियाणा के कई टोल नाकों को 3 घंटे के लिए फ्री कराया। वहीं, गुरुवार 15 फरवरी को चंडीगढ़ में किसान नेताओं और केंद्रीय

मंत्रियों के बीच तीसरे दौर की बातचीत भी बेनतीजा रही। बैठक देर रात में करीब साढ़े 5 घंटे चली। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने एमएसपी पर कानून बनाने के लिए कमेटी बनाने का प्रस्ताव दिया, जिसमें किसान और सरकार दोनों के प्रतिनिधि होंगे। किसान नेता एमएसपी गारंटी पर अड़े रहे। मीटिंग में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल, नित्यानंद राय के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान भी मौजूद रहे। अब रविवार 18 फरवरी शाम 6 बजे फिर से बैठक होगी। तब तक दोनों पक्षों ने शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया है। पंजाब के फाजिल्का में भारत बंद का असर देखने को मिला। किसानों के समर्थन में दुकानें नहीं खुलीं। किसान संगठनों ने फिरोजपुर हाईवे के ओवरब्रिज पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

सरकार और किसान नेताओं के बीच बातचीत बेनतीजा, अगली बैठक रविवार को

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसान नेताओं और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच तीसरे दौर की वार्ता बृहस्पतिवार देर रात बेनतीजा रही और अब दोनों पक्षों के बीच अगले दौर की बैठक 18 फरवरी को होगी। इसबीच किसानों ने पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर डटे रहने का निर्णय किया है। किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच बृहस्पतिवार रात करीब 8:45 बजे बैठक शुरू हुई और पांच घंटे तक जारी रही लेकिन इसमें दोनों पक्षों के बीच कोई सहमति नहीं बनी। दोनों पक्षों के बीच अब चौथे दौर की वार्ता 18 फरवरी को होगी। इससे पहले आठ और 12 फरवरी को बातचीत हुई थी जो बेनतीजा रही। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार और किसान नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में बैठक हुई और सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि अब बैठक रविवार शाम छह बजे होगी। मुंडा ने कहा, हम साथ बैठ कर कोई हल निकाल लेंगे।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, शनिवार, 17 फरवरी, 2024

भागवत ने घटकेसर में संघ द्वारा आयोजित स्वर झरी नामक एक संगीत कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें ऑस्कर विजेता संगीत निर्देशक एमएम कीरावनी विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम में 13 से 66 वर्ष के आयु वर्ग के 81 संघ सदस्यों ने विभिन्न संगीत वाद्ययंत्र बजाए। भागवत को शो का आनंद लेते हुए देखा गया।– **राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत**

बिहार कि सियासत में सस्पेंस हमेशा बना ही रहता है। खासकर जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ममला हो तब। दरअसल आज राजद सुप्रीमो लालू यादव मीडिया से टकरा गए और उनसे ऐसा सवाल पूछा गया कि वह बेहद सधे अंदाज में जवाब दे गए। जवाब देते समय लालू प्रसाद यादव बेहद खुश नजर आ रहे थे। उन्होंने पत्रकारों को बेहद शांत भाव में जवाब दिया।

- राजद सुप्रीमो लालू यादव

मुजफ्फरनगर में दिल्ली देहरादून हाईवे पर बागोवाली चौराहा के निकट चल रहे धरना प्रदर्शन में पहुंच गए हैं। राकेश टिकैत ने आते ही हाइवे पर एक तरफ जाम लगवा दिया। एक सवाल के जवाब में राकेश टिकैत ने कहा कि दिल्ली किसानों से दूर नहीं है।

-भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत

अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के आरडीएसओ स्टेडियम में हुए समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर अपनी बात रखी। सीएम योगी ने कहा कि मुझे यह कहने में संकोच नहीं है की हम यूपी का चुनाव लॉ एंड ऑर्डर पर जीतने में सफल हुए हैं। सीएम योगी ने यूपी पुलिस की तारीफ की।

-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

आखिर क्या मजबूरी है एक साल में 3 के बजाए 5 भारत रत्न देने की !

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस चुनावी साल में 3 के बजाए 5 हस्तियों को भारत रत्न देने की घोषणा कर नए विवाद को जन्म दे दिया है क्योंकि नियमानुसार एक वर्ष में केवल 3 व्यक्तियों को ही भारत रत्न दिया जा सकता है। ऐसे में एक वर्ष में 5 व्यक्तियों को भारत रत्न की घोषणा से सवाल उठने लगें है। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। जिसकी सन 1954 में भारत रत्न सम्मान देने की शुरूआत हुई थी। गृह मंत्रालय के अनुसार वार्षिक भारत रत्न पुरस्कारों की संख्या एक वर्ष में अधिकतम तीन तक सीमित है। जबकि मोदी सरकार ने इस साल 5 लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा की है। जिनमे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव, भारत के हरित क्रांति के जनक कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन, दिग्गज भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर शामिल है।

बिग न्यूज

डॉ श्रीगोपाल नारसन
(लेखक एक विधिवेत्ता व वरिष्ठ पत्रकार है)

इस तरह यह पहली बार हुआ है कि जब एक ही साल में पांच लोगों को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का निर्णय लिया गया है, वह भी नियमो के विरुद्ध जाकर यह घोषणा की गई। आखिर क्या मजबूरी थी एक साल में 3 के बजाए 5 भारत रत्न देने की घोषणा करने की। क्या यह घोषणा चुनाव में लाभ लेने का एक प्रयास है या फिर देश की इन हस्तियों के प्रति सम्मान उदारता। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, इस सम्मान के लिए सभी भारतीय जाति, पेशे, पद और लिंग के भेदभाव के बिना पात्र हैं। किसी भी क्षेत्र में किए गए सर्वोत्तम कार्य के सम्मान के लिए भारत रत्न दिया जाता है। भारत रत्न के लिए सिफारिश प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को की जाती है। इसके लिए कोई औपचारिक सिफारिश आवश्यक नहीं है। इस पुरस्कार के प्रदान किए जाने के समय प्राप्तकर्ता को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाणपत्र और एक प्रतीक चिह्न दिया जाता है। इस पुरस्कार में कोई धन नहीं दिया जाता। संविधान के अनुच्छेद 18(1) के अनुसार इस पुरस्कार को प्राप्तकर्ता के नाम के आगे या पीछे भारत रत्न सम्मान उल्लिखित नहीं किया जा सकता। यदि कोई पुरस्कार प्राप्तकर्ता आवश्यक समझता है तो वह अपने जीवनवृत, लैटर हैड शीर्ष या विजिटिंग कार्ड इत्यादि में इसका उल्लेख कर सकता है। यानि यह सम्मान प्राप्तकर्ता राष्ट्रपति द्वारा भारत रत्न से सम्मानित या भारत-रत्न प्राप्तकर्ता शब्दो का प्रयोग कर सकते हैं। इस वर्ष सन 2024 से पहले तक कुल 48 लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। सन 1999 में भी अटल बिहारी सरकार के समय चार लोगों को भारत रत्न दिया गया था। इनमें जयप्रकाश नारायण (मरणोपरांत), प्रोफेसर अमर्त्य सेन, गोपीनाथ बोरदोलोई (मरणोपरांत) और पंडित रवि शंकर का नाम शामिल था। लेकिन यह पहली बार है कि जब एक साल में पांच लोगों को देश का सर्वोच्च सम्मान दिए जाने का एलान किया गया है। एक साल में 5 लोगों को भारत रत्न देने पर सवाल भी उठ रहे हैं। सबसे पहला भारत रत्न सम्मान स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन और वैज्ञानिक डॉक्टर चंद्रशेखर वेंकट रमन को सन 1954 में दिया गया था। वही सन 1956, 1959, 1960, 1964, 1965, 1967, 1968-70, 1972-74, 1977-79, 1981, 1982, 1984-86, 1993-96, 2000, 2002-08, 2010-13, 2020-22 और 2023 में भारत रत्न का सम्मान किसी को नहीं दिया गया। सन 1999 में जब देश में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी, उस समय भारत में एक साल में सबसे ज्यादा भारत रत्न दिए गए थे। उस साल तीन नहीं, बल्कि चार बड़ी हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। भारत रत्न पुरस्कार उन लोगों के लिए राष्ट्रीय मान्यता के प्रतीक के रूप में कार्य करता है जिन्होंने देश की प्रगति और कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस सम्मान के लिए व्यक्ति को भारत का नागरिक होना चाहिए और उसने कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल सहित किसी भी क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया हो। इसकी सिफारिश प्रधानमंत्री को भेजी जाती हैं, जो उन्हें अनुमोदन के लिए राष्ट्रपति के पास भेजते हैं। अभी तक जिन महानुभाव को भारत रत्न मिला है उनमें सी. राजगोपालाचारी (1954,)डॉ. एस. राधाकृष्णन (1954), डॉ सीवी रमन (1954) डॉ भगवान दास (1955), डॉ. एम. विश्वेश्वरैया (1955), पं. जवाहरलाल नेहरू (1955) पं. जीबी पंत (1957), डॉ. धोंडो केशव कर्वे (1958), डॉ बी सी रॉय (1961), पुरूषोत्तम दास टंडन (1961) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (1962), डॉ जाकिर हुसैन (1963), डॉ. पांडुरंग वामन काणे (1963) लाल बहादुर शास्त्री (मरणोपरांत) (1966), इंदिरा गांधी (1971) वीवी गिरी (1975), के. कामराज (मरणोपरांत)(1976), मदर टेरेसा (1980), आचार्य विनोबा भावे (मरणोपरांत) (1983), खान अब्दुल गफ्फार खान (1987), मरुदुर गोपालन रामचन्द्रन (मरणोपरांत) (1988), बीआर अंबेडकर (मरणोपरांत) (1990), नेल्सन मंडेला (1990), राजीव गांधी (मरणोपरांत)(1991), सरदार वल्लभभाई पटेल (मरणोपरांत) (1991), मोरारजी देसाई (1991), मौलाना अबुल कलाम आजाद (मरणोपरांत) (1992), जेआरडी टाटा (1992), सत्यजीत रे (1992), गुलजारीलाल नंदा (1997), अरुणा आसिफ अली (मरणोपरांत)(1997) डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम (1997), एमएस सुब्बुलक्ष्मी (1998), चिदम्बरम सुब्रमण्यम (1998), जयप्रकाश नारायण (मरणोपरांत) (1999), प्रोफेसर अमर्त्य सेन (1999), लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई (मरणोपरांत) (1999), पं. रविशंकर (1999), लता मंगेशकर (2001), उस्ताद बिस्मिल्लाह खान (2001), पं. भीमसेन जोशी (2009), , प्रो. सीएनआर राव (2014), सचिन तेंदुलकर (2014), पं. मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) (2015), अटल बिहारी वाजपेई (2015) शामिल है। भारत के प्रधान मंत्री पुरस्कार समिति की सलाह पर इस पुरस्कार का निर्णय लेते हैं। समिति में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, गृह मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं।

चंदे के धंधे पर लगी सुप्रीम रोक

» रमेश सर्राफ धमोरा

लोकतंत्र

सुप्रीम कोर्ट ने आज एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है। बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं।

अपने फैसले में चीफ जस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजो की बेंच ने तीन दिनों तक लगातार सुनवाई करने के बाद 2 नवंबर 2023 को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

याचिकाकताओं में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), कांग्रेस नेता दया ठाकुर और माकपा शामिल है। याचिकाकताओं ने केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुये इन सभी ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है।

तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था। इस योजना को उसी समय चुनौती दी गई थी। लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया था कि वह 30 मई 2019 तक एक लिफाफे में चुनावी बांड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि कोर्ट ने उस समय इस योजना पर रोक नहीं लगाई थी। बाद में दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिंताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था। इस पर चुनाव आयोग ने भी अपनी नकारात्मक राय दी थी। चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29(बी)का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के पहले केंद्र सरकार ने 5 फरवरी को लोकसभा को बताया था कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के माध्यम से 30 किश्तों में 16, 518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड बेचे गए हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि भारतीय स्टेट बैंक से खरीदे गए चुनावी बांड (चरण 01 से चरण 30) का कुल मूल्य लगभग 16, 518 करोड़ रुपये है। चौधरी ने कहा था कि केंद्र ने पहले 25 चरणों के लिए चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए एसबीआई को 8 .57 करोड़ रुपये का कमीशन दिया है। इसके अलावा इसने अब तक सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) को 1.90 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। चौधरी ने बताया था कि केंद्र सरकार ने 2 जनवरी 2018 को चुनावी बॉन्ड योजना को अधिसूचित किया था। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि स्वच्छ कर भुगतान किया गया पैसा उचित बैंकिंग चैनल के माध्यम से राजनीतिक फंडिंग की प्रणाली में आये।

इलेक्टोरल बांड : बड़ी अदालत का बड़ा फैसला.....

आप देखेंगे कि बड़ी अदालत का फैसला आने से पहले ही सत्तारूढ़ दल अपना खेला यानि खेल कर चुके है। उन्हें इन बांड्स के जरिये जो कमाना था सो कमा लिय। इसी वजह से 2024 का चुनाव भी इतना मंहगा होगा कि कांग्रेस समेत कोई दूसरा दल भाजपा के मुकाबले खड़ा ही नहीं हो पायेगा। भाजपा को हारने का सपना देखने वालों को भाजपा की मालिई हालत का अनुमान ही नहीं है। देश के किसान हों, मजदूर हों या और कोई वर्ग भाजपा का बाल बांका भी नहीं कर सकते। आज भाजपा दुनिया कि न हो लेकिन देश कोई तो सबसे मालदार पार्टी है। इस मालदार पार्टी के पास माल भी है और मालामाल करने वाले राम का नाम भी। लोकतंत्र इन दोनों से बचकर आखिर जाएगा कहाँ ? अब जनता के ऊपर है कि वो नीम बेहोशी से बाहर आये और मान ले कि बीते दस साल में देश में संवैधानिक से ज्यादा असंवैधानिक काम हुए हैं। सरकार ने अपना और अपनी पार्टी का पेट भरा है।



घोषणा

राकेश अचल
(स्वतंत्र लेखक)

राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए बेचे जाने वाले इलेक्टोरल बांड को यदि देश की सबसे बड़ी अदालत असंवैधानिक करार न देती तो हालांकि आसमान नहीं टूटता लेकिन न्यायपालिका के प्रति लगातार घटता विश्वास और कम हो जाता। बड़ी अदालत का ये फैसला अप्रत्याशित ही नहीं बल्कि लगातार कमजोर हो रहे लोकतंत्र और प्रदूषित हो रही चुनाव प्रणाली के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ताजा हवा के झोंके की तरह है। बड़ी अदालत के फैसले से हालाँकि चुनावी चंदे के लेनदेन पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। सरकारें कोई दूसरा रास्ता निकाल लेंगीं, हाँ फिलहाल सत्तारूढ़ दल के ऊपर संविधान के खिलाफ काम करने के आरोपों की पुष्टि जरूर हो गयी है। आपको याद ही होगा कि देश में वर्ष 2014 में सत्तारूढ़ होने के तीन साल बाद 2017 में केंद्र की भाजपा सरकार ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम की घोषणा की थी। इस योजना को 29 जनवरी 2018 से कानूनी रूप से लागू कर दिया गया था। तब तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था कि इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम चुनावी चंदे में साफ-सुथरा धन लाने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए लाई गई है। लेकिन भाजपा और उसकी सरकार के मुंह में राम और बगल में छुरी थी, ये किसी को पता नहीं था। योजना के तहत ये इलेक्टोरल बांड स्टेट बैंक ऑफ ऑफ इंडिया की 29 ब्रांचों से अलग-अलग रकम के बॉन्ड जारी किए गए। इनकी रकम एक हजार रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक होती थी। इसे कोई भी खरीद सकता था और अपनी पसंद की पार्टी को दान दे सकता था। योजना के तहत, इलेक्टोरल बॉन्ड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में जारी किये गए. हालांकि, इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा उन्हीं राजनीतिक पार्टियों को दिया जा सकता था, जिन्हें लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कम से कम एक फीसदी वोट मिले हों।

राजनीतिक दलों को अनैतिक तरीके से कमाई का जरिया बने इस बांड का सबसे ज्यादा लाभ सत्तारूढ़ दल भाजपा को मिला, लेकिन विपक्षी दलों ने भी इस बंद के जरिये चुनावी चन्दा लेने से गुरेज नहीं किया। बात तो तब होती जब दूसरे दल इस चंदे का बहिष्कार करते, किन्तु सभी राजनीतिक दल चोर-चोर मौसेरे भाई निकले। किसी को कम, किसी को ज्यादा चन्दा इस बांड के जरिये मिला। दुर्भाग्य ये कि इस असंवैधानिक बांड को असंवैधानिक घोषित करने में सात साल लग गए। इस अवधि में जिसे जो कमाना था उसने उतना कमा लिया। अदालत के फैसले के बाद ये हजम किया गया चन्दा राजनितिक दलों से उगलवाया नहीं जा सकता। इस फैसले से सिर्फ चन्दाखोर राजनीतिक दलों को बेनकाब किया जा सकता है। इसलिए मुझे ये फैसला ताजा हवा का झोंका लगते हुए भी आधा-अधूरा लगता है।

मुमकिन है कि बड़ी अदालत के फैसले के बाद 13 मार्च को चुनाव आयोग अपनी वेब साइट पर इलेक्टोरल बांड से राजनीतिक दलों द्वारा कमाए गए चुनावी चंदे के आंकड़े जाहिर कर दे, लेकिन फिलहाल आपको बता दें कि इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता को चुनौती देने वालों में एक संस्था एडीआर का दावा है कि मार्च 2018 से जनवरी 2024 के बीच राजनीतिक पार्टियों को चुनावी बॉन्ड के जरिए 16, 492 करोड़ रुपये से ज्यादा का चंदा मिला है। चुनाव आयोग में दाखिल 2022-23 के लिए ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार के मुताबिक, बीजेपी को 1, 294 करोड़ रुपये से ज्यादा का चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए मिला, जबकि, उसकी कुल कमाई 2, 360 करोड़ रुपये रही. यानी, भाजपा की कुल कमाई में 40 फीसदी हिस्सा इलेक्टोरल बॉन्ड का रहा। जाहिर है कि ये चुनावी बांड आम आदमी ने न खरीदे होंगे और न राजनीतिक दलों के खजाने में जमा कराये होंगे। ये बांड खरीदने वाले निश्चित रूप से वे औद्योगिक घराने होंगे जिनके इशारे पर सरकार कठपुतली की तरह नाचती दिखाई देती है। ये कौन लोग हो सकते हैं इनके बारे में विपक्षी दल लगातार अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। जनता भी इनके बारे में ज्यादा सोचती-समझती नहीं है। उसके लिए तो कोऊ नृप होय, हमने का हानि वाली कहावत ही लागू होती है। इस काले चंदे से सत्तारूढ़ दल ने पहली बार अपनी पार्टी के संगठनात्मक ढाँचे को मजबूत किय। देश के आधे से ज्यादा जिलों में पार्टी के लिए पांच सितारा कार्यालय बनाये। लेकिन किसी ने चूं तक नहीं की, बल्कि रामनामी ओढ़कर जनता को लगातार चूना लगाने वालों को जनता का लगातार समर्थन मिला। देश की धर्मभीरु और अंधभक्त जनता नहीं जानना चाहती कि इलेक्टोरल बॉन्ड से सबसे ज्यादा फायदा सत्ताधारी पार्टी को होता है और वो इसका अनुचित फायदा उठाती है। याचिकाकर्ता एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 2017-18 से 2021-22 के बीच भाजपा को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए 5, 271 करोड़ रुपये का चंदा मिला. सबसे ज्यादा चंदा उसे 2019-20 में मिला था। वो चुनावी साल था और तब बीजेपी को 2, 555 करोड़ रुपये का चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड से आया था। इसी काले चंदे कि बदौलत देश में पहली बार आजादी के बाद का सबसे मंहगा चुनाव लड़ा गया। इतना मंहगा कि अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हुए खर्च को भी पीछे छोड़ दिया गया।

चुनावों के लिए सरकारी वित्तपोषण पर बहस फिर से शुरू करने का समय

» के. रवीन्द्रन

चुनाव

सत्ताधारी पार्टी को बेरोकटोक राजनीतिक फंडिंग की सुविधा देने के लिए आलोचना की गई और चुनावी बांड योजना तेजी से जांच के दायरे में आ गई है। भाजपा ने इस योजना से अधिकांश धन प्राप्त किया है, जबकि मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी सहित अन्य पार्टियों को कुल राशि का केवल दसवां हिस्सा ही मिला है। अनुपातहीन धन शक्ति ने सत्ताधारी पार्टी को विपक्षी शासित राज्यों के खिलाफ कुछ सबसे विचित्र अस्थिरता उत्पन्न करने की योजनाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

आपत्तिजनक चुनावी बांड योजना के माध्यम से सत्तारूढ़ दल को बेरोकटोक राजनीतिक फंडिंग के कड़वे परिणामों को ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि देश में चुनावों के लिए राज्य फंडिंग की अवधारणा पर वापस जाने का समय आ गया है, अगर देश में लोकतंत्र को जीवित रखना है तो, विशेषकर इसलिए क्योंकि चुनावी बांड योजना के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में तोड़फोड़ हो रही है।

ऐसा करने के लिए शायद यह सबसे उपयुक्तसमय है, क्योंकि भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक संवैधानिक पीठ चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर फैसला करने के लिए तैयार है। यह अलग बात है कि फैसले में देरी, जिसे अदालत ने पिछले साल नवंबर में सुरक्षित रख लिया था, ने निस्संदेह लोकतंत्र समर्थक कार्यकताओं और उत्साही लोगों को निराश किया है। फिर भी सर्वोच्च न्यायालय एक सार्थक हस्तक्षेप करके संशोधन कर सकता है और अधिक न्यायसंगत और निष्पक्ष व्यवस्था का सुझाव देकर चीजों को सही कर सकता है। ऐसा करने में, अदालत को वर्तमान याचिकाओं के दायरे से परे जाना पड़ सकता है, लेकिन इस तरह का दृष्टिकोण देश में लोकतंत्र को संरक्षित करने में काफी मदद करेगा, जो अन्यथा खतरे में है।

सत्ताधारी पार्टी को बेरोकटोक राजनीतिक फंडिंग की सुविधा देने के लिए आलोचना की गई और चुनावी बांड योजना तेजी से जांच के दायरे में आ गई है। भाजपा ने इस योजना से अधिकांश धन प्राप्त किया है, जबकि मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी सहित अन्य पार्टियों को कुल राशि का केवल दसवां हिस्सा ही मिला है। अनुपातहीन धन शक्ति ने सत्ताधारी पार्टी को विपक्षी शासित राज्यों के खिलाफ कुछ सबसे विचित्र अस्थिरता उत्पन्न करने की योजनाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है, जो वैध रूप से निर्वाचित सरकारों को हटाने और स्पष्ट दलबदल की मदद से अपने स्वयं के कठपुतली संगठनों की स्थापना में प्रकट हुई है। कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार ऐसे ही भाजपा की विध्वंसक राजनीति के सबसे खराब व्यंग्यचित्र के रूप में सामने आते हैं।

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्यों की जांच करते हुए, 1998 की इंद्रजीत गुप्ता समिति की रिपोर्ट और 1999 की भारतीय विधि आयोग की रिपोर्ट की सिफारिशें, दोनों चुनावों के लिए पूर्ण राज्य वित्त पोषण की वकालत करती हैं, जो इस बहस की दीर्घकालिक प्रकृति को रेखांकित करती हैं। इंद्रजीत गुप्ता समिति ने राज्य के वित्त पोषण की दो सीमाओं की सिफारिश की: पहला, राज्य का धन केवल राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों को आवंटित किया जाना चाहिए, न कि स्वतंत्र उम्मीदवारों को। दूसरे, अल्पावधि में राज्य वित्त पोषण केवल मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों को कुछ सुविधाओं के रूप में दिया जाना चाहिए। समिति ने कहा कि रिपोर्ट की तैयारी के समय, देश की आर्थिक स्थिति चुनावों के लिए केवल आंशिक राज्य वित्त पोषण के अनुकूल थी, न कि पूर्ण वित्तपोषण के। 1999 की विधि आयोग की रिपोर्ट मोटे तौर पर इंद्रजीत गुप्ता पैनल की रिपोर्ट से सहमत थी और इस बात पर जोर दिया गया था कि चुनावों के लिए कुल राज्य वित्त पोषण तब तक वांछनीय था जब तक राजनीतिक दलों को अन्य स्रोतों से धन लेने से प्रतिबंधित रखा गया हो।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्या : 49329/1989, स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश वत्स ने पब्लिक एशिया E-33, सेक्टर-7 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित कराया व 302, III फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली 96 से प्रकाशित किया है। संपादकीय कार्यालय : 302 III फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली-96। मुख्य कार्यालय पब्लिक एशिया हाउस 686 जी, न्याय खंड-2, इन्दरापुरम, गाजियाबाद (उ.प्र.), Mob. 9891945513, Web-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasia1989@gmail.com

मुख्य समाचार

जाहिद हुसैन चैयरमेन हजारों कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रेवाड़ी रैली के लिए हुए रवाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर मेवात के लोगों में भारी उत्साह : जाहिद हुसैन

जुबैर खान , पब्लिक एशिया

नूंह » नूंह की नई अनाज मंडी में शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता जाहिद चैयरमेन व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल के नेतृत्व में नूंह विधानसभा से सैंकड़ों बसों व सैंकडों गाडियों के काफिले के साथ हजारों कार्यकर्ता रेवाड़ी जिले के माजरा भालखी में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली के लिए रवाना हुए। आज प्रधानमंत्री द्वारा रेवाड़ी जिले में देश के 22 वें एम्स का शिलान्यास किया जाएगा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। रेवाड़ी एम्स से दक्षिण हरियाणा व खासतौर पर मेवात क्षेत्र को बड़ा फायदा होगा। मेवात क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में मोदी प्रति भारी जोश व उत्साह देखने को मिला। भाजपा के वरिष्ठ नेता जाहिद हुसैन ने कहा कि रेवाड़ी रैली में मेवात क्षेत्र से करीब 15 हजार मेवातवासियों ने बढ़ चढकर भाग लिया है तथा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद व आभार जताएंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा के सांसद राव इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारों ने मेवात क्षेत्र को विकास व रोजगार के दिलाने में बहुत तेजी से गति दी है। अति पिछड़ा मेवात क्षेत्र आज विकास में बहुत तेजी से नई ऊंचाईयों को छू रहा है और यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व यशस्वी मुख्यमंत्री की ईमानदारी व अच्छी सोच की बदौलत संभव हो पाया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा के वरिष्ठ नेता जाहिद चैयरमेन ने कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है। मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व में एक अलग ही पहचान बनाई है। आज हमें जरूरत है कि हम भाजपा के साथ चलें एक बार फिर से भारी बहुमत से मोदी सरकार बनाएँ। उन्होंने कहा कि मोदी व मनोहर लाल के नेतृत्व में मेवात क्षेत्र का लगातार विकास हो रहा है। आज मेवातवासियों के लिए बहुत खुशी का दिन है क्योंकि रेवाड़ी में एम्स बनने से मेवात क्षेत्र को बहुत लाभ होगा। इस अवसर पर मनीष जैन, खुर्शीद राजाका ,नरेंद्र शर्मा, औरंगज़ेब, हारून कुलडेरा, नदीम सलंबा, नसीम सरपंच, हाकमुद्दीन ,नियामत ठेकेदार, इरफान ,असगर, उमर सहित काफी लोग मौजूद रहे

चार-दिवसीय आर्कएक्स प्रदर्शनी परेड ग्राउंड सेक्टर 17 में धूमधाम से शुरू

प्रदर्शनी में दिखे इंटीरियर व बिल्डिंग मैटीरियल के नवीनतम उत्पाद

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़ » चार-दिवसीय आर्कएक्स एक्सपो आज सेक्टर 17 के परेड ग्राउंड में धूमधाम से शुरू हो गया। इसमें इंटीरियर, एक्सटीरियर और बिल्डिंग मैटिरियल के नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। आज इस एक्सपो का उद्घाटन मुख्य अतिथि ए.आर शिव दत्त शर्मा ने रिबन काट कर किया। पहले ही दिन लोग बड़ी संख्या में एक्सपो में पहुंचे, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। एक्सपो के पहले ही दिन चंडीगढ़ के साथ साथ बाहर के लोगों ने भी परदर्शनी में शिरकत की। इस प्रदर्शनी के बारे में बताते हुए माइंड्स मीडिया मैनेजमेंट एंड प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर्स इंदर ढींगडा, मनजीत सिंह, राकेश सिंह और बी एस राणा ने कहा कि प्रदर्शनी में 200 से अधिक स्टालों पर 3000 के करीब नए उत्पाद प्रदर्शित किए गए। उल्लेखनीय है कि इस एक्सपो में देश-विदेश की जानी-मानी कंपनियां भाग ले रही हैं। एक्सपो के उद्घाटन मौके माइंड्स मीडिया एंड मैनेजमेंट के डायरेक्टर्स इंदर धींगड़ा, मनजीत सिंह, राकेश सिंह और बी एस राणा ने कहा कि जो लोग अपने सपनों का घर बनाने की तैयारी में हैं और लेटेस्ट ट्रेंड व उत्पादों से वाकिफ होना चाहते हैं, उनके लिए यह प्रदर्शनी बहुत उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी में शहर के प्रमुख उद्यमी और देश भर के जाने माने आर्किटेक्ट भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में शोकेस होने वाले उत्पादों व श्रेणियों में डेकोरेटिव लाइटिंग, बाथ, सेनेटरी, टाइल, सेफ्टी, सिक्योरिटी, होम, ऑटोमेशन , किचन, फर्नीचर, डोर, विंडो, एलीवेटर्स, इलेक्ट्रिकल, वायर, केबल, वाटर मैनेजमेंट, रूफिंग, हार्डवेयर, बिल्डिंग मैटीरियल, ग्लास, प्लंबिंग, पाइप, फिटिंग, सोलर सिस्टम, लैंडस्केप, गार्डन, फ्लोरिंग आदि प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के अंतिम दिन अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों के इनोवेटिव स्टाल्स को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके मनमोहन खन्ना चेयरमैन आई आई ऐ चंडीगढ़ चैप्टर, जगजीत सिंह अध्यक्ष सीआरईडीएआई पंजाब, बलजीत सिंह अध्यक्ष मोहाली इंडस्ट्री एसोसिएशन, सुरेंदर बाहगा अध्यक्ष एफ एस ए आई चंडीगढ़ चैप्टर, गुरविंदर सिंह सचदेवा अध्यक्ष पंजाब सेनेटरी व पाइप ट्रेडर एसोसिएशन, गुरमीत सिंह कुलार अध्यक्ष एफआईसओ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीयल व कमर्शियल एसोसिएशन लुधियाना और तरलोचन सिंह अध्यक्ष एसोसिएशन ऑफ लुधियाना मशीन टूल इंडस्ट्री (एएलएमटीआई) भी शामिल हुए।

जालंधर में आधा किलोग्राम चरस सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

जालंधर » पंजाब के जालंधर में पुलिस ने आधा किलोग्राम चरस सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि शहर में चरस का कारोबार करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने शहर के बीएमसी चौक के पास जाल बिछाया। श्री शर्मा ने बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस पार्टी को बीएमसी चौक पेट्रोल पंप की तरफ से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने हाथ में पॉलिथीन बैग लेकर जा रहे युवक को चेकिंग के लिये रुकने को कहा। उन्होंने बताया कि उक्त युवक भागने लगा जिसके बाद पुलिस पार्टी ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। -एजेंसी

ग्रामीण भारत बंद का पंजाब हरियाणा में असर

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जल्दी समाधान की उम्मीद, मुकदमे वापस लेने पर बनी सहमति

नईम खान, पब्लिक एशिया

चंडीगढ़ » ।किसान संगठनों द्वारा अपनी बारह सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को आहूत ग्रामीण भारत बंद का पंजाब में ज्यादा असर दिखाई दिया। हालांकि हरियाणा में भी बंद का असर रहा। इससे पहले गुरुवार देर रात तक केंद्र सरकार के तीन मंत्रियों और किसान नेताओ के बीच चली वार्ता में मुकदमे वापस लेने के साथ लखीमपुर के पीड़ितों को मुआवजा देने पट सहमति बनी।अब चौथे दौर की वार्ता रविवार को होगी।वार्ता में केंद्र सरकार के कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा,वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और नित्यानंद राय शामिल है।अर्जुन मुंडा ने कहा कि वार्ता अच्छी रही। किसानो के मुद्दो के समाधान के प्रयास जारी है।वार्ता में शामिल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसानो के साथ एकजुटता प्रकट करते हुए कहा कि कुछ मुद्दो पर सहमति बनी है और शेष पर भी जल्दी ही सहमति बनेगी।

उधर किसानो ने रविवार तक दिल्ली कूच स्थगित रखा है। किसान हरियाणा और पंजाब के बीच शंभू बॉर्डर पर डटे हुए है। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के किसानों के साथ एकजुटता बुक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में देश के अनाज उत्पादकों के साथ मज़बूती से खड़ी है। केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंड़ा, पीयूष गोयल और नित्यानन्द के साथ किसानों की मीटिंग में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में घटी घटनाएँ दुर्भाग्यपूर्ण थीं और इनको टाला जा सकता था। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी किसानों पर हमला करने के लिए ड्रोन का प्रयोग असहनीय है और राज्य सरकार पहले ही इसका विरोध कर चुकी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनके निर्देशों के बाद पटियाला के डिप्टी कमिश्नर ने अम्बाला के डिप्टी कमिश्नर के समक्ष यह मुद्दा ज़ोरदार ढंग से उठाया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के तीन जिलों में इन्टरनेट सेवाएं निरस्त कर दी गई हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन दिनों परीक्षाएं चल रही हैं और ऑनलाइन पढ़ाई की जा रही है, परन्तु इन्टरनेट सेवाओं को निरस्त करना अति-निंदनीय है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह नहीं चाहते कि राज्य का कोई भी नौजवान वॉटर केनन या आँसू गैस के गोले के आगे खड़ा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंजाब के किसानों द्वारा उठाई जा रही माँगों का पूरा समर्थन करती है। उन्होंने दोहराया कि पंजाब को भारत से अलग करने के लिए हरियाणा के साथ लगती राज्य की सरहदों पर कँटीली तार लगाना जायज़ नहीं है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य के किसानों के साथ इस तरह का सौतेली माँ वाला सलूक ग़ैर-वाज़िब और अति-निंदनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी पक्ष उनको भाजपा की 'बी' टीम बताता है परन्तु वास्तव में 'आप' किसानों की 'ए' टीम है। हरियाणा द्वारा पंजाब किसान आंदोलन को प्रायोजित करने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि किसानों के शांत प्रदर्शन को रोकने के लिए राज्य में कर्फ्यू नहीं लगाया जा सकता बल्कि किसानों की जायज़ माँगों का हल किया जाना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह कुर्सियों की ख़ातिर राजनीति में नहीं हैं और न ही राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की अफ़वाहों या धमकियों से हम डरते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह किसानों के हिमायती हैं और मीटिंग में केवल इसलिए हिस्सा ले रहे हैं क्योंकि यह अनाज उत्पादकों की इच्छा थी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह पूरी स्थिति पर निजी तौर पर नजऱ रख रहे हैं और राज्य के सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि अब तक 54 किसान गंभीर रूप से जख़्मी हो चुके हैं और राज्य सरकार उनको मुफ़्त इलाज उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों को बताया कि राज्य के मेहनती किसानों ने देश को अनाज उत्पादन में आत्म-निर्भर बनाया है। उन्होंने कहा कि इसलिए किसानों ने राज्य की उपजाऊ मिट्टी और पानी के रूप में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का भी शोषण किया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस कारण राज्य भर के ज़्यादातर ब्लॉकों में पानी का स्तर डार्क ज़ोन में पहुँच गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की फ़सल राज्य की फ़सल नहीं है, बल्कि राज्य इसकी पैदावार राष्ट्रीय अन्न भंडार को भरने के लिए करता है। उन्होंने कहा कि फ़सली विविधता के रास्ते में कई चुनौतियाँ हैं, जिसको हल किया जाना ज़रूरी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यदि केंद्र सरकार राज्य को आरडीएफ के अंतर्गत रोके गए फंड जारी करती है तो राज्य सरकार कृषि विविधता को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को मुआवज़ा दे सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की फ़सल प्रबंधन का मुद्दा हो या कोई अन्य मुद्दा, सब किसानों की आर्थिकता के साथ जुड़े हुए हैं। हालाँकि उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इसको हल करने की बजाय किसानों के असली मुद्दों को ठंडे बस्ते में डाल रही है जोकि ठीक नहीं है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार कृषि मसलों के प्रति उदासीन पहुँच अपना रही है जो देश के हित में नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ समाज विरोधी तत्व किसानों को भडक़ाने और जायदाद को नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसानों को उकसाता है तो राज्य सरकार उसके ख़िलाफ़ सख़्त कार्यवाही करेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस सम्बन्धी सी.सी. टी.वी. की फुटेज चैक की जायेगी और यदि कोई किसान इस सम्बन्धी बयान देना चाहता है तो उसे भी दर्ज करके आगे की कार्यवाही की जायेगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले दौर की मीटिंग रविवार शाम को होगी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग बिंदुओं पर सहमति बन गई है और अन्य अहम मुद्दों को जल्द ही हल कर लिया जायेगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह किसानों के साथ बातचीत करने के लिए केंद्र सरकार को पहले ही लेकर आए हैं और बातचीत के द्वारा ही इस मसले का हल किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के रखवाले होने के नाते वह धरने स्त्रह्य कारण समाज के किसी भी वर्ग को परेशान नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी तरह की आपूर्ति निर्विघ्न रूप से सुनिश्चित बनाई जाएंगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित बनाने के लिए कहा है कि हरियाणा सरकार राज्य के किसानों के साथ धक्केशाही न करे जो शांतमयी ढंग से अपना धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी ने सभी डिप्टी कमिश्नरों को दिया 70 पार' वोट प्रतिशत का लक्ष्य

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी. ने लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नरों-कम-जिला चुनाव अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रैंसिंग द्वारा बैठक कर 'इस बार 70 पार' वोट प्रतिशत का लक्ष्य दिया।

सिबिन सी. ने कहा कि सभी डिप्टी कमिश्नर 70 प्रतिशत से अधिक मतदान करवाने के लिए प्रयास तेज करें। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव के दौरान पंजाब की 13 लोकसभा सीटों में से जिन क्षेत्रों में वोट प्रतिशत कम था, उन क्षेत्रों को निशानदेही कर वहां वोट प्रतिशत बढ़ाने का काम किया जाए। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा भेजी गई प्रचार मोबाइल वैनों, जागरूकता अभियान और अन्य माध्यमों की मदद ली जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वोट प्रतिशत बढ़ाने की गतिविधियां और तेज की जाएं साथ ही लोगों को अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दिनों में प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की शिकायत का समाधान भारतीय चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिले समय-समय पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करें और उन्हें चुनाव आयोग के नियमों और निर्देशों की जानकारी दें, इससे शिकायतों में कमी आएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी ने डिप्टी कमिश्नरों से कहा कि वे जिले के महत्वपूर्ण लोगों के वोटों की जांच करें कि उनकी वोट बनी है या नहीं, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि चुनाव को उचित ढंग से करवाने के लिए 12 से 16 फरवरी तक पंजाब के सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (ए.आर.ओ.) को चंडीगढ़ और अमृतसर में प्रशिक्षण दिया गया है।

सिबिन सी. ने सभी डिप्टी कमिश्नरों-कम-जिला चुनाव अधिकारियों से लोकसभा चुनाव-2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने चुनाव से संबंधित सभी पहलुओं की समीक्षा की और डिप्टी कमिश्नरों से उनकी प्रतिक्रिया और राय ली। ज्यादातर डिप्टी कमिश्नरों ने कहा कि चुनाव की तैयारी पूरी है और जिन जिलों में कुछ कमी है, उसे जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी अभिजीत कपलिश और सी.ई.ओ. दफ्तर के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक-महम-हांसी सेक्शन पर 11 वर्षों के बाद ही सही, रेल सेवा की शुरुआत पर जताया संतोष

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक,» सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक-महम-हांसी सेक्शन पर 11 वर्षों के बाद ही सही, रेल सेवा शुरू होने पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने काफी भाग दौड़ करके इसको यूपीए सरकार में मंजूर कराया था। 28 जुलाई, 2013 को तत्कालीन रेल मंत्री व मौजूदा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने हांसी में रेल-रोड रैली करके इसका शिलान्यास कर काम शुरू कराया था। उन्होंने कहा कि रोहतक में आज के फंक्शन में शामिल होना चाहता था लेकिन अधिकारियों ने कहा कि मैं अपने विचार नहीं रख सकता, तो क्या मैं भाजपा नेताओं के भाषण पर सिर्फ ताली बजाने जाता।

उन्होंने बताया कि इस रेल लाइन को उन्होंने न सिर्फ मंजूर कराया, बजट मंजूर कराया बल्कि इसका शिलान्यास कराकर काम भी शुरू कराया। लेकिन, आज उसके उद्घाटन समारोह पर उन्हें ही बोलने से मना कर दिया गया तो ऐसा लगा कि सरकार उन्हें सिर्फ अपमानित करने के लिए बुला रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक-महम-हांसी परियोजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यूपीए सरकार से इस परियोजना को 09-नवम्बर-2011 को योजना आयोग से मंजूर कराया। 15-नवम्बर-2011 को कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने भूमि की पूरी लागत वहन करने की स्वीकृति दी। वर्ष 2012-13 के रेल बजट में केन्द्र सरकार से फाइनल मंजूरी के साथ 385 करोड़ रुपया आवंटित कराकर 28-जुलाई- 2013 को तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री श्री मल्लिकार्जुन खड़गे और तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने हांसी में रेल-रोड रैली करके रोहतक-महम-हांसी रेल परियोजना का शिलान्यास किया और प्रारम्भिक काम शुरु करा दिया था।

इस संबंध में कांग्रेस की तत्कालीन हुड्डा सरकार ने 07अक्टूबर-2013 एवं 20-दिसंबर-2013 को भूमि अधिग्रहण की धारा 4 तथा 26-जून-2014 को भूमि अधिग्रहण की धारा 6 के अन्तर्गत कार्रवाई शुरु कर दी थी। लेकिन, दिसंबर 2015 में मुख्यमंत्री जी ने इस परियोजना की फाइल गुम होने की बात कही। जिसके बाद मैंने डाक के माध्यम से परियोजना की पूरी फाइल तुरन्त मुख्यमंत्री जी को मुहैया कराई। 4 साल तक बिना बात के लंबित पड़ी इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाले जाने के विरोध में उन्होंने हांसी में और महम में धरना भी दिया था। केंद्र सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के परियोजना निगरानी प्रभाग द्वारा रोहतक-महम-हांसी रेलवे लाइन परियोजना के काम की ऑनलाइन कंप्यूटराइज्ड निगरानी प्रणाली (ह्लष्टस्स्) की समीक्षा रिपोर्ट से पता चला कि अनावश्यक देरी के चलते ही परियोजना की लागत में भारी उछाल आया। बेवजह देरी के चलते परियोजना की लागत 211. 31% बढ़कर ₹893.45 करोड़ हो गई। इसका कारण प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा तकनीकी कमियाँ रहीं। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हांसी से दिल्ली सीधी रेलवे लाइन शुरू होने के बाद यात्रियों को करीब 90 किलोमीटर तक का सफर कम करना पड़ेगा। साथ ही इससे करीब डेढ़ घंटे की भी बचत भी होगी। इस रेल परियोजना से न सिर्फ प्रदेश में कनेक्टिविटी को नई दिशा मिलेगी अपितु रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और लोगों का सफर आसान हो जाएगा।

किसानों को बदनाम करने का षड्यंत्र शुरू : सैलजा

चंडीगढ़, » कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्र सरकार ने एक बार फिर से किसानों को बदनाम करने का षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया है। सुश्री सैलजा ने शुक्रवार मीडिया को जारी बयान में कहा कि किसान अभी तक पंजाब-हरियाणा के बॉर्डर पर है। ये बॉर्डर दिल्ली की सीमाओं से करीब 200 किलोमीटर दूर हैं। इसके बावजूद भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने हरियाणा के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों को खोद दिया है। इन पर कीलें गाड़ी हैं, बैरिकेडिंग कर दी है।

तालीम का चिराग़ रोशन करने वाले खुर्शीद अहमद को खिराज ए अकीदत



नूंह » हरियाणा के कद्दावर नेता रहे चौधरी खुर्शीद अहमद की आज यौम ए वफात का दिन है, उन्हें इलाके के विकास के लिए याद किया जाता रहेगा। आज ही के दिन 2020 में कुछ दिन बीमार रहने के बाद उनका निधन हो गया था। नूंह से विधायक, प्रदेश में कैबिनेट मंत्री व देश की सबसे बड़ी पंचायत लोक सभा में फरीदाबाद का प्रतिनिधित्व करने वाले मरहूम खुर्शीद अहमद की कुशलता, बुद्धिमत्ता, नेक नियत व ईमानदारी पहचान थी। वो एक काबिल, स्वावलंबी, इलाके के लिए दर्द रखने वाले नेता थे, जिनसे काफ़ी नेताओं को राजनीति सीखने को मिली और ईमानदारी, वफादारी और जबान निभाने की सीख भी।

मरहूम चौधरी खुर्शीद अहमद के लिए कहा जा सकता है कि 'हज़ारों साल नर्गिस अपनी बे-नूरी पे रोती है, बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदा-वर पैदा'।

उनका जीवन पूरी तरह साफ़, बेदाग रहा, जिस कारण राजनीति में ऊंचा मुकाम भी हासिल किया, जनता का भी भरपूर प्यार उन्हें मिला। कठोर मेहनत उनकी फितरत रही, अपने छात्र जीवन में दिल्ली विश्वविध्यलय में प्रधान चुने जाने से लेकर लोक सभा में चुने जाना इसका सबूत था। वे हरियाणा प्रदेश की राजनीति में एक स्तंभ की तरह रहे। एक बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का ऑफर भी मिला लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया। महज 28 साल की उम्र में संयुक्त पंजाब असेंबली के लिए चुने जाने पर उन्होंने अपनी वाक्पटुता और सौम्य वक्तव्य शैली से तत्कालीन मुख्य मंत्री प्रताप सिंह कैरू पर गहरा प्रभाव छोड़ा था। विधायक व मंत्री के रूप में विधानसभा में उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए।

शिक्षा के लिए किए बड़े कार्य : फिरोजपुर नमक में उनके द्वारा स्थापित जेबीटी संस्थान प्रदेश का पहला जेबीटी संस्थान था। जिससे आज तक 7500 से अधिक छात्र छात्राएं शिक्षक का कोर्स पूरा कर चुके और 4500 से अधिक शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के साथ साथ, लड़कियों व उर्दू भाषा के लिए सीटें निर्धारित की गई। परियोजना मेवात की तालीम में एक मील का पत्थर साबित हुई है। हालांकि इसको स्थापित करने में मरहूम चौधरी खुर्शीद अहमद को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा था लेकिन आज उनका फल भी मिल रहा है मेवात के युवाओं की शिक्षा व रोजगार में भागीदारी बढ़ी है। मेवात में शिक्षा को लेकर ये उनकी फ़िक्र ही थी कि उन्होंने नगीना के बडकली चौक पर अपना निजी कॉलेज खोला जिसे बाद में सरकार को सौंप दिया था। इस कॉलेज से हज़ारों छात्र तालीम लेकर अलग अलग विभागों में सेवाएं दे रहे हैं।

(लेखक हरियाणा कांग्रेस विधायक दल के उप नेता, नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद हैं)

आज भी फिरोजपुर झिरका, नगीना, बडकली, पिनगवा, पुनहाना के लोगों के लिए ये तालीम का एकमात्र कॉलेज है।

तावडू में सरकारी कॉलेज बनाकर उन्होंने वहाँ के लोगों के लिए तालीम की वयवस्था करने का काम किया। वहीँ हथीन के उटावड गांव में बहु तकनीकी संस्थान बनवाकर तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने का बड़ा काम हुआ था। इस कॉलेज से अलग अलग शाखाओं में हजारों छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। कई आईटीआई उन्होंने मेवात को दी, स्कूल स्थापित कराए, मेवात के विकास के लिए उन्होंने एमडीए का गठन कराया जो मेवात को विकास के नए मकाम तक लेकर गया। हर खंड में इस संस्था के माध्यम से सबसे अच्छे स्कूल मेवात माडल के नाम से खोले गए। फरीदाबाद के गांव धौज में स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय की शुरुआत में स्थापना में उनका बहुत सहयोग रहा।

हरियाणा के साथ साथ स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के प्रति वो बेहद गंभीर थे, अपने मंत्रित्व काल में मेवात की सेहत के लिए मेवात में जगह जगह जैसे नूंह, सोहना, तावडू, फिरोजपुर झिरका, नगीना, पुनहाना, हथीन, पलवल में पीएचसी, सीएचसी केंद्र बनवाए ताकि लोगों को सही और सस्ता इलाज मिल सके, प्रदेश भर में पीएचसी सीएचसी बनवाए थे। फिरोजपुर झिरका के माण्डी खेड़ा स्थित अल आफिया अस्पताल बनवाने में उनकी भूमिका की जितनी सराहना की जाय वो कम है। किसानों के लिए वो हमेशा तत्पर रहे उनसे खूब लगाव था, बाढ़ आने के बाद मेवात में फसल ख़राबी आम समस्या थी, इसके समाधान के लिए कई बांध मेवात में बनवाए, सिंचाई के लिए उजीना डाइवर्जन ड्रेन बनवाए , कोटला पंप हाउस बनवाकर किसानों को उन्होंने मजबूत बनाने की कोशिश की। उद्योग धंधों को मेवात में स्थापित कराने के लिए बेहद गंभीर थे, हालांकि बहुत ज्यादा उद्योग धंधे नहीं हैं लेकिन जो हैं वो मरहूम खुर्शीद अहमद ने ही यहां लगवाए थे, रोज़का मेव इंडस्ट्रियल एरिया, हथीन इंडस्ट्रियल एरिया, कुछ जगह और लगवाए थे जिन्हें बाद में उनके विपक्षी नेता ने जीतने के बाद रुकवा दिया। उनकी विकास व ईमानदारी से इलाके के कार्य करने के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए हमने पूर्व की कॉंग्रेस की हुड्डा सरकार में शिक्षा, सेहत, परिवहन, रोजगार व आधारभूत ढांचों पर उल्लेखनीय कार्य किए जिसमें मेवात के लिए अलग शिक्षा कैडर का गठन, शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज, कई बहुतकनीकी संस्थान, कई आरोही माडल स्कूल, आईटीआई, सालाहेडी सहित कई महिला कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, कोटला झील, कई बस अड्डे, लघु सचिवालय, जिला बनाने आदि काम हुए।

आगे भी सरकार बनने पर मेवात सहित प्रदेश का मरहूम खुर्शीद अहमद के सपनों के अनुरूप विकास किया जाएगा। सकारात्मक कार्यों के लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। आज बेशक वो इस दुनिया में नहीं है, लेकिन वह प्रदेश की जनता के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। जिस तरह उन्होंने मेवात सहित हरियाणा के हितों को कभी पीछे नहीं रखा उसी तरह हम भी प्रदेश की आवाम के हकों को प्राथमिकता पर रखेंगे, इसी प्रण के साथ उन्हें खिराज ए अकीदत।

मुख्य समाचार

मुरादाबाद में सवारियों से भरी कार पलटी

करुला पुल पर बाइक सवार को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित होने से हादसा हुआ

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। करुला पुल पर देर रात एक अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पलट गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों घायल हो गए। रामपुर में जेल रोड पर रहने वाले चिकन व्यापारी रियासत का बेटा शाहरुख आर्टिगा कार से करूला पर अपने एक रिश्तेदार के घर दावत खाने आ रहा था। कार को ड्राइवर फैजी चल रहा था। जबकि पीछे की सीट पर आमिर जहां साजिया और तरन्नुम बेटी बैठी थी। कार में आलिम नाम का एक बच्चा भी सवार था। कार संभल रोड पर करुला पुल पर पहुंची तो सामना आए एक तेज रफ्तार बाइक सवार को बचाने की कोशिश में कार डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। हादसे के बाद कार सवार महिलाओं और अन्य लोगों में चीख पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह घायलों को कार से बाहर निकाला और पुलिस को हादसे की सूचना दी पुलिस ने क्रेन की मदद से कार सीधी कराई।

किराना की दुकान में लगी आग लाखों का सामान राख

कमर फारूक, पब्लिक एशिया

भोजपुर। नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर के मौहल्ला नावपुर निवासी नाजिम पुत्र नन्हें की किराना स्टोर की दुकान हैं। घर के पास ही उनकी किराना की दुकान हैं। बृहस्पतिवार की रात को दुकान का काम निपटाकर कारोबारी रोज की तरह शटर बंद कर घर चले गए। किसी समय रात में उनकी किराना की दुकान में आग लग गई। घटना की जानकारी कारोबारी को सुबह नमाज पड़कर आ रहे नमाजियों ने दी। सूचना पर आस-पास के लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। आग इतनी भयंकर थी की दुकान में रखी नगदी और सामान जलकर खाक हो गया। किराना स्टोर के मालिक नाजिम के मुताबिक कैश काउंटर में रखे नगद एक लाख दस हजार रुपए के अलावा पांच लाख रुपए से अधिक मूल्य का किराना का सामान जलकर राख हो हो गया। नगरवासी और दुकान मालिक ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने की आशंका जता रहे हैं।

पूर्व ग्राम प्रधान की घर के बाहर गोली मारकर हत्या

शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे तीन व्यक्तियों ने वारदात को दिया अंजाम

पब्लिक एशिया संवाददाता

कुंदरकी। मैनाठेर थाना क्षेत्र में पूर्व ग्राम प्रधान राजवीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे तीन व्यक्तियों ने घर के बाहर वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची मैनाठेर पुलिस ने फोरेंसिक टीम से जांच पड़ताल करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी देहात और सीओ भी सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंच गए। थाना मैनाठेर के गांव रसूलपुर गौसर निवासी राजवीर सिंह आयु 55 वर्ष साल 2005 से 2010 तक ग्राम पंचायत प्रधान रहे थे। परिवार में पि एक बेटा और एक बेटी है। बताया गया है। कि शुक्रवार सुबह तीन लोग पूर्व प्रधान राजवीर सिंह के घर पहुंचे बाहर से आवाज लगाकर राजवीर को बुलाया इसके बाद कनपटी पर सट्टा कर गोली मार दी गई। गोली की आवाज सुनकर घर और आसपास के लोग पहुंचे तो राजवीर लहूलुहान हालत में गिरे मिले। उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मैनाठेर थाना अध्यक्ष सतेंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। थोड़ी देर बाद ही एसपी देहात संदीप कुमार मीणा व बिलारी राजेश कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम से निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव के ही एक व्यक्ति और तीन युवकों पर गोली मारने का आरोप है। हालांकि परिजनों ने किसी प्रकार की रंजिश या विवाद से अभी तक इनकार किया है। एसपी देहात संदीप कुमार मीणा ने बताया कि पुलिस गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने हमलावरों गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल हुआ तमंचा भी बरामद कर लिया। हत्याकांड के प्रति एक बिंदु पर जांच की जा रही है। वारदात का खुलासा कर दिया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मृतक पूर्व प्रधान राजवीर सिंह का फाइल फोटो।

पुलिस चौकी के सामने वाइन शॉप में चोरी

रोडवेज के सामने दुकान की दीवार काटकर शराब चुरा ले गए चोर

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। रोडवेज पुलिस चौकी के ठीक सामने शराब की दुकान की दीवार काट कर चोरों ने करीब सवा लाख रुपए कीमत की शराब चोरी कर ली। चोरों ने दुकान की पिछली दीवार काटी और दुकान में घुस गए। दुकान की बैक साइड रेलवे ट्रैक की ओर है। जहां अंधेरा रहता है। सिविल लाइंस थाने में चक्कर की मिलक निवासी अमन भटनागर ने बताया कि वह रोडवेज के सामने स्थित शराब की एक दुकान पर सेल्समैन है। सुबह उसने दुकान खोली तो दुकान की दीवार कटी हुई थी। शराब की बोतल गायब थी। उन्होंने तुरंत अपने सामने स्थित पुलिस चौकी पर जाकर घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की दुकान की पिछली दीवार और जाल कटा हुआ था। इसके बाद करीब सवा लाख रुपए कीमत की महंगी शराब चोरी कर ले गए। दुकान मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आशा वर्कर्स का प्रदर्शन

कहा दो हजार नहीं होता हमारा गुजारा

मोदी योगी 21 हजार रुपए मानदेय करें तभी देंगे चुनाव में वोट

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद में उत्तर प्रदेश आशा कार्यकर्ता यूनियन के बैनल तले आशा वर्कर्स ने कलेक्टर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी आशाओं का कहना है, कि सरकार लगातार उनकी मांगों को अनदेखा और अनसुना करती चली आ रही है। आशाओं ने कहा कि वो महज ₹2000 महीने के मानदेय पर पूरा दिन काम करती है। उन्हें न्यूनतम 21 हजार रुपए मानदेय दिया जाना चाहिए ।

यदि सरकार उनका मानदेय कहीं नहीं बढ़ती है। तो कोई भी आशा काम नहीं करेगी। आशाओं ने चुनाव में भाजपा को वोट नहीं देने की भी चेतावनी दी है। आशाओं ने कहा है, कि मोदी योगी को वोट तभी देगी जब सरकार उनका मानदेय ₹2000 से बढ़कर ₹21000 करेगी प्रदर्शन के बाद आशाओं ने एक ज्ञापन भी सरकार को भेजा है। उसमें मानदेय बढ़ाने के साथ ही दूसरी सुविधाओं की भी मांग की गई है।

डंपर की चपेट में आकर फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र में गुलाबबाड़ी चुंगी के पास एक फल विक्रेता को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे मैं फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीतल बस्ती सूर्यनगर निवासी नारायण सिंह आयु 60 वर्ष फलों का ठेला लगाता है। रोजाना की तरह वह फल खरीदने के लिए शुक्रवार सुबह भी गुलाबबाड़ी मंडी जा रहे थे। तभी गुलाबबाड़ी चुंगी के पास उन्हें एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में नारायण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद डंपर चालक डंपर लेकर फरार हो गया। आसपास जुटी भीड़ ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने तुरंत नारायण सिंह को जिला अस्पताल भिजवाया हादसे में नारायण सिंह का ठेला भी टूट गया है। सूचना मिलते ही उनके परिजन अस्पताल पहुंचे प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर एक पिकअप को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था।

गुलाबबाड़ी चुंगी के पास तेज रफ्तार डंपर ने मारी टक्कर मंडी से फल लेने जा रहा था व्यक्ति

कुपोषित बच्चों को अण्डा खिलाकर किया योजना का शुभारंभ

बाल विकास विभाग द्वारा चिन्हित कुपोषित बच्चों को सप्ताह में एक दिन अंडा खिलाकर उनका पोषण स्तर सुधारने के लिए उठाया कदम

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद । कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मुरादाबाद मानवेंद्र सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने कुपोषित बच्चों को अण्डा खिलाकर योजना का शुभारंभ किया। अण्डा प्रोटीन का स्रोत है। जिसे खाने से बच्चों को प्रोटीन एवं अन्य पोषक तत्व प्राप्त होगें। इन सभी बच्चों का आयु,वजन एवं लंबाई नोट की गयी। तीन माह तक इन बच्चों का लगातार फॉलोअप किया जाएगा। जिससे कुपोषित बच्चो के स्वास्थ्य सुधार की मानिटरिंग होगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री गृहभ्रमण के समय अपने सामने सैम (कुपोषित) बच्चों को अण्डा खिलायेगी। शाकाहारी बच्चों को केला, चना गुड दिया गया। भविष्य में नॉनवेज खाने वाले कुपोषित बच्चों को मछली दिये जाने की योजना है। इसके लिए तालाब चिन्हित कर मछलीपालन की योजना बनाई जा रही है। छजलैट मे 238 बच्चें सैम चिन्हित किए गए हैं। यहां इस योजना के सफल होने पर अन्य ब्लॉक में इसे क्रमशः लागू किया जाएगा।

गंगा नगरी में पुलिस हुई पस्त, झपट मार हुए मस्त

फौहारा चौक पर रहता है जमावड़ा आते ही श्रद्धालु की गाड़ी को लेते हैं घेर

कुलदीप शर्मा, पब्लिक एशिया

गढ़मुक्तेश्वर » जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर के बृजघाट से आए दिन छीनाझपटी की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होती हैं। गुरुवार को एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिसमें दान कर रहे श्रद्धालुओं से भिखारी छीनाझपटी करने लगे। इस दौरान कुछ तो सड़क पर ही गिर पड़े। मामले से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और वस्त्र, खाना आदि दान कर पुण्य लाभ कमाते हैं। मामला गुरुवार का है जब वृद्धि घाट पर श्रद्धालु ब्रजघाट पहुंचे और गंगा स्नान के बाद जरूरतमंदों को दान करने लगे। तभी वह छीनाझपटी करने लगे। इस दौरान आपस में जमकर कहना सुनना भी हुआ झपटवारी छीना-झपटी का मामला लगातार तीर्थ नगरी में बढ़ता ही जा रहा है इन लोगों में कानून नाम का कोई खौफ नजर नहीं आता भिकारी के रूप में कुछ लोग जिला बदर की सजा भी काट रहे हैं तो कुछ भिखारियों पर आईडी नाम की कोई दस्तावेज उनके पास उपलब्ध नहीं है तीर्थ नगरी में आए दिन वीआईपी वीवीआईपी का आगमन होता रहता है लेकिन किसी का इस तरह कोई ध्यान नहीं दे रहा अगर गंगा नगरी में कोई घटना घटित होती है तो पुलिस के सामने एक चुनौती होगी अब देखना यह होगा कि अगर गंगानगर में कोई घटना घटती है तो इसका सेहरा किसके सर बनेगा यह तो आने वाला समय ही तय करेगा वही चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा विधानसभा मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जुबैर आलम पब्लिक एशिया

बिलारी। चंदौसी रोड स्थित ग्रीन बुड फार्म हाउस में भाजपा विधानसभा मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली का कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसी बीच डॉक्टर शेफाली ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि डॉक्टर शेफाली नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ऋषिपाल सिंह चौधरी कार्यक्रम संयोजक बाबूराम लोधी सुरेश सैनी लवली यादव चंद्रपाल सिंह सैनी विकास गुप्ता अवनीश चौधरी देवदत्त दिवाकर परमेश्वर लाल सैनी मंगल सिंह सैनी आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा बिलारी मंडल अध्यक्ष गीता चौधरी ने मुख्य अतिथि डॉक्टर शेफाली का पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा द्वारा चलाई गई अनेकों योजनाओं से लोगों को अवगत कराया गया । कार्यक्रम में उमा शर्मा प्रीति मनीषा कश्यप गीता देवी राजू वाल्मीकि फिरोज आलम असलम रणवीर सिंह सुल्तान अंजू मोहम्मद साजिद रेहान मुसाहिद इरशाद अशरफ ताहिर विजय कुमार प्रवीर शर्मा इन्द्रकली महेश कश्यप रामनिवास विकास नितिन चौधरी निक्की शुभम चौधरी अनमोल अखिलेश दिनेश रमेश सनी तोहिद सुमित ध्रुव रामपाल विकास सिद्धार्थ कुमार बिंटू रोबिन सिंह अरुण वाल्मीकि चेतन मौर्य हरीश करी राजेंद्र मोहनलाल चंद्रपाल नवल किशोर कुमार बहादुर विजय कोली लाल भगवान दास सोमपाल जगदीश फूल सिंह राणा कोली प्रभात कोहली प्रभाकर कोहली गजेंद्र पासी जितेंद्र पासी दीपक पासी मोनू पासी अरुण करी उमेश करी प्रमोद प्रजापति आकाश प्रजापति रजनीश प्रजापति ओमप्रकाश प्रजापति तरुण प्रजापति मोहित यादव अनिल ठाकुर संजीव ठाकुर प्रमोद शर्मा संजीव कुमार रविंद्र कुमार सुनील कुमार मोहम्मद नजर आशीष शर्मा अनिल कुमार अशोक कुमार संजय जैन रमाकांत गुप्ता सुरेश गुप्ता नितिन डूडेजा राजेंद्र चुग याद कुमार डूडेजा सोनू ठाकुर अरविंद कुमार नरेंद्र चौधरी सुनील यादव आकिल सलीम आदि लोगो ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता महिला मोर्चा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, डॉक्टर नजरुल, अकरम एडवोकेट ,मुनाजिर, अनीश प्रधान, साजिद प्रधान ,राजा सखावत, उस्मान हवाई के साथ-साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे 18 लाख रुपए

समझौते के नाम पर थमा दिया 13 लाख का फर्जी चेक।

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद » नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से 18 लाख रुपए ठग लिए गए। एसएसपी के आदेश पर जब आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। तो उसने 13 लाख रुपए का चेक देकर समझौता कर दिया। पीड़ित ने यह चेक बैंक में लगाया तो उसके साइन फर्जी निकले। बलवीर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह निवासी सिरवासु चांदपुर जिला संभल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के कार्यालय पहुंचकर अपनी रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। उसमें आरोपी नासिर और हारुन निवासी आजाद नगर करुला के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी नसीर अहमद और हारुन ने आर्मी में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 18 लाख रुपए लिए थे।

लेकिन रकम लेने के बाद भी नौकरी नहीं लगता सके। उसे वक्त पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी पर आरोपी के खिलाफ थाना मझोला में मुकदमा दर्ज कराया गया था। लेकिन समझौते के बाद आरोपी ने पीड़ित को पहले दो लाख और फिर तीन लाख रुपए का आरटीजीएस कर दिया था। इसके बाद 13 लाख का चेक दिया था। भारतीय स्टेट बैंक में चेक लगाने खाते में पैसा नहीं था। जब पीड़ित आरोपी से पैसा खाते में न होने की बात की तो आरोपी जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद पीड़ित ने 13 फरवरी को थाना माझोल पुलिस को 420 और जान से मारने की धमकी देने के रूप में मझोला थाना प्रभारी को तहरीर दी थी।

जीबीसी 4.0 : समाज के लिए जिम्मेदारी उठाने के लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करेगी योगी सरकार

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान उद्योगों के सीएसआर प्रमुखों से संवाद स्थापित करेगी सरकार

पब्लिक एशिया ब्यूरो

लखनऊ » उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं का ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह 4.0 आगामी 19 से 21 फरवरी तक आयोजित होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में प्रदेश में अबतक का सबसे बड़ा निवेश धरातल पर उतरेगा।

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के आयोजन के बाद योगी सरकार एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश तथा 33.50 लाख रोजगार के अवसरों के साथ 14,000 से अधिक परियोजनाओं को लागू करने में सक्षम हो सकी है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री की स्पष्ट मंशा है और जिसका उन्होंने कई बार जिक्र भी किया है कि उद्योग जगत को आगे बढ़कर सामाज के प्रति अपना उत्तरदायित्व निभाना चाहिए। यही वजह है कि तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन योगी सरकार उद्योग जगत के सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) अधिकारियों के साथ इसे लेकर संवाद भी स्थापित करेगी। दअरसल, भारत में कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) संशोधन नियम, 2022 के तहत कंपनियों को उनके सामाजिक उत्तरायित्व से जोड़ता है। इसके लिए कंपनियों को मौजूदा वित्तीय वर्ष से पहले के तीन वित्तीय वर्षों से अपने औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2| सीएसआर के जरिए सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहल पर खर्च करना होता है। ज्यादातर प्रतिष्ठित कंपनियां सीएसआर के तहत करोड़ों रुपए सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहलों पर खर्च करते हैं। वहीं प्रदेश में शुरू होने जा रहे निवेश के माहौल के साथ ही योगी सरकार कंपनियों से कारपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत सामाजिक कार्य करने के लिए भी कंपनियों को प्रोत्साहित करेगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकार के बड़े अधिकारी कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों के साथ संवाद भी करेंगे।

कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी संगोष्ठी का आयोजन 20 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दौरान किया जाएगा। इसकी पूरी रूपरेखा योगी सरकार के विभिन्न विभागों और जीबीसी में सक्रिय प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों के बीच सहयोग स्थापित करने के लिए तैयार की गई है। संगोष्ठी के दौरान कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों के साथ सीधे संवाद स्थापित किया जाएगा। इससे उन्हें संबंधित विभागों दवारा किए गए प्रभावशाली कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने और परमार्थ के कार्यों का समर्थन करने के लिए धन प्रदान करने पर विचार करने का अवसर दिया जाएगा।

इसके साथ ही सरकार के 6 विभाग, जिसमें महिला एवं बाल विकास, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, दुग्धशाला विकास विभाग और खेल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश में सीएसआर से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट्स से अवगत कराएंगे। साथ ही सीएसआर उद्देश्यों के अनुरूप सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों से भी कॉर्पोरेट्स को परिचित कराएंगे।

बता दें कि जीबीसी 4.0 प्रदेश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। लखनऊ में आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है। इसमें प्रतिष्ठित उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, विदेशी राजदूत/उच्चायुक्त सहित अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल होंगे। जीबीसी 4.0 के अवसर पर 19 से 21 फरवरी तक तीन-दिवसीय प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा।

6 विभागों के जरिए समाज के लिए किये जा रहे उद्योगों के उत्कृष्ट प्रयासों का भी होगा प्रस्तुतिकरण

कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों से योगी सरकार के अफसर करेंगे सवांद

सीएम योगी कई बार जता चुके हैं मंशा, आगे बढ़कर समाज के प्रति अपना उत्तरदायित्व भी निभाए उद्योग जगत

खनन विरुद्ध चला अभियान, खनन लदे 11 ट्रक सीज, खनन माफिया में मचा हड़कंप

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद । पुलिस समेत अन्य विभागों की संयुक्त टीम ने। खनन माफिया के खिलाफ चलाएं अभियान के तहत उत्तराखंड से अवैध रूप से ओवरलोडिंग खनन कर ला रहे। ग्यारह वाहनों को पकड कर सीज कर दिया। खनन के विरुद्ध चलाए गए। अभियान की सूचना पर खनन माफिया में हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम को देखकर खनन से लदे ट्रक चालक व परिचालक सड़क किनारे ट्रको को खड़े कर फरार हो गए। प्रशासन ने इनके खिलाफ खनन समेत ओवर लोडिंग की कार्रवाही की है।

उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बीती रात खनन विभाग और आरटीओ विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। उत्तराखंड से प्रदेश में प्रवेश करने वाली सड़कों पर चेकिंग की तो ग्यारह वाहन खनन लदे पकड़े। एसडीएम के अनुसार ट्रकों में खनन लदा है। कई में ओवरलोड के साथ खनन संबंधी प्रपत्र भी नहीं हैं। उनको सीज कर खनन, आरटीओ समेत अन्य विभागों को जांच के बाद कार्रवाही के लिए ला गया है। सभी वाहनों को सीज कर रतूपुरा रोड स्थित अनाज मंडी परिसर में खड़ा करवा दिया गया है।

पुलिस प्रशासन की कार्रवाही के बाद खनन कारोबारियों में हड़कंच मच गया। चालकों में अफसरा तफरी मची रही। बताते चलें कि यह सारे वाहन उत्तराखंड के काशीपुर जसपुर से यूपी के चोर रास्तो से निकल कर अपने अलग स्थानो पर जा रहे थे। अभियान गोपनीयता ढंग से चलाया गया। खनन की रेकी करने वाले भी आश्चर्य चकित रह गये। एसडीएम ने बताया कि लगातार अभियान जारी रहेगा।

मुख्य समाचार

भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दूसरे दिन भी रहे नजरबंद

पब्लिक एशिया संवाददाता

सरूरपुर। किसान संगठनों के भारत बंद के आह्वान पर किसान नेताओं को स्थानीय पुलिस नजर बंद कर किसानों को दिल्ली जाने के रोके जाने का प्रयास कर रही है। एमएसपी, कर्ज माफी आदि मांगों को लेकर दिल्ली जाने वाले हरियाणा पंजाब के किसानों को बॉर्डर पर रोक दिया। जिसके चलते भारतीय किसान संगठन के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष लोकेश नागर को पुलिस ने उनके घर पर नजरबंद कर रखा है। इसके बाद भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फजर मोहम्मद अपने कार्यकर्ताओं के साथ गाजियाबाद के लिए कूच करने वाले थे। जिसके चलते इस स्थानीय पुलिस ने भारतीय किसान संगठन के कार्यकर्ताओं को उनके घर पर दुसरे दिन भी नजर बंद कर निगरानी की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फजर मोहम्मद ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को चाहिए कि वे किसानों की बात सुनें और उनकी मांगों को पूरा करने का काम करें। इस दौरान नगर प्रदेश महासचिव नसीम चौहान सदाकत चौहान हारा हाजी इमरान डॉक्टर आसिफ खिवाई हाजी मोमीन शहजाद मोहम्मद कारी अबरार कारी रमजान आदि मौजूद रहे।

मवाना में चलती कार में लगी आग, चालक ने बचाई जान

मेरठ रोड पर गांव मसूरी के पास हुआ हादसा

पब्लिक एशिया संवाददाता

मवाना। मेरठ रोड पर मसूरी के समीप शुक्रवार को दोपहर मारूति कार में आग लग गई। कार के अगले हिस्से से अचानक धुंआ निकलने लगी। अचानक ही हाईव पर कार धूं-धूंकर जलने लगी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अग्निशमन गाड़ी की फायरब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग को बुझाया। शुक्रवार की दोपहर मवाना तहसील के गांव भैंसा निवासी कार को लेकर मेरठ से वापस अपने गांव वापस लौट रहा था। कार गांव भैंसा निवासी दानिश थी। वह करीब साढ़े ग्यारह बजे मारूति कार से मेरठ से लौट रहा था। जैसे ही गांव मसूरी के पास पहुंचा तो अचानक कार के अगले हिस्से से अचानक धुंआ निकलने लगी। अचानक ही हाईव पर कार धूं-धूंकर जलने लगी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अग्निशमन गाड़ी की फायरब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग को बुझाया। सूचना पर एसओ योगेश कुमार मौके पर पहुंचे और अग्निशमन गाड़ी से आग पर पाया गया। उन्होंने बताया कि आग से कोई हादसा नहीं हुआ है। इस दौरान राहगीर तमाशबीन बने रहे। कार में दानिश अकेला ही था।

बोर्ड परीक्षा के लिए किया गया आशीर्वाद यज्ञ

पब्लिक एशिया ब्यूरो

सरधना। श्री मल्हू सिंह आर्य कन्या इंटर कॉलेज मटौर दौराला के प्रागंण में दबथला गुरुकुल किला परीक्षितगढ़ की ब्रह्मचारिणियों व आचार्य प्रमोद शास्त्री ने मधुर स्वरों में उच्चारित वेद मंत्रों के साथ बोर्ड परीक्षा 2024 में बैठने वाली विद्यालय की छात्राओं के लिए वैदिक परम्परा के अनुसार विशेष आशिर्वाद यज्ञ किया। इस अवसर पर श्रीमती मिथिलेश राणा (प्रशासिका आर्य समाज)और प्राचार्या डॉक्टर नीरा तोमर मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहीं। इनके साथ विद्यालय की समस्त अध्यापिकाओं व छात्राओं ने यज्ञ में वेद मन्त्रों के साथ आहुति दी। आचार्य प्रमोद ने छात्राओं परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए परमपिता परमात्मा से विद्यालय की उन्नति के लिए कामना की। छात्राओं को संबोधित करते हुए आपने विद्यार्थियों के गुण संयम, दृढ़-निश्चय, ध्यान,एकाग्रता, एकता आदि की प्रेरणा देते हुए यज्ञ के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। डॉक्टर नीरा तोमर ने कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है कक्षा अध्यापिकाओं ने कक्षा 10 की छात्रा व12 की छात्राओं प्रवेश पत्र वितरित करते हुए परीक्षा की शुभ कामना दी। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता, निधि, रविता, कल्पना, अंजली, सुमन, शालिनी, ममता, सविता, उमा, रचना, अरुणा, नीरज, पूजा, नीतू आदि अध्यापिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में प्रसाद वितरण के साथ हवन समाप्त हुआ।

रटौल बंधला मार्ग पर आटो पलटने से दो घायल

धर्मपाल सैनी, पब्लिक एशिया

रटौल बंधला मार्ग पर भैडापुर गांव के पास आटो का पहिया निकलने से आटो पलट गया जिसमे बैठी महिला सहित दो घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है। बडौत निवासी भारती व निरोजपुर निवासी कृष्णपाल बंधला से आटो द्वारा रटौल आ रहे थे जब वह भैडापुर गांव के समीप पहुचें तो आटो का पहिया निकल गया और आटो पलट गया जिसमे दोनो घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है।

चार वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोग

छबड़िया रोड पर जलभराव की समस्या से परेशान हैं ग्रामीण

पब्लिक एशिया ब्यूरो



सरधना। सरधना में छबडिया मार्ग पर आटा मिल के निकट पिछले चार वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। समस्या का समाधान नहीं होने पर क्षेत्रवासियों का आक्रोश कई बार फूटा और पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। क्षेत्रीय सभासद ने भी कई बार आंदोलन की चेतावनी दी।

क्षेत्रीय सभासद संजय सोनी का कहना है कि पिछले चार वर्षों से छबड़िया रोड पर हो रहे जलभराव की समस्या से क्षेत्र के लोग परेशान है। संजय सोनी ने बताया कि इस रास्ते पर तीन स्कूल है जिनमे छोटे छोटे बच्चे पढ़ते है। जलभराव के चलते उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि जहाँ जलभराव है वही एक ट्रांसफार्मर भी लगा हुआ है जो हर समय पानी की चपेट में रहता है। पानी में करंट आने से अबतक कई पशुओं की जान जा चुकी है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस रास्ते पर ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मन्दिर व सुधा देवी पब्लिक स्कूल है इसके आलावा केके पब्लिक स्कूल,संत जेवियर्स स्कूल के बच्चो को भी इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है।

मोहल्ला आदर्श नगर, रामनगर, शिव शक्ति नगर, के हजारों लोग इसी रास्ते से गुजरते है। कभी भी कोई भी बिजली के करंट की चपेट में आ सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रीय सभासद संजय सोनी ने बताया कि लंबे समय से जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए लोग अधिकारियों के चक्कर काटते आ रहे हैं।

गुस्साए क्षेत्र के लोगों ने कई बार पालिका प्रशासन के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार भी किया।

सभासद संजय सोनी ने बताया की अब उनके प्रयास से नगर पालिका द्धारा नाला निर्माण कराया जा रहा है। इसके बाद समस्या से मुक्ति मिल सकती है।

सपा में संजय गहलोत बने युवजन सभा के जिलाध्यक्ष, दी बधाईया

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेख यादव की संतुति पर युवजन सभा के प्रदेस अध्यक्ष अरविंद गिरी द्वारा जनपद हापुड़ से संजय गहलोत को फिर सेयुवजन सभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मोनयन पर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उन्हे बधाई दी है। सपबा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष संजय गहलौत ने कहा कि जिस विश्वास के सात उन्हे फिस से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस विश्वास को वह पूरा करेंगे। पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 नजदीक है। चुनाव की तैयारी में जुटा जाएगा। सपा युवजन सभा सा संजय गहलौत को जिलाध्यक्ष बनाने पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष बब्लू प्रधान, तेजपाल प्रमुख, ललित सिंह एडवोकेट, अख्तर मलिक, श्यामसुंदर भुर्जी, सीमा तनेजा, दीपिका, संजय सिंह यादव, आजाद अल्वी आदि ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष बब्लू प्रधान ने कहा कि संजय गहलौत पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता है। उन्हें उम्मीद है कि वह पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएगे और अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर किसानों ने जाम लगाकर दिया ज्ञापन

सुनील चौहान पब्लिक एशिया

बड़ौत। नगर में शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य का गारंटी कानून बनाने को लेकर पंजाब व हरियाणा के शंभू बार्डर पर चल रहे धरने व प्रदर्शन के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चे के किसान यूनियन के कार्यकर्ताओ ने बड़ौत में हाइवे पर जाम लगाया। हालांकि यहां वह थोड़ी देर ही रुक पाए। बाद में अधिकारियों को ज्ञापन देकर चले गए।

यहां विदित है कि संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर शुक्रवार को किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष चौ. ब्रजपाल सिंह के नेतृत्व में नगर के दिल्ली-सहारनपुर हाइवे के कोताना रोड चौराहे पर जाम लगाया। इस मौके पर उन्होंने धरना भी दिया। इस धरने प्रदर्शन के दौरान चौ. ब्रजपाल सिंह ने कहा कि पंजाब के किसानों को हरियाणा सरकार ने शंभू बार्डर पर रोक दिया। उन पर अश्रु गैस के बमों का इस्तेमाल कर रही है। अन्य तरह से भी उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। दिल्ली में किसान एमएसपी का गारंटी कानून बनाने के वादे को याद दिलाने जा रहे हैं। हरियाणा सरकार के कृत्य के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर यह जाम व धरना दिया गया। उन्होंने बताया कि सरकार स्वामीनाथ फार्मूले को लागू करे, किसान आंदोलन में शहीद होने वाले किसानों को शहीद का दर्जा दिया जाए। उन्होंने बताया कि किसानों की अनेक मांग हैं। इस मौके पर नरेशपाल, देवेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, विकास मान, श्याम सिंह, तेजवीर सिंह, आकाश तोमर, जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। इस मौके पर किसानों की मांगों का एक ज्ञापन सीओ सवीरतन बड़ौत को दिया।

सीडीओ ने विकास भवन में की छापेमारी, गायब अफसर व कर्मचारी को जारी किए नोटिस

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। जनपद के विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने विकास भवन में संचालित समस्या कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें 8 अफसर और 23 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सीडीओ ने इस गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार साढ़े दस बजे विकास भवन में संचालित समस्त कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

औचक निरीक्षण में जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, जिला प्रोबेश अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परियोजना अधिकारी, डूडा एवं 23 कर्मचारी कार्यालय में अनुपस्थित मिले थे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोटिस देते हुए स्पष्टीकरछण मांगा गया है। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने अधिकारियों को कार्यालयों में फाईलों के रख-रखाव, आई-कार्ड पहनने, सभी कर्मचारियों को अपने नाम के नेम प्लेट व क्या कार्य देख रहे है उसका विवकरण टेबिल पर अंकित करने के निर्देश दिए गए। जिला विकास अधिकारी को विकास भवन के शौचालयों को साफ-सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। ऐसे अधिकारी जो जनपद हापुड़ के साथ-साथ अन्य जनपद का चार्ज देख रहे है, उन्हे जनपद हापुड़ में बैठने के दिवस निर्धारित करने के निर्देस दिए गए है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किए जाने से विकास भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अफसर और कर्मचारी समय से कार्यालय में पहुंचे और लोगो की शिकायतों का गुणवक्ता के साथ निस्तारण करे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नेहरू युवा केन्द्र बागपत ने जिला स्तरीय युवा संसद का किया आयोजन

धर्मपाल गिरी पब्लिक एशिया

बागपत। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केन्द्र बागपत द्वारा जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का ऑनलाइन के माध्यम से आयोजन किया गया। जिले के प्रतिभाशाली युवा वक्ताओं ने ऑनलाइन जुड़कर प्रतिभाग किया और भारत को विश्व गुरु बनाना» भारत की आर्थिक शक्ति को बढ़ाने में युवा उद्यमियों की भूमिका, आत्मनिर्भर से विकसित भारत» युवा शक्ति के सहयोग से भारत के विकास के मार्ग की रूपरेखा का निर्माण, भविष्य को सशक्त बनाना» युवा-नेतृत्वित कार्यक्रमों के माध्यम से जिम्मेदार समुदाय का निर्माण विषयों पर अपने विचार साझा किए। शुभारंभ मेरठ विधायक डॉ सरोजिनी अग्रवाल ने किया जिसमें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस प्रकार के युवा केंद्रित कार्यक्रम बड़ा बदलाव ला रहे है और युवा विकसित भारत के संकल्प को आत्मसात कर रहे है। उन्होंने नेहरू युवा केन्द्र को बधाई दी और प्रतिभागी युवाओं को शुभकामनाएं दी।

निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषित किया गया जिसमें निवाड़ा के युवा ईनाम उल हसन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मविकलां से शिवम ने द्वितीय और नैथला से सुषमा त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्तर पर अव्वल रहे ईनाम उल हसन और शिवम अब राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट फेस्टिवल में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तर से कुल तीन विजेताओं का चयन राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेंट फेस्टिवल के लिए होगा जिसमें प्रथम विजेता को दो लाख, द्वितीय विजेता को डेढ़ लाख, तृतीय विजेता को एक लाख एवं पचास हजार के दो सांत्वना पुरस्कार दिए जायेंगे।

जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु के साथ की बैठक

बोले- ट्रांसपोर्ट नगर के जाम से निगम और पुलिस दिलाएगी मुक्ति

पब्लिक एशिया संवाददाता

मेरठ। डीएम दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक की गई। जिसमें लंबित व उद्यमियों द्वारा उठाई समस्याओं के निस्तारण को लेकर मंथन हुआ। रोड़ी - बजरी व गोबर के लिए डंपिंग ग्राउंड बनाने व नौचंदी मैदान में वेंडिंग जोन तैयार करने का प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देश दिए गए। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर के जाम की समस्या को नगर निगम और पुलिस संयुक्त रूप से समाधान कराएगी।

विकास भवन सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व में रखी समस्याओं के निस्तारण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि सरस्वती औद्योगिक क्षेत्र की सड़क निर्माण के लिए वर्क आर्डर जारी किए हैं। नाली की पट्टी पर रखे ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए भी डीएम ने निर्देश दिए हैं। डीएम दीपक मीणा ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में रोड़ी बजरी के ट्रकों को पुलिस की मदद से व्यवस्थित किया जाएगा और निगम डंपिंग क्षेत्र चिह्नित करेगा। ट्रांसपोर्ट नगर में बड़े वाहनों की वजह से जाम की समस्या होती है।

अब जाम लगने से रोकने के लिए निगम व पुलिस संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाएगी। स्पोर्ट गुड्स कॉम्प्लेक्स और मोहकमपुर फेस - एक में अवैध रेडियो पर जुर्माना लगाने और गोबर डंपिंग के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। निगम के अधिकारियों का कहना है कि सिटी गार्डन, नूर नगर, लिसाड़ी रोड पर गोबर डंपिंग का प्रस्ताव पास होने पर टेंडर भी जारी कर दिया गया है।

बैठक में गौरव गुप्ता अध्यक्ष आईआईए, रविन्द्र ऐलन, मिडफो, निपुण जैन, नितिन कपूर, पीमा, राजकुमार बंसल, डी0के0 शर्मा, बागपत रोड एसोसिएशन, महेन्द्र घानक, आशुतोष अग्रवाल व फरमानुद्दीन मौजूद रहे।

पुलिस ने पाईप चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए 7 चोरो को किया गिरफ्तार

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। नगर के हाईवे से पाईप चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने सात चोरो को गिरफ्तार कर 2.05 लाख रुपए नकदी व घटना में दो ट्रेक्टर मय ट्रोले, एक मारूति फ्रोंक्स कार एवं तमंचा बरामद किया है। एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्रांर्तगत स्थित आईजीएल कंपनी में 06 दिन पूर्व घटित 70 लाख रुपए का सामान चोरी हो गया था। उन्हें बताया कि घटना का सफल अनावरण करते हुए 7 शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है। उनमें एक मुजफ्फरनगर निवासी प्रदीप, राधेश्याम, आसिफ हुसैन, हरिद्वार निवासी जहांगीर, इसरार, शामली निवासी फारुख अली, सहारनपुर निवासी विपिन उर्फ भुवन को एनएच-9 हाईवे सेबल कट के पास से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि चोरो के कब्जे से चोरी का शत-प्रतिशत माल, चोरी के माल को बैचकर प्राप्त 2.05 लाख रुपए नकदी व घटना मे प्रयुक्त 02 ट्रैक्टर मय ट्रोले, एक मारुति फ्रोंक्स कार एवं अवैध असलहा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार चोरो द्वारा चोरी के पाइपों को अभियुक्त आसिफ हुसैन की जनपद हिरद्वार (उत्तराखण्ड) स्थित कोसमोस फैरस प्रा.लि. कंपनी मे ले जाकर मैल्ट कर रुपांतरित किया गया था। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए चोर शातिर किस्म के चोर है। अन्य जनपदों में कार्यवाही की जा रही है।

मुख्य समाचार

मास्टर्स बैडमिंटन चैम्पियनशिप में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

विधायक अमित अग्रवाल ने किया शुभारंभ

पब्लिक एशिया संवाददाता

मेरठ। जिला बैडमिंटन संघ की ओर से आयोजित मास्टर्स बैडमिंटन चैम्पियनशिप में प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया। चैंपियनशिप का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य अतिथि कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने किया। इस मौके पर आयोजन सचिव पंकज सिंह एवं अमित सिंह संस्थापक सुपर स्मैश बैंडमिंटन एकेडमी द्वारा फूलों का बुके देकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त अभिन श्याम गुप्ता का भी जिला बैडमिंटन संघ सचिव राजेश चौधरी द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र चौधरी, बालेश गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष जि.बैंड संघ) समेत तमाम लोग मौजूद रहे।जिला बैडमिंटन संघ के अवैतनिक सचिव राजेश चौधरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर उप्र (वैटरन) बैडमिन्टन टीम पुरूष एवं महिला का चयन किया जायेगा। यह प्रतियोगिता 35+ वर्ग से लेकर 80 वर्ष तक के लिए थी। चयनित खिलाडी 16.03.2024 से 23.03.2024 तक राष्ट्रीय चैम्पियनशिप पंचकूला में भाग लेंगे।

इजरायल में श्रमिकों को काम करने का अवसर

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमारी ने बताया है की 23 जनवरी से 30 जनवरी के मध्य आई0टी0आई0 अलीगंज में इजराइल जाने हेतु इच्छुक श्रमिको का दक्षता परीक्षण आयोजित किया गया था। उक्त परीक्षण में चयनित श्रमिको की सूची सम्बन्धित जनपद के श्रम कार्यालय में उपलब्ध करा दी गयी है। कृप्या दक्षता परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले श्रमिक अपने पहचान पत्र के साथ 02 दिवस में श्रम कार्यालय में सम्पर्क कर अपना परिणाम ज्ञात कर ले जिससे चयनित श्रमिको का मेडिकल टेस्ट एवं पुलिस वेरिफिकेशन एंव अन्य कार्यवाही तत्काल पूर्ण करायी जा सके। इसके अतिरिक्त ऐसे अन्य श्रमिक जो इजराइल जाने हेतु इच्छुक है एवं जिन्होने पूर्व में श्रम विभाग में इजराइल जाने के सम्बन्ध में पंजीकरण नही कराया है, वह अपने पहचान पत्र के साथ जनपद के श्रम कार्यालय में तत्काल सम्पर्क करे जिससे फरवरी माह के अन्त में आई टी आई अलीगंज में आयोजित होने वाले द्वितीय दक्षता परीक्षण में शामिल होने का अवसर उन्हें प्राप्त हो सकें । पूर्व में दक्षता परीक्षण दे चुके श्रमिको को किसी भी दशा में पुन अवसर नहीं दिया जायेगा।

भाकियू ने हरियाणा में किसानों के साथ हुए बर्बता को लेकर हाईवे पर लगाया जाम

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। जनपद मे हाईकमान के आदेश पर किसान नेताओं ने सिंभावली में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर जाम लगा दिया। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस विभाग मौके पर पहुंचा और किसानों को समझाने का काफी प्रयास किया। उसके बाद किसान मान गए और वह हाईवे से हट गए। भारतीय किसान यूनियन टिकैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुशल पाल आर्य के नेतृत्व में सिंभावली के फुलड़ी मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर किसानों पहुंचे और हाईवे पर जाम लगा दिया। इस दौरान वाहनों की रफ्तार थम गई। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुशल पाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने जो किसानों के साथ बर्बरता पुर्वक उनके ऊपर गोलिया चलाई है। वो चिगारी पुरे देश में उठ खड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि जानबुझकर दिल्ली जाने से किसान को रोका गया, किसानों पर गोलिया चलाई गई लाठिया बर्साइ गई। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी का राष्ट्रीय आह्वान था उसके तहत हम रोड पर बैठे है। गढ़मुक्तेश्वर के क्षेत्राधिकारी आशुतोष शिवम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसान नेताओं को समझाने का काफी प्रयास किया। सीओ ने बताया कि किसानों को समझा दिया गया है। और जाम भी खुलवा दिया गया है। आपको बता दें कि किसान आंदोलन एक बार फिर गति पकड़ता जा रहा है। सिंभावली मे हुए धरना प्रदर्शन के दौरान सैकड़ो की संख्या किसान नेता मौजूद रहे थे।

शिक्षा से बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है: किशोर वाल्मीकि

पब्लिक एशिया संवाददाता

परीक्षितगढ़। नगर के प्राथमिक विद्यालय नंबर दो सभासद संदीप जाटव के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय के 160 बच्चों को लेखन व पाठ्यक्रम सामग्री वितरित की। इस मौके पर मुख्य अतिथि सपा नेता किशोर वाल्मीकि रहे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता सरदार नरवैर सिंह खालसा ने और संचालन सहायक अध्यापक वसीम अहमद ने किया। किशोर वाल्मीकि ने कहा प्राथमिक विद्यालय ही बच्चों की प्रारंभिक नर्सरी है यही से बच्चे अपना मानसिक और शारीरिक विकास कर सकते है शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को चरित्रवान बनाना है। शिक्षा से ही रोजगार मिलेगा। शिक्षा ही मनुष्य को संपूर्ण व्यक्तित्व का धनी बनाता है। ज्ञान हासिल कर लोग समाज को सही मार्ग दिखाते हैं। नरवैर सिंह खालसा ने कहा कि बच्चे भारत का भविष्य है बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जानी चाहिए। इस मौके पर सहायक अध्यापिका रेनू रानी गीता रानी दीपिका धारीवाल समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार रवि गौतम जमील सैफी नौशाद सैफी शौकीन सभासद प्रधान शकील आदि मौजूद रहे।

मेरठ में 3 टुकड़ों में मिली लाश का सनसनीखेज खुलासा

प्रेमिका ने जीजा, बहन संग कर दी प्रेमी की हत्या

बहन के साथ प्रेमिका गिरफ्तार

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मेरठ। शहर में बीती 9 फरवरी को 3 टुकड़ों में कटी मिली लाश मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पूरे मामले में मोहब्बत में धोखा और बेवफाई का कड़वा सच सामने आया है। प्रेमिका ने अपने बहन, भाई, जीजा संग मिलकर प्रेमी की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद लाश के धारदार हथियार से 3 टुकड़े किए और लाश बोरे में भरकर फेंक दी। पुलिस ने आरोपी प्रेमिका दानिश्ता और बहन रुखसाना को अरेस्ट कर लिया है। आरोपी भाइयों को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

गौरतलब है कि लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के आमिर गार्डन में नाले के पास 9 फरवरी को बोरे में युवक की अज्ञात लाश मिली थी। लाश 3 टुकड़ों में बंटी थी। लाश का सिर, धड़, पैर अलग थे। पुलिस ने लाश की पहचान कराने के लिए फोटो सर्कुलेट किए। फोटो देखकर गौतमबुद्धनगर के दनकौर के मंडपा गांव निवासी सोहेल के पता फजरुल हसन, चाचा इमरान मेरठ पहुंचे। बताया ये लाश उनके बेटे सोहेल की है। 8 फरवरी को बेटा फैक्ट्री से काम करने के बाद घर नहीं लौटा। लाश के हाथ पर सोहेल नाम का टैटू बना था। पुलिस को परिजनों से पूछताछ में पता चला कि सोहेल का पड़ोसी महिला से अफेयर था। इसके बाद पुलिस ने सीडीआर, लोकेशन और सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने सच कुबूला है।

सोहेल के पिता ने पुलिस को बताया कि 6 महीने पहले उनका परिवार बुलंदशहर, गुलावठी से आकर मंडपा गांव रहने लगे थे। यहीं बेटे सोहेल का पड़ोसी महिला दानिश्ता से अफेयर हो गया। दानिश्ता शादीशुदा है। उसका पति तालिब है। अफेयर के चक्कर में एक दिन दानिश्ता, सोहेल भाग गए। तब दानिश्ता के घरवालों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद दोनों बरामद हुए। दोनों परिवारों में समझौता हो गया था। कुछ दिन बाद दानिश्ता अपने पति, परिवार के साथ मेरठ लिसाड़ी गेट आकर बस गई। हमें लगा दोनों में बातचीत बंद हो गई लेकिन वो महिला अभी भी सोहेल से बात करती थी। पुलिस को सोहेल के मोबाइल में लास्ट कॉल भी दानिश्ता की मिली थी। जिसकी लोकेशन लिसाड़ी गेट मेरठ की मिली।

दानिश्ता परिवार संग मेरठ आकर रहने लगी इसके बाद घरवाले समझे कि दोनों में सब खत्म हो चुका है। लेकिन सोहेल, दानिश्ता अब भी एकदूसरे से बात करते थे। सोहेल दानिश्ता पर निकाह का दबाव बना रहा था। दानिश्ता इंकार कर रही थी। वहीं जांच में पता चला कि सोहेल के पास दानिश्ता की अश्लील वीडियो, फोटो थे। वो परिवार पर वीडियो, फोटो वायरल करने की धमकी देकर शादी का दबाव बना रहा था। इसी धमकी से पूरा परिवार परेशान था।

शादी की बात करने धोखे से बुलाया मेरठ : सोहेल की धमकी से परेशान दानिश्ता के परिवार ने उसकी हत्या का प्लान बनाया। सोहेल को रास्ते से हटा देंगे तो सारा मामला खत्म हो जाएगा।

बहन निकली प्लान की मास्टरमाइंड

सोहेल की हत्या की मास्टरमाइंड दानिश्ता की बहन रुखसाना है। रुखसाना की शादी फिरोज से हो चुकी थी। दोनों में अनबन रहती थी इसलिए रुखसाना ने फिरोज को छोड़कर दूसरी शादी कर ली। लेकिन दूसरा पति जेल चला गया। दूसरे पति के जेल जाने के बाद रुखसाना और पहले पति फिरोज की नजदीकीयां फिर बढ़ीं। अब दोनों साथ रह रहे थे। रुखसाना के कहने पर ही फिरोज सोहेल की हत्या में शामिल हो गया। रुखसाना ने ही सोहेल हत्याकांड की पटकथा लिखी। वहीं पुलिस दानिश्ता के पति तालिब से भी पूछताछ कर रही है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने ने बताया कि पुलिस ने दानिश्ता, बहन रुखसाना, जीजा फिरोज को अरेस्ट कर लिया है दोनों भाई फरार हैं उनके लिए दबिश दे रहे हैं।

मेरठ एसटीएफ ने बरामद किए चार टाइमर बम

मुजफ्फरनगर से एक आरोपी दबोचा

बम डिफ्यूज के मेरठ से बुलाया गया बम निरोधक दस्ता

पब्लिक एशिया संवाददाता

मेरठ। एसटीएफ की मेरठ यूनिट को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एसटीएफ की टीम ने मुजफ्फरनगर के खालापार इलाके से चार टाइमर बम बरामद किए हैं। टीम ने एक आरोपी को भी पकड़ा है।

मुजफ्फरनगर में शहर कोतवाली क्षेत्र से एसटीएफ की टीम के चार टाइमर बम बरामद किए जाने की सूचना है। एक आरोपी भी पकड़ा गया है, हालांकि अभी पुलिस अधिकारी कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है।

एसटीएफ मेरठ की टीम ने शहर कोतवाली क्षेत्र के खालापार मोहल्ले से एक युवक को दबोच कर बृहस्पतिवार रात चार टाइमर बम बरामद किए हैं। पुलिस टीम ने आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है। मेरठ से बम निरोधक दस्ता भी बुलाया गया है। हालांकि, पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी कहने से बच रही है। बताया गया कि ये टाइमर बम मुजफ्फरनगर में ही बनाए जा रहे थे।

एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने शुक्रवार सुबह मुजफ्फरनगर के खालापार इलाके से एक आरोपी जावेद को गिरफ्तार किया है, उसके पास से चार टाइमर बोतल बम

(आईईडी) बरामद किए गए हैं। एसटीएफ की टीम आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है, इन बम का इस्तेमाल किसी सुनियोजित षड्यंत्र में किया जाना था।जावेद ने पूछताछ में कबूल किया है कि यह बम खालापार इलाके में ही रहने वाली एक महिला ने ऑर्डर देकर बनवाए थे। टीम महिला की तलाश में जुटी है।

एसटीएफ के एसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले भी यह टाइमर बम बना चुका था। आरोपी की ननिहाल नेपाल में है, उसका वहां भी आना-जाना रहा है। इससे पहले जावेद रेडियो बनाने का भी काम करता था।जावेद के दादा का पटाखे बनाने का काम था। उसने दादा से बम बनाना सीखा। इसके बाद यूट्यूब आदि के माध्यम से उसने आईईडी बम बनाना सीख लिया। आरोपी से पूछताछ में कई और जानकारियां मिल सकती हैं।खबार लिखे जाने तक पुलिस के कोई भी अधिकारी पूरे मामले को लेकर अभी तक चुप्पी साधे हुए हैं। सूत्रों की मानें तो दोनों का कनेक्शन मु.नगर के दंगों से जुडा है। दोनो आरोपियों ने दंगों के टाईमर बम लोगों को दिए थे। इसका पता पूछताछ करने के बाद ही लगेगा कि किन-किन लोगों को इन्होंने टाइमर बम दिए थे।

रोहटा सीएचसी दूसरे दिन भी ठप रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

पब्लिक एशिया संवाददाता

रोहटा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो दिन पहले वार्ड ब्वॉय और फार्मासिस्ट के साथ पूर्व प्रधान व उसके पुत्र व भतीजे द्वारा की गई मारपीट के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दूसरे दिन भी कर्मचारियों व चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवाएं ठप रखी। इसके चलते दिन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीज इधर उधर इलाज के लिए परेशान भटकते रहे। वहीं दूसरी ओर चिकित्सकों में कर्मचारियों ने दो दिन के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

गौरतलब है कि दो दिन पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रात के समय फार्मासिस्ट हरिओम और वार्ड ब्वॉय फुरकान के साथ में पूर्व प्रधान चमन उनके भाई,भतीजे व पुत्र ने घायल के उपचार में देरी को लेकर बुरी तरह से मारपीट की थी। और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तोड़फोड़ भी की गई थी। इस प्रकरण में फार्मासिस्ट हरिओम पवार और फुरकान वार्ड ब्वॉय की ओर से ग्राम प्रधान चमन,भाई मदन, भतीजे व पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसे लेकर गुरुवार को चिकित्सकों ने इस मारपीट के विरोध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पूरे दिन स्वास्थ्य सेवाएं ठप रखकर हड़ताल कर दी थी। जिसके चलते यहां स्वास्थ्य सेवाएं गुरुवार को पूरी तरह से ठप रही।वहीं शुक्रवार को भी इस प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर शुक्रवार सुबह चिकित्सकों व कर्मचारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बैठक की। जिसके बाद रणनीति तय करते हुए सभी कर्मचारी व चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर धरने पर बैठ गए और आरोपियों गिरफ्तारी नहीं होने तक चिकित्सा समय सेवाएं पूरी तरह से ठप रखने का ऐलान कर दिया जिसके चलते दूसरे दिन भी शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह से ठप रही और मरीज इलाज के लिए इधर-उधर भटकते रहे ।वहीं दूसरी ओर मारपीट के आरोपित गिरफ्तारी दो दिन के भीतर नहीं होने को लेकर चिकित्सकों व कर्मचारियों ने आंदोलन की चेतावनी भी जारी कर दी है। मारपीट प्रकरण में नामजद की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर चिकित्सकों में रोष बढ़ता जा रहा है तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिले भर के अन्य चिकित्सक भी संपर्क में है जिसके चलते हैं आंदोलन और जगह पर भी बढ़ सकता है।

शकुन यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर शहीदों के परिवारों को किया सम्मानित

धर्मपाल गिरी पब्लिक एशिया

बागपत। बागपत के पूर्व लोकसभा प्रभारी एवं अर्जुन अवार्डी व लक्ष्मण अवार्डी अभयवीर यादव ने बालैनी स्थित शकुन शक्ति स्थल अपने पारिवारिक फार्म हाउस पर अपनी माताजी एवं बागपत की प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर अपने परिवार व अपनों के संग हवन व मन्त्रोंचार कार्यक्रम पूर्ण कर शकुन शक्ति फाउंडेशन द्वारा पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम किया गया।

इसमें गत 10 वर्षों में देश की सेवा करते हुए शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को चांदी की गिन्नी व गृह उपयोगी साधनों से सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रवीण यादव स्वर्गीय रमेश यादव स्वर्गीय प्रशांत शर्मा के परिवारजन उपस्थित थे। सासा व शकून यादव फाउंडेशन की तरफ से खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले 16 अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों को रिबोक ट्रेक किट व स्पोर्ट शूज तथा धनराशि देकर सम्मानित किया गया। जिसमे तान्या चौधरी को 36 हजार रुपये की धनराशी देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में क्षेत्र के सभी इंटर कॉलेज के 10वीं तथा 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले 12 छात्र व छात्राओं को स्मार्ट वॉच व धनराशी देकर सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में बागपत विधायक योगेश धामा, रेणु धामा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, बडौत पालिका अध्यक्ष अश्वनी तोमर, प्रदीप ठाकुर सांसद प्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष जय किशोर ,पूर्व राज्य मंत्री कुलदीप उज्जवल, डॉ जगपाल तेवतिया, ब्लाक प्रमुख सुभाष गुर्जर, पूर्व विधायक चौधरी साहब सिंह, राहुल देव ब्लाक प्रमुख, अनुराधा, अभिनव यादव, रविंद्र यादव जिला अध्यक्ष, नरेंद्र यादव, तेजपाल गुर्जर, रेखा, निर्देश चौधरी और क्षेत्र के सभी बीडीसी मेम्बर, जिला पंचायत सदस्य तथा क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

उपभोक्ता अब घर बैठे जमा करें बिजली बिल

पॉवर कारपोरेशन एवं विभिन्न बिलिंग एजेन्सियों के बीच हुआ समझौता

सन्तोष कुमार, पब्लिक एशिया

मेरठ। प्रबन्ध निदेशक, श्रीमती चैत्रा वी. ने बताया कि उपभोक्ताओं को घर बैठे बिजली के बिल का भुगतान करने की सुविधा के लिये, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. एवं विभिन्न एजेन्सियों के मध्य अनुबन्ध हस्ताक्षरित किये गये हैं। उप्र पावर कारपोरेशन लि. द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं जिससे बिलिंग, मीटरिंग आदि व्यवस्थाओं में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

ग्रामीण क्षेत्रों में विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर(वीएलई) को बढ़ावा देने के लिये, प्रदेश सरकार द्वारा सामान्य जन सुविधा केन्द्रों का विशाल नेटवर्क स्थापित किया गया है। हालांकि सामान्य जन सुविधा केन्द्र, डिस्कॉम के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत बिलों को जमा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं किन्तु सामान्य जन सुविधा केन्द्रों के सीमित संसाधनों के मद्देनजर विभाग द्वारा अब सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ने के लिये, सी0एस0सी0 के अतिरिक्त पांच नयी बिलिंग एजेन्सी मै0 वयम टेक्नोलॉजी लि0, मै0 सहज रिटेल लि0, मै0 रानापेय इण्डिया प्राइवेट लि0, मै0 बी0एल0एस0 इन्टरनेशनल सर्विसेस लि0 एवं मै0 सरल ई-कोमर्स के मध्य अनुबन्ध हस्ताक्षरित किये गये हैं। नयी बिलिंग एजेन्सी, ग्राम स्तरीय उद्यमी(वी.एल.ई.) के माध्यम से उपभोक्ताओं से सीधा सम्पर्क स्थापित करेगी जिससे कि एक ओर जहां डिस्कॉम के राजस्व संग्रह में वृद्धि होगी, साथ ही साथ डिजिटल विभाजन(ग्रामीण-शहरी) कम होगा तथा ग्रामीण समुदायों का सशक्तिकरण होगा। ग्राम स्तरीय उद्यमी, विभाग और नागरिकों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेंगे।

उक्त एजेन्सियों के मध्य अनुबन्ध होने से, उपभोक्ता अपनी कन्ज्यूमर अकाउन्ट आई0डी0 के साथ, एजेन्सी के किसी भी प्रतिनिधि से सम्पर्क कर, अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं या एजेन्सी के प्रतिनिधि डोर-टू-डोर जाकर मासिक बिजली बिल के भुगतान के लिये उपभोक्ता से सम्पर्क कर सकते हैं इससे न केवल उपभोक्ता घर बैठे बिजली के बिल का भुगतान करने का लाभ उठा सकेंगे बल्कि उपभोक्ताओं को बहुमूल्य समय और धन की भी बचत होगी।

पूर्व में जहां उपभोक्ताओं को बिजली का बिल जमा कराने के लिये बिजलीघर जाकर बिजली का बिल जमा कराना पड़ता था तथा लम्बी-लम्बी कतारों में भी खड़े रहकर, बिजली का बिल जमा कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था वहीं अब उपभोक्ताओं को घर बैठे, बिजली के बिल का भुगतान करने की सुविधा प्राप्त होगी और विभाग को भी मासिक राजस्व संग्रह में सकारात्मक वृद्धि हो सकेगी। एजेन्सी ई-वॉलेट के माध्यम से विद्युत बिलों का कलेक्शन का कार्य करेंगे। एजेन्सी बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं से, वास्तविक बिजली बिल से अधिक कोई शुल्क नही लेंगे। बिल भुगतान के उपरान्त, एजेन्सी द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली बिल की रसीद तत्काल उपलब्ध करायी जायेगी।

श्रीराम इंटर कॉलेज पुसार कान्हड़ में आयोजित हुआ आशीर्वाद समारोह

जीवन में सफल होने का मूल मंत्र चरित्रवान, ईमानदार ,एवं संस्कारवान होना है, अति आवश्यक उपेंद्र चौधरी

संगति को दे विशेष महत्व ,डा राजीव तोमर।

सुनील चौहान पब्लिक एशिया

दोघट। श्रीराम इंटर कॉलेज पुसार कान्हड के प्रांगण में सत्र 2023 - 24 के 12वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ वैदिक यज्ञ के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी कॉलेज डायरेक्टर उपेन्द्र चौधरी व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव तोमर ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ। आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपेन्द्र चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफल होने के लिए सर्वप्रथम चरित्रवान, ईमानदार, संस्कारवान होना अवश्य है। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव तोमर ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि छात्र संगति का विशेष महत्व है, क्योंकि आपका भविष्य आपकी संगति पर निर्भर करता है। गलत आदतें बच्चे अपने बिगड़े दोस्तों से ही सीखते हैं। कार्यक्रम में कक्षा 12 की छात्रा खुशी चौधरी, कृष्टि, महक, मानसी, आंचल अवनी आरती टीना ने कहा कि विद्यालय का माहौल तथा अनुशासन एव शैक्षिक गतिविधियाँ सर्वश्रेष्ठ है द्य छात्र विशु चौधरी, जयंत, वंश, अभिनव, चिराग, हर्षित आदि ने समय समय पर मोटीवेशनल तथा शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए शिक्षको का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की छात्रा आयुषी चिल्कर और कृतिका ने किया। कॉलेज एडमिन शैली तोमर ने बच्चों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का सहयोग रहा। इस मौके पर, वरिष्ठ प्रवक्ता शिवकुमार, विकास, कपिल, सिद्धांत वाशु, संजीव, बी.पी. सिंह, श्रीमती सोनू, श्रीमती रजनी, श्रीमति मोनिका, अंशु दीपिका, ज्योति, वर्षा, श्रृष्टि, नेहा, रूपाली, सुनीता, आदि का सहयोग रहा।

अखिलेश यादव 20 को मुरादाबाद में लोस चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं का टटोलेंगे मन, मिलेंगे डा. बर्क से

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव 20 फरवरी को जिले में रहेंगे। वह हैलीकाप्टर से दलपतपुर स्थित एयरपोर्ट पर उतरेंगे। शुरुआती कार्यक्रम के तहत वह सिद्ध अस्पताल में भर्ती सम्भल के सांसद डा. शाफीकुर्रहमान बर्क का हालचाल जानने जाएंगे। जिलाध्यक्ष डीपी यादव के मुताबिक एक-दो दिन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का विस्तृत कार्यक्रम मिल जाएगा। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं का मन भी टटोलेंगे।

डिटेल प्रोग्राम का इंतजार

सपा जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने बताया कि 20 फरवरी को अखिलेश यादव का मुरादाबाद दौरा है। वह एयरपोर्ट पर उतरेंगे और उसके बाद सिद्ध अस्पताल जाएंगे। याद रहे कि सिद्ध अस्पताल में सांसद डा. बर्क उपचाराधीन हैं। माना जा रहा है कि

विधायक नवाब जान खान के बेटे को आशीर्वाद देने ठाकुरद्वारा जा सकते हैं। याग रहे कि अखिलेश यादव नवाब जान के बेटे के वलीमे में शिरकत करने आना चाहते थे, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उन्हें अपने कार्यक्रम निरस्त करना पड़ा था। डीपी यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मुरादाबाद जिले का विस्तृत कार्यक्रम शनिवार शाम तक मिलने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि इस सीट पर कांग्रेस की दावेदारी के मद्देनजर वह कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी राय भी जानेंगे।

मुख्य समाचार

ज़ैड ग्लोबल स्कूल में मैथ्स के मॉक टेस्ट का परिणाम : इनाम की राशि हुई चौगुनी

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » ज़ैड ग्लोबल स्कूल की ऑप्टिमा शाखा में कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं पर आधारित गणित विषय की मॉक परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में रोहतक के विभिन्न विद्यालयों के 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया था। इस परीक्षा का परिणाम आज (वीरवार) ज़ैड ग्लोबल स्कूल के ऑडिटोरियम में घोषित किया गया। जिसमें उनचास विद्यार्थियों को कैश प्राइज़ दिए गए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेश जैन (एमडी, एलपीएस बोसार्ड)तथा श्री हिमांशु ग्रोवर पधारे। मॉक परीक्षा मे अव्वल आने वाले विद्यार्थी अनुष्का, मयंक, महक, परीक्षा तथा मुस्कान को ग्यारह - ग्यारह हजार की राशि देकर पुरस्कृत किया गया। स्कूल निदेशक चंद्र गर्ग ने बताया कि पहले इनाम की राशि तैंतीस हजार निर्धारित की गई थी जिसमें पहले स्थान पर आने वाले तीन विद्यार्थियों ग्यारह-ग्यारह हजार की राशि देनी तय हुई थी, किन्तु विद्यार्थियों का उत्साह तथा परीक्षा का परिणाम देखते हुए यह राशि बढ़ाकर 1.3 लाख कर दी गई। स्कूल संचालक हर्षित गर्ग ने इनाम प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को स्कूल मे प्रवेश लेने पर 50 प्रतिशत की स्कॉलरशिप स्कूल की तरफ से देने का वादा किया। स्कूल निदेशिका प्राची गर्ग और प्राचार्या सीमा सचदेवा ने आए हुए विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अन्त में अभिभावकों तथा विद्यार्थियो को रिफ्रेशमेंट दे कर विदा किया।इस अवसर पर मुख्य सलाहकार दीपक अरोड़ा,मीडिया प्रभारी राजेश जैन तथा स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

थाने में शादी का विवाद निपटाने के एवज में 20 हजार रुपये रिश्वत लेने वाली महिला गिरफ्तार

एजेंसी

चंडीगढ़, » पंजाब सतर्कता विभाग ने राज्य में भ्रष्टाचार विरोधी चलाये अभियान के दौरान महिला मनमीत कौर निवासी गांव भोलापुर, बमियाल जिला पठानकोट को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि उपरोक्त आरोपी को बलजीत कौर निवासी सिबल स्कोल, तहसील नरोट जैमल सिंह, जिला पठानकोट द्वारा मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन में दर्ज करवाई गई आनलाइन शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उक्त मनमीत कौर ने उसके पति के साथ वैवाहिक विवाद को निपटाने के बदले में 20 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर लिए और थाना नरोट जैमल सिंह के एस.एच.ओ. सब-इंस्पेक्टर अजविंदर सिंह के नाम पर 20-25 हजार रुपये की अतिरिक्त रिश्वत की मांग कर रही है। शिकायतकर्ता ने पैसे की मांग करते समय आरोपी के साथ हुई बातचीत को रिकार्ड कर लिया। उन्होंने कहा कि विजीलेंस रेंज अमृतसर ने इस शिकायत की जांच की और आरोप सही पाये गये। इस संबंध में आरोपी मनमीत कौर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7-ए के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की आगे की जांच जारी है और संबंधित पुलिस कर्मियों की भूमिका की भी जांच की जायेगी।

चंडीगढ़ प्रशासक के सलाहकार द्वारा नए आपराधिक कानूनों पर आईओ की हैंडबुक और मोबाइल ऐप लॉन्च किया

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़ » मोबाइल ऐप 'नए भारतीय कानून सीखें' और तीन (03) नए आपराधिक कानूनों पर जांच अधिकारी पुस्तिका यानी भारतीय न्याय संहिता, 2023 ('बीएनएस'), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (%बीएनएसएस%), भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (बीएसए) राजीव वर्मा, आईएएस, प्रशासक के योग्य सलाहकार, चंडीगढ़ द्वारा यू.टी. में लॉन्च/जारी किया गया। सचिवालय भवन. इस अवसर पर डॉ. विजय नामदेवराव ज़ादे आईएएस वित्त सचिव यूटी चंडीगढ़, नितिन कुमार यादव आईएएस गृह सचिव यूटी चंडीगढ़ प्रवीर रंजन, आईपीएस पुलिस महानिदेशक चंडीगढ़, राज कुमार सिंह आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक यूटी चंडीगढ़ के साथ 100 पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। . मोबाइल ऐप हमारे साइबर इंटर्न और हैकथॉन/साइबरथॉन प्रतिभागियों द्वारा विकसित किया गया है। चंडीगढ़ पुलिस द्वारा नए आपराधिक कानूनों पर पहला मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया। यह ऐप तीन नए कानूनों से जुड़ी सारी जानकारी मुहैया कराएगा. इसे कोई भी प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकता है। चंडीगढ़ पुलिस का प्रयास है कि लोगों को पूरी जानकारी मिले। इस ऐप में लोग नए और पुराने दोनों कानूनों के प्रावधानों और उनके बीच के अंतर को समझ सकेंगे। इसके अलावा, एक इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर हैंडबुक भी लॉन्च की गई है, जो सभी चंडीगढ़ पुलिस अधिकारियों को प्रदान की जाएगी। इसे लेकर चंडीगढ़ पुलिस ने 500 पुलिस अधिकारियों को तीन नए कानूनों की ट्रेनिंग भी दी है।

किसानों को बदनाम करने के लिए खुद सड़कें रोक रही है बीजेपी-जेजेपी सरकार : आफताब अहमद

कहा- सड़कें और इंटरनेट बंद करके जनता को परेशान कर रही है सरकार

जुबैर खान, पब्लिक एशिया

नूंह, » किसानों को बदनाम करने के लिए सरकार जानबूझकर सड़कें जाम कर रही है। सड़कें और इंटरनेट बंद करके बीजेपी-जेजेपी साजिश के तहत जनता को परेशान कर रही है ताकि किसानों के खिलाफ नकारात्मक प्रचार किया जा सके। ये कहना है कांग्रेस विधायक आफताब अहमद का। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज है। बीजेपी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के तहत (सी-2 जमा 50 प्रतिशत मुनाफा) एमएसपी देने का वादा करके सत्ता में आई थी। लेकिन सत्ता में आने के बाद वो अपने वादे से पलट गई। आज किसान इसी वादे को याद दिलाने के लिए आंदोलनरत हैं।

लेकिन उनको रोकने के लिए सरकार पूरी तरह असंवैधानिक और गैर-कानूनी तरीके अपना रही है। बाकायदा हाई कोर्ट ने भी इसके लिए सरकार को फटकार लगाई है। क्योंकि बीजेपी-जेजेपी सरकार को इस तरह सड़कें रोकने, उनपर कीलें बिछाने, पत्थर डलवाने और कंक्रीट की दीवार खड़ी करने का कोई अधिकार नहीं है। सरकार बताएं कि किस कानून के तहत उसने सड़कों और इंटरनेट को बंद किया है? आफताब अहमद ने बताया कि कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश का पूरी तरह समर्थन करती है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सी2 फार्मूले पर एमएसपी देने का ऐलान किया है। जब यूपीए सरकार के दौरान यह रिपोर्ट आई थी तो स्वामीनाथन की 201 सिफारिशों में से 175 को कांग्रेस ने लागू करने का काम किया था।

इन सिफारिशों के तहत यूपीए सरकार ने किसानों के 72,000 करोड़ रुपए के लोन माफ किए थे। हरियाणा में लगभग 2200 करोड रुपए के कर्ज माफ हुए थे और 1600 करोड़ रुपए के बिजली बिल माफ किए गए थे। पूरे देश में फसली लोन पर ब्याज दर को 11% से घटकर 4 प्रतिशत कर दिया गया था और हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने फसली लोन को जीरो कर दिया था। इतना ही नहीं स्वामीनाथन की सिफारिश के मुताबिक ही खेती को पूरी तरह टैक्स मुक्त रखा गया था। कांग्रेस ने कभी भी खाद, बीज, दवाई, ट्रैक्टर, सिंचाई समेत खेती के तमाम उपकरणों पर टैक्स नहीं लगाया। इतना ही नहीं अलग-अलग योजनाओं के तहत खेती संसाधनों पर 100| तक की छूट दी जाती थी। आफताब अहमद ने याद दिलाया कि 2005 में कांग्रेस सरकार बनने से पहले हरियाणा में इनेलो-बीजेपी सरकार के दौरान लोन नहीं चुकाने पर किसानों की जमीन कुर्क कर दी जाती थी और किसानों को पकड़ कर जेल में डाल दिया जाता था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसपर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया और किसी भी किसान की जमीन कुर्क नहीं होने दी। किसानों को संरक्षण देने के लिए अधिग्रहण का मजबूत कानून बनाया गया। इसमें प्रावधान किया गया कि किसान की मर्जी के खिलाफ कोई उसकी जमीन का अधिग्रहण नहीं कर सकेगा। लेकिन बीजेपी सरकार ने उस कानून को कमजोर कर दिया। इसीलिए किसान फिर से 2013 वाला कानून लागू करने की मांग को लेकर भी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान नाममात्र खर्चे पर किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन दे दिए जाते थे। लेकिन आज लाखों रुपए देने के बाद भी किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन नहीं मिल पाते। हुड्डा सरकार के दौरान सिंचाई के लिए हांसी-बुटाणा नहर, वाटर रीचार्ज के लिए दादुपुर-नळ्वी नहर, सिरसा में ओटू झील बनाई गई थी। फव्वारा सिंचाई उपकरणों पर 100 परसेंट तक सब्सिडी दी गई थी। इतना ही नहीं, सी2 जमा 50 प्रतिशत मुनाफे के फार्मूले पर एमएसपी देने के लिए भी कांग्रेस सरकार ने फसलों के रेट में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी की। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो 1999 से 2004 तक देश में भाजपा गठबंधन सरकार थी। लेकिन उस सरकार के दौरान धान के रेट में सिर्फ 14% यानी सालाना बस 2.3% की बढ़ोत्तरी हुई। लेकिन कांग्रेस सरकार के दौरान धान की एमएसपी में कुल 143% यानी सालाना 14.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। लेकिन मोदी सरकार के दौरान धान के रेट में सिर्फ 54.1% यानी सालाना सिर्फ 6% बढ़ोत्तरी हुई। इसी तरह 1999 से 2004 तक गेहूं के एमएसपी में भाजपा गठबंधन सरकार ने कुल 10.3% यानी सालाना 1.7% बढ़ोत्तरी ही की। लेकिन कांग्रेस ने उससे 12 गुणा ज्यादा 126% यानी सालाना 12.7% बढ़ोत्तरी की। लेकिन मोदी सरकार के दौरान 126% के मुकाबले गेंहू की एमएसपी में सिर्फ 39.3% ही बढ़ोत्तरी हुई।

उन्होंने कहा कि सिर्फ धान और गेहूं ही नहीं, मनमोहन सरकार ने लगभग हरेक फसल के रेट में ढाई से तीन गुणा (150-200%) की बढ़ोत्तरी की। लेकिन मोदी सरकार में बमुश्किल 50| का ही इजाफा हुआ। जबकि इस दौरान खेती की लागत में कई गुणा की बढ़ोत्तरी हो चुकी है।

रोहतक कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर 27 विद्यार्थियों को हस्तक्षन स्किल सर्टिफिकेट दिये गये

पब्लिक एशिया ब्यूरो

रोहतक, » शहर में सुखपुरा चौक के पास चल रहे रोहतक कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर 16 फरवरी 2024 को हस्तक्षन स्किल प्रमाण पत्र का वितरण समारोह किया गया इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर श्री सतीश नांदल (प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा) जी उपस्थित रहे, 3 महीने का इंडस्ट्रियल सिलाई मशीन चलाने का कोर्स कर चुके विद्यार्थियों ने इस अवसर पर सतीश नांदल जी से बातचीत की और उन्होने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही PM Vshwa-karma, MSME में बिजनेस करने के लिए मिलने वाले लोन के लिए व अन्य योजनाओं के बारे में बताया। संचालक वीरेंद्र मुदगिल ने बताया कि रोहतक कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर सिलाई व कटाई का कोर्स व कम्प्युटर कोर्स करवाया जाता है जो कि हस्तक्षन स्द्ध1द्ध्य-2,4 कोर्स है इसमें प्रमाण पत्र स्ध्द्धह्द्धस्"ड्ड ऑफ टेक्सटाइल द्वारा दिया जाता है और यह कोर्स हर भारतीय के लिए फ्री है ये कोर्स 300 घंटे का कोर्स है और ऐसे कोर्स करने के बाद हमारा देश कुशल बनेगा तभी हम वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दे पाएंगे। इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि सतीश नांदल जी व योगेंदर गोगा पंडित, पंडित श्री कृषण (भैंसवाल) नरशी मुदगिल, ईश्वर भारद्वाज, आनंद शर्मा, पवन शर्मा, राजीव कुमार रोहिल्ला, भूप सिंह जांगड़ा,सुरेंदर मुदगिल, रोहित ठाकुर, सोनू, आकाश बिडलान, अमित शर्मा व काफी संख्या में युवक व युवतियाँ उपस्थित रहे।

बीएमयू की छात्राओं ने जीती ओवर ऑल ट्रॉफी

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा शाखा द्वारा हरिद्वार में छात्राओं के लिए राज्य स्तरीय छह दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हरियाणा के 18 विश्वविद्यालयों और 17 महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में रेडक्रॉस की विभिन्न गतिविधियों जैसे रक्तदान, प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य रक्षा, समाजसेवा, सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और रेडक्रॉस के इतिहास सहित विभिन्न विषयों पर विशेष व्याख्यानमाला अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ गायन, नृत्य, नाटक का भी आयोजन किया गया। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. संजय कुमार एवं काउंसलर डॉ. नेहा आर्य ने बताया कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की टीमों ने समूह नृत्य प्रतियोगिता में राज्य की सभी टीमों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान , लकी स्टार फॉर यूथ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा एकल गायन में दूसरा स्थान एवं समूह गान में तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणा रेडक्रॉस के जनरल सेक्रेटरी डॉ. मुकेश अग्रवाल ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कैम्प के जनरल सेक्रेटरी डॉ. मुकेश अग्रवाल ने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की सभी टीमों एवं वाई.आर.सी प्रोग्राम कॉरडीनेटर, कॉउसलर डॉ. नेहा आर्य की सम्पूर्ण टीम को बेस्ट कोर्डिनेशन बाई टीम-1 ट्रॉफी से सम्मानित किया वाई.आर. सी. टीम के विश्वविद्यालय में पहुंचने पर प्रों चॉसलर डॉ. अन्जना राव एवं वाइस चॉसलर डॉ. आर.एस. यादव ने वाई.आर.सी टीम को बधाई देते हुए

अमृतसर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में बड़ी संख्या में यात्री उड़ानों ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़े : समीप सिंह

एजेंसी

अमृतसर » पंजाब का सबसे बड़ा और व्यस्ततम श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अमृतसर, अब यात्रियों और हवाई यातायात के मामले में साल 2023 के इतिहास में नंबर एक हवाई अड्डा बन गया है। अमृतसर हवाई अड्डे पर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिये प्रयासरत फ्लाई अमृतसर इनिशिएटिव के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला ने शुक्रवार को कहा कि हवाई अड्डे पर पहली बार एक ही महीने में तीन लाख से अधिक यात्रियों ने रिकॉर्ड बनाया है। गुमटाला के अनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने हाल ही में दिसंबर 2023 के लिये भारत के हवाई अड्डों से हवाई यातायात पर डेटा जारी किया और पिछ्ले वर्षों के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कुल 3,38,712 (लगभग 3.38 लाख) यात्रियों का स्वागत किया गया था, जिसमें 2,31,699 घरेलू और 1,06,813 अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल हैं। उसी महीने 2,202 उड़ानों का अब तक का सबसे अधिक यातायात दर्ज किया गया, जिसमें 1,604 घरेलू और 598 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल थीं। ऐसा भी पहली बार हुआ कि एक महीने में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कुल संख्या एक लाख का आंकड़ा पार कर गयी। इससे पहले, नवंबर 2023 2 लाख 85 हजार यात्रियों के साथ सबसे अधिक यात्री और हवाई यातायात वाला महीना था।

पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को दिलाएगी नई पहचान : धीरेंद्र खड़गटा

कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने में करेगी मदद

पब्लिक एशिया ब्यूरो

नूंह, » उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई है जिससे शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को नई पहचान मिलेगी। साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने में मदद करेगी।

उपायुक्त ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य फोकस कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना और यह सुनिश्चित करना है कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। यह योजना पूरे में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी. योजना के तहत विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है। पीएम

विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार की ओर से विश्वकर्मा भाइयों-बहनों को 3 लाख रुपए तक बिना गारंटी ऋण,15 हजार रुपए के टूलकिट, स्किल अपग्रेडेशन के लिए स्किल ट्रेनिंग के साथ 500 रुपए प्रतिदिन स्टाइपेंड, तैयार उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग और विज्ञापन जैसी मार्केटिंग सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

पीएम विश्वकर्मा के तहत कौन कर सकते हैं आवेदन » पीएम विश्वकर्मा योजना में बढ़ई, नाव निर्माता, अस्त्रकार, लोहार, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला, पत्थर तोडने वाला जैसे कई कौशल कारीगर शामिल हैं। इस योजना के जो भी लाभार्थी होंगे उन्हें सरकार द्वारा सर्टिफिकेट और आईडी भी मिलेगी। इस योजना में परिवार का केवल एक सदस्य ही आवेदन दे सकता है। भारत सरकार की नई स्कीम पीएम विश्वकर्मा के तहत 18 श्रेणियों के कारीगरों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन, मुफ्त औजार, प्रशिक्षण, मार्केटिंग सपोर्ट, डिजिटल ट्रांजेक्शन (यूपीआई) को प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहन, सर्टिफिकेट तथा पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा।

पीएम विश्वकर्मा योजना का किया जाए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार : डीसी

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रार्थी की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो और पिछ्ले 5 वर्षों में केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार की किसी भी स्वरोजगार की योजना में ऋण ना लिया हो। सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं होंगे। सभी पात्र दस्तकार एवं कारीगर अपने आधार नंबर, मोबाइल, बैंक विवरण एवं राशन कार्ड के साथ अपने नजदीकी सीएससी केंद्र/अटल सेवा केंद्र से अपना पंजीकरण करवाकर इस योजना के लाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र व्यक्ति योजना का अधिक से अधिक लाभ उठा सके इसके लिए योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुए ज्यादा लोगों को जागरूक करें। वहीं जिला के सभी सीएससी केंद्रों पर आने वाले पात्र व्यक्तियों को भी योजना की जानकारी अवश्य दी जाए।

ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा ने उपायुक्त कार्यालय रोहतक के सामने क्रमिक अनशन पर बैठे

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » है जिला झज्जर पांच पेंनशर क्रमिक अनशन पर बैठे। ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के संयोजक कुलभूषण शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, मेहरसिंह नैन व देवराज नांदल ने धरने पर बैठने वाले जिला झज्जर के पेंनशर को फूलमाला पहनाकर कर क्रमिक अनशन पर बैठे। क्रमिक अनशन पर जिला झज्जर के पेंनशर साथी करतार सिंह बूरा, चंद्रभान शर्मा, ताराचंद जाखड़, रणधीर गुहना व रणबीर ढाका क्रमिक अनशन पर बैठे अनशन में पूरे प्रदेश से 15 सदस्यीय कमेटी मौजूद रहीं। सभी सदस्यों ने धरने पर बैठे साथियों को संबोधित किया ओर अपनी मांगों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर आम आदमी पार्टी के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान अनुराग डांढा ने अपनी टीम के साथ अनशन स्थल पहुंच कर ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आंदोलन का पूर्ण समर्थन किया। उन्होंने आश्वासन दिया की आने वाले चुनावों के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही रिटायर्ड कर्मियों की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। रिटायर्ड कर्मियों की मांगों में मुख्य रूप से 65, 70, व 75 वर्ष आयु उपरांत क्रमशः 5|,10| व 15| की बेसिक पेंशन वृद्धि सभी बिमारियों के लिए कैशलस मेडिकल सुविधा लागू की जाए व चिकित्सा भत्ता 1000/- की बजाय 3000 /- रू प्रति मासिक किया जाए,

कम्युटेशन की रिकवरी 15 वर्ष से घटाकर पहले की तरह 12 वर्ष की जाए फैमिली पेंनशरज को भी एलटीसी की सुविधा दी जाए।करोना काल का 18 महीने का बकाया डीए एरियर शीघ्र जारी किया जाए। लेकिन सरकार की हठधर्मिता के कारण इस पर अभी तक कोई सुनवाई न होने के कारण सेवानिवृत्त

कर्मचारीयों में जबरदस्त रोष व्याप्त है। अखिल भारतीय राज्य पऐंशनर्ज फेडरेशन ने हरियाणा के पऐंशनर्ज की मांगों के समर्थन मे हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर सर्मथन किया है। सभी वक्ताओं ने सरकार से अपील कि अब भी समय है समय रहते पेंनशर की मांगों को पूरा करें।अन्यथा मौजूदा सरकार को बहुत महंगा पड़ेगा। क्योंकि हरियाणा के 3.25 लाख पेंशनर चुनाव का रूख मोड़ने में सक्षम है। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य संयोजक कुलभूषण शर्मा ने की व मंच संचालन मेहर सिंह नैन व प्रेम सिंह सैनी ने संयुक्त रूप से आज के वक्ताओं मे राज्य संयोजक कुलभूषण शर्मा, अध्यक्ष मंडल सदस्य देवराज नांदल, मेहरसिंह नैन, वीरेंद्र शर्मा, भले राम बूरा, रामकरण बल्हारा, प्रेम सिंह बांगड़, सूबे सिंह,अजीत नहरा, भरत सिंह पुनिया भल्ले राम बूरा, ऋषि देव रोहिल्ला, राजेन्द्र सिंह नैन हिसार जयप्रकाश,करतार सिंह, निर्मल हुड्डा, राजबीर भदाणी,डी एस रेढ़ू,जोरा सिंह जींद,, रामरती सहरावत,, धनपति हुड्डा, रोशनी , प्रेम सिंह राठी,सतीष खनगवाल, रामचंद्र शर्मा, शमशेर सिवाच,तुम्हीं राम, राजेन्द्र शर्मा,मूर्ति देवी, रामकिशन, राजेन्द्र फौगाट, सतनारायण हुड्डा,सूरजमल ने भी संबोधित किया।

10 वर्ष पहले बने आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपडेट करवाएं नागरिक : उपायुक्त

नागरिक स्वयं भी आधार पोर्टल पर कर सकते हैं डॉक्यूमेंट अपडेट

माई आधार पोर्टल या माई आधार ऐप के माध्यम किया जा सकता है आधार डॉक्यूमेंट अपडेट

पब्लिक एशिया ब्यूरो

नूंह, » जिला के सभी नागरिकों को पिछ्ले 10 वर्ष पहले बने आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपडेट करवाने होंगे। किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए नागरिक जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करवाएं। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय विशिष्टे पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआइई) ने आधार कार्ड में आगामी 14 मार्च 2024 तक मुफ्त ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेशन की सुविधा मुहैया की है। इस दौरान आधार में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन के लिए निवासियों का किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा। वही आधार केंद्र पर 50 रुपए शुल्क देना होगा। ऐसे में नागरिक खुद भी आधार पोर्टल से अपने डॉक्यूमेंट अपडेट करवा सकते है । उन्होंने ने बताया कि इससे पहले लोगों को आधार पोर्टल पर अपने दस्तावेज को अपडेट करने के लिए 25 रुपए का भुगतान करना पड़ता था ये सेवा केवल आधार पोर्टल पर मुफ्त हैं। उन्होंने बताया कि आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ माई आधार पोर्टल (myaadhaar.uidai.gov.in) और माई आधार ऐप के माध्यम से लिया जा सकता है, जहां पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी उपलब्ध है।

ऐसे में वे सभी नागरिक जिनके आधार कार्ड 10 साल पहले बने थे वह अपना आधार कार्ड मे दस्तावेज अपडेट जरूर करवाएं। विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। ऐसे में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए नागरिक जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करवाएं।

मुख्य समाचार

अन्याय के कारण देश में फैल रही है हिंसा : राहुल

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंदौली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि अन्याय के चलते देश में हिंसा की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। बिहार सीमा पर स्थित चंदौली जिले के नौबतपुर पहुंची राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रदेश व जिला कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। मंच पर झंडे का हस्तांतरण करने के उपरांत सैयदराजा स्थित नेशनल इंटर कॉलेज परिसर में गांधी के नेतृत्व जनसभा हुई। सभा में राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा।उन्होंने कहा "देश में दो तरह की विचारधारा चल रही है। एक भाई को भाई से जोड़ती है और एक भाई से भाई की नफरत कराती है। इस यात्रा के जरिये नफरत के बाजार में मैं मोहब्बत की दुकान खोलने आया हूं। पिछली यात्रा से इस यात्रा में एक अलग मुद्दा न्याय का जोड़ा गया है। सरकार का गरीबों व किसानों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। देश में हिंसक घटनाओं में निरंतर बढोत्तरी हो रही है जिसका मुख्य कारण किसानों, गरीबों, महिलाओं व युवाओं के साथ अन्याय होना है।"

गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देशवासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। यात्रा जिस राज्य से होकर गुजर रही है वहां ऐतिहासिक स्वागत किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य केंद्र की मोदी सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचना है। भाजपा भगवान राम को लेकर राजनीति कर रही है। रामलाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह में गरीब, दलित वर्ग से आने वाले देश की राष्ट्रपति को जगह नहीं मिली,इससे सरकार की मंशा जाहिर होती है।

इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पैदल यात्रा करते हुए शहीद स्थल पहुंचे और अमर शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर चंदौली व मुगलसराय शहर होते हुए पड़ाव के लिए प्रस्थान कर गये। पड़ाव में यात्रा का पहला विश्राम होगा।शनिवार को यात्रा चंदौली के पड़ाव से चलकर वाराणसी में प्रवेश करेगी। उसके बाद यात्रा अपने पूर्व निर्धारित मार्ग भदोही, अमेठी,रायबरेली, लखनऊ, कानपुर से होते हुए आगे जायेगी। सभा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय,वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी व जयराम रमेश के पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ ही बड़ी संख्या में आये कार्यकर्ता व आम जन मौजूद रहे। सभा में इंडिया घटक दल के राष्ट्रीय नेताओं के आने की बात थी,लेकिन मंच पर घटक दल का कोई प्रमुख नेता नजर नहीं आया।

समाजवादी पार्टी के गुण्डों और माफियाओं के संरक्षण में चलता था सहकारिता विभाग : सुब्रत पाठक

पब्लिक एशिया ब्यूरो

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में कन्नौज जिले से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने सोमवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का सहकारिता विभाग समाजवादी पार्टी के गुण्डो और माफियाओं के संरक्षण में चलता था। सपा के गुण्डों और माफियाओं द्वारा सहकारिता विभाग के रिकॉर्ड में हेराफेरी करके धन का बंदर बांट होता था। पाठक ने शुक्रवार को फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ स्थित जिला कोऑपरेटिव बैंक 64 वे वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक में, राज्य सहकारिता मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर के ना आने पर मुख्य अतिथिपद से बोलते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में सहकारिता विभाग का कायाकल्प करने का काम तेजी से शुरू हुआ।

उन्होंने बताया कि गुजरात के सहकारी विभाग के तर्ज पर उत्तर प्रदेश में सहकारी विभाग की व्यवस्था सुधारने के लिए हमारी सरकार के प्रयास निरंतर जारी है। जिसके फल स्वरूप निरंतर घाटे में चल रहा सहकारिता विभाग आज मुनाफे की ओर अग्रसर है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि किसानी और सहकारिता आंदोलन ,रोजगार देने का एक प्रमुख जरिया है इसीलिए सहकारी क्षेत्र को पूर्ण रूपेण जीवित करने एवं पारदर्शी बनाने के लिए, आधुनिकीकरण कंप्यूटरीकृत एवं सहकारी संस्थाओं को सक्षम बनाने तथा जनपद क्षेत्र में ,जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए हमारी राज्य सरकार समृद्ध मिशन के तहत कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार अपने सभी संकल्प पत्रों के अनुरूप कार्य कर रही है पूरे विश्व में सनातन संस्कृति के प्रतीक भगवान श्री राम को अयोध्या में स्थापित किया गया। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में निवेश करके अपना विस्तार कर रही हैं, केंद्र की मोदी सरकार ने गरीबों के मसीहा कर्पूरी ठाकुर और किसानो के चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल प्रशासन से प्रदेश की गरीब जनता उत्साहित है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। यहां कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पीएसएफ निर्देशक आनंदकिशोर द्विवेदी ने कहां कि पूरे सहकारी विभाग को प्रदेश की योगी सरकार ने सुधारने का कार्य किया, बर्षो से व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करके पारदर्शी व्यवस्था लागू करने का कार्य किया गया।

भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपनी सरकार के रहते हुए सहकारिता विभाग को अपनी निजी संपत्ति मान लिया था। सपा संरक्षण में पूरे सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार और संगठित लूट का अड्डा बन गया था, जिससे भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी के गुरो और माफिया के चंगुल से छुड़ाने का काम किया है। इस दौरान फर्रुखाबाद - कन्नौज जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार पूर्व विधायक ने जिला सहकारी बैंक की कई वर्षों से संकलित हानि एवं लाभ वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार आने के बाद 2020-21 व वर्ष 2021 -22व वर्ष 2022 -23 में वैक के पुराने घाटे को खत्म करके 116.88 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया।

इस कार्यक्रम में कन्नौज जिला भाजपा अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, फर्रुखाबाद जिला भाजपा अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, दिनेश कटिहार,एमके सिंह देवेंद्र कुमार सिंह, बीके पटेल, मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि प्रमुख थे।

दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर हुआ बड़ा हादसा, दो की मौत, 20 श्रद्धालु घायल

▶ सत्संग को जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ट्रेक्टर ट्राले व डंपर की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत

अंकुर जैन/ अरविंद गोयल पब्लिक एशिया

सहारनपुर। दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर तेज रफ्तार के चलते एक डंपर ट्रक ने पिलखनी स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन में सेवा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरे एक ट्रैक्टर ट्राले में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दर्जन भर से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा कई एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची ओर बचाव कार्य शुरू कर दिया।सभी घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है।

हादसा देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुन्ना पेट्रोल पंप के पास का है। शुक्रवार को सुबह लगभग नौ बजे बेहट से पिलखनी सत्संग को जा रहें श्रद्धालुओं से भरा एक ट्रैक्टर ट्राला बेहट से सहारनपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम घुन्ना पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा तो सामने से तीव्र गति से आ रहे एक डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि श्रद्धालुओं से भरा ट्रैक्टर ट्राला कई पलटे खाते हुए सड़क किनारे खाई में जा गिरा जिसके चलते ट्राले में सवार दर्जनों श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची ओर ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। घायलों में महिला श्रद्धालु भी शामिल हैं। हादसे में दो श्रद्धालु नकली सिंह व राकेश की दर्दनाक मौत हो गई। जब कि श्याम लाल, राहुल, अंजली, बबीता, अंगूरी, सोनी, सोरन, ऋषिपाल, मंजू, प्रिति, जगबीरी, किरण, मीनू राणा, रमेश, उर्मिला आदि गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है।

श्रद्धालु बबीता ने बताया कि सभी पिलखनी सत्संग में जा रहे थे।तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी जिससे दो लोगों की मौत हो गई तथा पंद्रह लोग घायल हो गए जबकि कई दर्जन लोग सवार थे। श्रद्धालु अंकित सैनी ने बताया कि डंपर की रफ्तार बहुत तेज होने के कारण हादसा हुआ है।

जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ रामानंद ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर है ओर सभी को अच्छे से अच्छा इलाज दिया जा रहा हैं। इलाज में कोई भी लापरवाही नहीं की जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही नगर विधायक राजीव गुंबर ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर सभी घायलों का हाल जाना ओर चिकित्सकों को कहा कि सभी श्रद्धालुओं के इलाज में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। हादसे के बाद डंपर चालक डंपर छोड़ कर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया जबकि दोनों वाहन पुलिस की कस्टडी में है।

परीक्षा केंद्रों का उप जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

बेहट। सरकार द्वारा यूपी पुलिस की परीक्षा केंद्रों की तैयारी कर ली गई है। एसडीएम दीपक कुमार ने क्षेत्र में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र संचालकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गौरतलब है कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के लिये प्रदेश के विभिन्न जनपदों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इन केंद्रों पर शनिवार से रविवार दो दिनों तक पुलिस भर्ती परीक्षा होगी।

शुक्रवार को एसडीएम दीपक कुमार ने यूपी पुलिस परीक्षा के लिये बने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों जनता इंटर कालेज कस्बा बेहट,नेहरू इंटर कालेज कलसिया, महर्षि दयानन्द इंटर कालेज बूबका, किसान विद्या इंटर कालेज दाऊदपूरा का निरीक्षण किया। केंद्रो के निरिक्षण के दौरान एसडीएम दीपक कुमार ने केन्द्र संचालकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। परीक्षा को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। परीक्षा केंद्रों के आस-पास भारी पुलिस बल तैनात रहेगा।

अदालत के आदेशों का उल्लंघन करने पर आरोपी गिरफ्तार

तहरीर अब्बास, पब्लिक एशिया।

चिलकाना। थाना पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। शुक्रवार को थाना प्रभारी कपिल देव ने बताया है कि पुलिस टीम द्वारा वारंटी एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत अदालत के आदेशों का उलंघन करने वाले एक वारण्टी शोबान पुत्र माज़िद निवासी ग्राम संगमौर थाना चिलकाना को उसके मकान से गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के खिलाफ पूर्व ही परिवार न्यायालय में अपनी पत्नी को गुजरा भत्ता न दिए जाने के सम्बन्ध में धारा 125/ 3 के अंर्तगत मुकद्दमा दर्ज है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई करन सिंह एवं कॉन्स्टेबल हरिओम शामिल रहे।

किसान शांति पूर्वक रखना चाहते हैं अपनी बात, दिल्ली बॉर्डर खोले सरकार : आरिफ मलिक

जाहिद अंसारी पब्लिक एशिया

सहारनपुर। आज संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 16 फरवरी को भारत बंद का ऐलान किया गया था।

भारत बंद को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय आवाहन पर ट्रांसपोर्ट नगर सड़क दुधली क्षेत्र में मण्डल सचिव आरिफ मलिक के नेतृत्व में व्यापारियों ने जंगह जंगह अपनी दुकान बंद करके भारत बंद को पूर्ण समर्थन दिया।

इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुवे मंडल सचिव आरिफ मलिक ने कहा की पंजाब और हरियाणा से दिल्ली जा रहे किसान अपनी मांगों को शांतिपूर्ण तरीके से रखना चाहते हैं उन पर आंसू गैस के गोले सैकड़ों की तादाद में फेंके गए ड्रोन से हमला किया गया लाठी चार्ज किया गया और उनको रोकने की कोसिस की गई। इसीलिए आज संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारत बंद का ऐलान किया गया हैं जिसमे सड़क दुधली के मजदूर, व्यापारियों, किसानों ने आज कार्य का बहिष्कार करते हुए अपने अपने स्थानों दुकानो को बंद कर भाकियू को समर्थन किया। आरिफ मलिक ने बताया कि सरकार से हमारी मुख्य मांगे है की एमएसपी गारंटी कानून, स्वामीनाथन रिपोर्ट के आधार पर फसलो का मुआवजा, मुफ्त बिजली, पानी, खेतो में आवारा पशु पर जल्द से जल्द सरकार फेसला ले अन्यथा प्रदेश भर के किसान दिल्ली कुछ करने का काम करेंगे। किसान नेता उसमान मलिक ने कहा की अगर दिल्ली जा रहे किसानों पर सरकार ऐसे हैं बर्बरता करना बन्द नहीं करती है तो भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में दिल्ली कुच करने का काम किया जायेगा। इस दौरान वार्ड अध्यक्ष परवेज मलिक, राजीव मोंगरा, वार्ड अध्यक्ष नवाब गंज गफ्फार खान, संजय करसनिया, बुरहान, जावेद मलिक, असरफ, सावेज चौधरी, सलमान, वासिब, अंकित सैनी, तोकीर कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा शिक्षा विभाग को दिया गया प्रशिक्षण

अंकुर जैन, पब्लिक एशिया।

सहारनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजीव मांगलिक के आदेशानुसार जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी शिवांका गौड द्वारा शुक्रवार को जनपद स्तर पर भारत सरकार द्वारा जारी की गई तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान दिशा निर्देशों के अनुपालन हेतु टी0बी0 सैनिटोरियम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला बेसिक शिक्षा विभाग के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों को जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी शिवांका गौड द्वारा समस्त विद्यालयों को दिशा-निर्देशो अनुसार तंबाकू मुक्त घोषित करने के लिए बताया गया।

जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार श्री मुदस्सर अली द्वारा ऑडियो विजुअल के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में संबंधित जानकारी दी गई एवम जनपद में तंबाकू फ्री एजुकेशनल इंस्टीट्यूट गाइडलाइंस और कोटपा-2003 के अनुपालन हेतु वर्क प्लान को विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से काउंसलर डॉ0 बुशरा अंसारी, सोशल वर्कर श्रीमति कविता कुमारी रहे।

किन्नर समाज ने शिव मंदिर में 11 किलो का पीतल का घंटा भेंट कर सुख समृद्धि की कामना की

संजय नामदेव(पब्लिक एशिया)

नकुड़- नगर के रणदेवा रोड़ बस स्टेंड स्थित अपने घर से चले किन्नर समाज के दर्जनों लोगो ने नगर के मेन बाजार से ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते हुए तहसील स्थित शिव मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद घंटा स्थापित किया। पंडित वीरेंद्र दीक्षित ने बताया कि किन्नर समाज महाभारत काल में इरावन देवता के समक्ष माना जाता था और इनका उद्देश्य लोगो की खुशियों में शामिल होकर समाज में सुख समृद्धि की कामना करना ही होता है। द्व किन्नर सोनिया ने बताया कि हमने अपने घर पर दो दिनों तक कलश पूजा करने के उपरांत नगर में सुख शांति समृद्ध के लिए ये घंटा शिव मंदिर में अर्पित किया है। शिव मंदिर कमेटी से जुड़े राजकुमार, सुभाष, विजय, देवेंदर मित्तल, अभिषेक, पंकज धनगर, अरुण धनगर,डा.त्रिलोक चंद,मनोज आदि ने किन्नर समाज का इस पहल के लिए आभार जताया है। इस मौके पर दिल्ली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, अंबाला आदि जगहों से भी किन्नर समाज के लोग इस कार्यक्रम में पहुंचे।

भारत बंद के दौरान भाकीयू का फलौदा हाईवे पर धरना प्रदर्शन

रमेश गोयल पब्लिक एशिया

पुरक़ाज़ी। फ़लौदा बाईपास कट पर किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की तरफ़ से भारत बंद एवं धरना प्रदर्शन किया गया उसमें सभी किसान लोग आसपास देहात के शामिल हुए और उसमें पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा और धरना प्रदर्शन शांति के साथ चलता रहा और बाबा टिकैट अमर रहे के नारे बुलंद करते हुए। इसमें सभी लोग आसपास के किसान मौजूद रहे आज चौधरी राकेश टिकैट के आह्वान पर जो पॉइंट दिए गए थे उसमें एक पॉइंट फलौदा से भी था मोनू प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में धरना दिया। इस दौरान धरना में नगर पंचायत पुरकाजी अध्यक्ष ज़हीर फ़ारूक़ी ब्लॉक अध्यक्ष मोनू प्रधान सहित विवेक राठी नेपाल सिंह इलाहाबाद गांव हर्रैंटी से शरणबीर राठी नवीन शर्मा और नीटू अहलावत , ग्राम हर्रैंटी प्रधान विवेक राठी जी बिट्टू राठी ज़िला उपाध्यक्ष और शशि गुर्जर राजा गुर्जर बूटा सिंह,नीटू प्रधान रंडावली, दीपक गुर्जर धमात और मोइन अफ़सर अली पूर्व प्रधान गोधना और इरशाद फ़रीदी,आदिल फ़रीदी, शहज़ाद फ़रीदी,मुकर्रम, खालिद ज़हीरपुर आदि सभी किसान भाईयों ने एक दूसरे का सहयोग कर संगठन को मजबूती प्रदान की है सभी कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया सभी को देखकर आज जो मज़बूती मिली ऐसे ही सभी किसान इकट्ठे होकर संगठन को मज़बूत बनाना है और कल सभी को सिसौली के लिए मासिक मीटिंग का जो कार्यक्रम है ।

डीएम ने 13 अभियुक्तों को किया जनपद की सीमाओं से निष्कासित

अंकुर जैन, पब्लिक एशिया।

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत 13 अभियुक्तों को जनपद सहारनपुर की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। उन्होने कहा कि अभियुक्तगण द्वारा लोक शांति भंग करने की संभावना है। जिन अभियुक्तों पर जिला निष्कासन की कार्यवाही हुई है उनमें थाना बेहट के ग्राम पठानपुरा के नजाकत पुत्र शराफत, नफासत उर्फ छोटा पुत्र शराफत, आशु पुत्र शराफत, मोहसीन पुत्र इकबाल, रिजवान पुत्र चांद खान, इनाम पुत्र चांद खान, रहमान पुत्र लाल खां, अल्ताफ पुत्र दिलदार, अफजाल पुत्र दिलदार, दिलशाद पुत्र चांद खां, रईस पुत्र इदरीश, सलीम पुत्र नसीर एवं शराफत पुत्र शब्बीर शामिल है। किन्नर समाज के लोग इस कार्यक्रम में पहुंचे।

65 करोड़ से लगेंगे विकास को पंख

सुहैब अंसारी पब्लिक एशिया

कैराना। नगरपालिका की बोर्ड बैठक में निर्माण कार्यों, प्रकाश व पेयजल व्यवस्था के लिए 65 करोड़ के प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई है। इससे नगर में विकास कार्यों को पंख लगने की उम्मीद है। शुक्रवार को नगरपालिका के सभाकक्षा में पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मासिक नक्शा आय—व्यय जुलाई 2023 से जनवरी 2024 तक, जिसमें आय 25 करोड़ 50 लाख 89605 रुपये तथा व्यय 26 करोड़ 69 लाख 38217 रुपये का अनुमोदन किया गया। पालिका द्वारा बजट बोर्ड 2024-25 में आय 48 करोड 97 लाख 75 हजार व व्यय 48 करोड़ 90 लाख 70 हजार रुपये दर्शायी गई है। कहा गया कि वर्ष में 32 लाख पांच हजार रुपये बचत का बजट है। इसके अलावा नगर में साफ—सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व निर्माण कार्यों के लिए 65 करोड़ के बजट के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड बैठक में बजट स्वीकृति के बाद तमाम विकास कार्य कराए जाएंगे, जिससे नगर की सुंदरता भी बढ़ेगी।

इसके अलावा नगरवासियों की समस्याओं का निराकरण कराने के भी प्रयास रहेंगे। बोर्ड बैठक का संचालन एसडीएम एवं ईओ अतिरिक्त प्रभार स्वप्निल कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक जैगम हुसैन, जलकल लिपिक तासिम अली, कर अधीक्षक शाकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

9 पब्लिक एशिया

उत्तर प्रदेश

संभल/बरेली/मथुरा

नई दिल्ली
शनिवार 17 फरवरी 2024
www.publicasia.in

मुख्य समाचार

फर्नीचर के शोरूम में लगी भीषण आग लाखों का माल हुआ जल कर खाक

पब्लिक एशिया संवाददाता

संभल » बहजोई थाने के पिछे फर्नीचर के शोरूम में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग आग। की सूचना पर दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया यह हादसा बहजोई नगर के पुराना डाकखाना रोड पर हुआ था जानकारी के मुताबिक यह पता चला है कि आग पुरे शोरूम में फ़ैल चुकी थी फर्नीचर के शोरूम में रखा लाखों का माल जल कर राख हो गया मौके पर पुलिस प्रशासन भी पहुंच गया आग पर दमकल से व मुस्किल काबू पाया यह घटना सुबह 6 बजे की है।

फरार स्मैक तस्कर के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा

फतेहगंज पश्चिमी » शुक्रवार को थाना मीरगंज पुलिस ने कस्बा फतेहगंज पश्चिमी के तीन साल से स्मैक तस्करी के मामले में फरार चल रहे कस्बा के मोहल्ला सराय निवासी वांछित स्मैक तस्कर मलिक कुरैशी को कस्बा में मौजूद घर से शुक्रवार को थाना मीरगंज पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर धारा 82 को कार्यवाही करते हुए अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पा करके मुनादी कराई गई।मुनादी कराने वाली पुलिस टीम में मीरगंज उप निरीक्षक शिवकुमार मिश्रा के समय स्थानीय पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

खंभे से टकराया बाइक सवार मौके पार मौत

बरेली। शाही थाना क्षेत्र में शुक्रवार को शाही-शेरगढ़ रोड पर बुझिया माइनर के सामने तेज रफ्तार मोटरसाइकिल दूसरे वाहन से बचने के चक्कर में बेकाबू होकर खंभे से जा टकराई। हादसे में बाइक चला रहे 55 वर्षीय प्रेम गोस्वामी पुत्र गोकुलनाथ निवासी वार्ड नंबर 24 कस्बा व थाना मिलक जनपद रामपुर की मौके पर ही मृत्यु हो गई।सूचना पर शाही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और परिजनों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टीवीएस मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

श्रम विभाग की टीम ने फतेहगंज पश्चिमी में साप्ताहिक बंदी वाले दिन खुलने वाली करीब तीन दर्जन दुकानों के चालान काटे

फतेहगंज पश्चिमी » जिलाधिकारी के निर्देश पर श्रम विभाग की टीम ने फतेहगंज पश्चिमी में साप्ताहिक बंदी वाले दिन खुलने वाली करीब तीन दर्जन दुकानों के चालान काटे। हालांकि छापा की भनक लगने पर टीम को देखकर दुकानदार दुकान बंद कर गायब हो गए।लेकिन टीम के जाने के बाद पूरा बाजार खुल गया। पिछले कई महीनो से जिलाधिकारी बरेली ने जिले में साप्ताहिक बंदी के कड़ाई से पालन करवाने को लेकर श्रम विभाग को निर्देश दिए थे। मगर अधिकतर कस्बों में साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं किया जा रहा था।इसी के चलते शुक्रवार के दिन पूर्व निर्धारित शासन की बंदी के निर्देश के बावजूद पूरे कस्बे की दुकानें खुली हुई थी।जिसको लेकर श्रम परिवर्तन अधिकारी मधुलिका की अगुवाई में श्रम विभाग की टीम ने अचानक छापेमारी की तो बाजार में अधिकतर दुकानें खुली हुई थीं। जिनमें करीब तीन दर्जन से अधिक खुली दुकानों के बाहर लगे बोर्ड को पड़कर अधिकारियों ने दुकानों के नाम नोट कर लिए और उनके खिलाफ श्रम विभाग के आदेशों की अवहेलना संबंधी कानूनी कार्यवाही की। हालांकि श्रम विभाग की टीम को देखकर अधिकार दुकानदार दुकानें बंद कर भागने लगे। लेकिन टीम के जाते ही फिर पूरा बाजार खुल गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी मधुलिका ने बताया साप्ताहिक बंदी के दिन लगभग पूरा बाजार खुला था।करीब 35 दुकानों पर कार्यवाही करते हुए नोटिस भेजा जाएगा।

बल्देव पुलिस ने पकड़ा एक चोर चोरी का मोबाइल बरामद

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना बल्देव क्षेत्र स्थित दौलतपुर अंडरपास के निकट से पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है । जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी बल्देव संजय त्यागी और चौकी प्रभारी माइल स्टोन 131 सुरेन्द्र भाटी पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की तलाश में जुटे हुए थे । उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर उन्होंने दौलतपुर अंडरपास के निकट खड़े शातिर चोर रंजीत पुत्र हमवीर सिंह निवासी चोरम्वार भाग अकोस थाना बल्देव को दबोच लिया । पुलिस ने पकड़े गए शातिर के कब्जे से चोरी का एक मोबाइल बरामद किया है । पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है ।

राया पुलिस ने अवैध हथियार समेत एक बदमाश किया गिरफ्तार

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना राया क्षेत्र स्थित नयाबांस के पास से पुलिस ने अवैध हथियार समेत एक बदमाश को गिरफ्तार किया है । जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी राया अशोक कुमार और चौकी प्रभारी बिचपुरी विनय कुमार पुलिस टीम के गश्त कर रहे थे । उसी दौरान नयाबांस के पास पुलिस की गाड़ी को देखकर एक युवक भागने लगा । पुलिस टीम ने शक होने पर भाग रहे लोकेश चौधरी पुत्र कृष्ण गोपाल चौधरी निवासी गांव कूम्हा थाना राया को दौड़ाकर पकड़ लिया । पुलिस ने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए । पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है ।

राहुल गांधी के संभल कार्यक्रम से पहले कांग्रेस कार्यालय पर हुई एक आवश्यक बैठक

पब्लिक एशिया संवाददाता

संभल » संभल में आज तरीन केंपस कार्यलय पर आदरणीय राहुल गांधी जी के संभल कार्यक्रम लगने के संबंध में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया

जिला एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में आज एक महत्वपूर्ण बैठक चौधरी सराय तरीन कैंपस में संपन्न हुई जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी रिजवान कुरैशी जी एवं प्रदेश सचिव आदरणीय सुखराज सिंह जी उपस्थत रहे प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी जी ने बताया कि भारत जोड़ो नया यात्रा का कार्यक्रम 24 फरवरी मुरादाबाद से संभल लगने जा रहा है जिसमें सभी कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ आदरणीय राहुल गांधी जी कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाना है संभल की आदरणीय राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो ने यात्रा ऐतिहासिक होगी संभल की जनता में आदरणीय राहुल गांधी जी के संभल आगमन पर जोश है तथा उनका बेसब्री से इंतजार है मुरादाबाद से संभल भारत जोड़ो नया यात्रा आने के बाद संभल से बुलंदशहर होती हुई अलीगढ़ की ओर जाएगी प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह जी ने कहा की एक-दो दिन में आदरणीय राहुल गांधी जी की टीम रूट मैप को सत्यापन के लिए संभल में पहुंच रही है इसके बाद भारत जोड़ने यात्रा को सफल बनाने के लिए संभल के कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुटैगे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, महिला जिला अध्यक्ष कल्पना सिंह, मुशीर खान तरीन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आरिफ तनवीर, हाजी मरगूब आलम, चौधरी एहसान, आरिफ तुर्की, यूथ जिला अध्यक्ष हम्माद मूवीन, यूथ जिला कोऑर्डिनेटर मोहम्मद अंसार, हसन आरिफ जेदी, मंजर अब्बास, कासिम खान, हिलाल अखतर, इतरात हुसैन, संतोष सैनी, एडवोकेट दाऊद पाशा, अकील अहमद, सुभानी, कलीम खान, वीर सिंह सागर, अकबर अली, सरफराज सैफी, फिरासत अली, साबिर अली, देवकी सैनी, मौअजजम अली, हाजी शफी सैफी, जीशान सिद्दीकी, मूगीर आलम, गफ्फार तुर्की, बब्बू खान, महताब अली, कमांडर अली, रईस मसूदी, अली खान, मेराज आलम, जुनैद मालिक, रफीक मसूदी, शब्बू मसूदी आदि उपस्थित रहे।

डा राकेश सिंह के निर्देशन में बरेली परिक्षेत्र के जनपदों के पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र में प्राप्त हो रहे पति-पत्नी विवाद

टूटे हुए परिवारो को सफलतापूर्वक पुर्न-स्थापित कराते हुये प्रकरणो का निस्तारण

पब्लिक एशिया संवाददाता

बरेली। पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, बरेली डा0 राकेश सिंह के निर्देशन में बरेली परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपदों के पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र में प्राप्त हो रहे पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद में टूटे हुए परिवारो को सफलतापूर्वक पुर्नस्थापित कराते हुये प्रकरणो का निस्तारण कराया जा रहा है।उक्त के क्रम में पूर्व से चल रहे परिवारो के पुर्नस्थापित प्रकरणों में विगत 06 माह से अधिक समय सफलतापूर्वक व्यतीत करने वाले पति-पत्नी को पुलिस परामर्श केन्द्र में आमंत्रित कर आपसी सौहार्द को बनाये रखने हेतु जनपद बदायूं में एक प्रीत गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा जनपद में विवादित चल रहे पति-पत्नी के प्रकरणों में माह जनवरी में कुल 16 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें 8 प्रकरणों में सफलतापूर्वक निस्तारण कराकर परिवारों का पुनः स्थापन किया गया। पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र / परिवार परामर्श प्रकोष्ठ में नियुक्त अधिकारी / कर्मचारी व काउन्सलर्स के द्वारा पारिवारिक विवादों में काउन्सलिंग / मध्यस्थता बैठक के माध्यम से टूटे हुए परिवारों को जोड़कर तत्पश्चात प्रत्येक माह फीडबैक लेकर सकुशल जीवन यापन कर रहे दम्पतियों को भविष्य में जीवन भर साथ रहने हेतु बधाई दी गयी व परिवार परामर्श प्रकोष्ठ में नियुक्त कांउसलर्स व पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया।गोष्ठी में निर्णय लिया गया कि परिक्षेत्र जनपदों में जिन थानाक्षेत्रो के अन्तर्गत ग्राम व मोहल्लो में परिवारिक विवाद के अधिक प्रकरण आये हैं, उनको चिन्हित किया जायेगा तथा उन क्षेत्रो में महिला बीट आरक्षियो को भेजकर एक संगोष्ठी आयोजित की जायेगी जिससे इस तरह के पारिवारिक विवाद उत्पन्न न हो सकें।

आला हजरत खानदान के शीरान रजा की कोर्ट ने खारिज की अर्जी, निदा खान को देना पड़ेगा हर्जाना और हर माह ये रकम

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। आला हजरत खानदान के शीरान रजा की अर्जी को न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजुला मिश्रा की कोर्ट ने खारिज कर दिया है। घरेलू हिंसा के मुकदमे में कोर्ट ने निदा खान को तीन लाख रुपये का हर्जाना और 15 हजार रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था।

शीरान रजा ने इस आदेश को एकतरफा बताते हुए कोर्ट में अर्जी देकर इसे खारिज करने की अपील की थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने बचाव पक्ष को कई मौके दिए : कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने छह माह में इस मुकदमे की कार्यवाही पूरी करने का आदेश दिया हुआ है। निदा खान की ओर से 13 सितंबर 2021 को अपनी गवाही दाखिल की गई थी। इसके बाद कई तारीखों पर बचाव पक्ष की ओर से निदा खान से जिरह की गई। समयाभाव के कारण जिरह पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने जिरह पूरी करने के लिए बचाव पक्ष को कई मौके दिए, लेकिन जिरह पूरी नहीं की गई। न तो वह खुद आए और न ही कोई स्थगन प्रार्थनापत्र दिया गया। इसके बाद 19 अप्रैल 2023 को मोईन हसन की गवाही दाखिल की गई। इस गवाह से जिरह करने के लिए अदालत ने कई मौके दिए पर बचाव पक्ष की ओर से कोई हाजिर नहीं हुआ और न ही कोई स्थगन प्रार्थनापत्र दिया गया।

कोर्ट ने कहा कि बचाव पक्ष को साक्ष्य देने के लिए भी कई अवसर दिए गए, लेकिन कोई साक्ष्य न देने के कारण बचाव पक्ष का गवाही का मौका समाप्त करते हुए अंतिम बहस के बाद यह फैसला दिया गया।

वित्तीय रूप से सक्षम होने पर ही महिला सशक्तिकरण है संभव

मुकेश कुशवाह पब्लिक एशिया

मथुरा ब्यूरो। किशोरी रमण गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. लकी गुप्ता ने कहा कि वित्तीय रूप से सक्षम होने पर ही महिला सशक्तिकरण संभव है। कॉलेज में आयोजित वित्तीय साक्षरता संगोष्ठी में उक्त विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्या प्रो. गुप्ता ने कहा कि उक्त उद्देश्य को पूरा करने के लिए ही उन्होंने राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान एनआईएसएम के सहयोग से कॉलेज में फाईनेंशियल एजूकेशन फार यंग सिटीजन कार्यक्रम का आयोजन किया है । कार्यक्रम के माध्यम से कॉलेज की छात्राओं को अच्छे निवेश की जानकारी दिलाई गई है । उनका कहना था कि जोशीले युवक और युवतियों को सही निवेश करने की जानकारी देने के लिए सभी कॉलेज को ऐसी गोष्ठियों का आयोजन करना चाहिए । उन्होंने यह भी कहा कि पहले इस तरह की जानकारियां ना होने की वजह से लोग कम रिटर्न वाली योजनाओ में पैसा लगाते थे, जिससे वह कम सम्पति बना पाते थे । कार्यक्रम की संयोजक और अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रागिनी अग्रवाल ने इस अवसर पर बताया कि किस प्रकार इस तरहा के कार्यक्रम से विद्यार्थियों को ऐसा व्यवहारिक ज्ञान मिलता है, जो जीवन को सफल बनाने के लिए जरूरी है । उन्होने कहा कि जीवन में सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय स्वतंत्रता और वित्तीय रूप से सशक्त होना है । गोष्ठी में बोलते हुए एनआईएसएम के रिर्सोस पर्सन रोहित वाजपेयी ने प्रतिभागियो को बचत और निवेश से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया कि निवेश में चक्रपृद्धि ब्याज का क्या महत्व है । उन्होने शेयर बाजार में निवेश के लिए आवश्यक जानकारी दी । कार्यक्रम मे म्यूचल फंड निवेश करते समय बरतने वाली सावधनियों और सेबी के समाधान पोर्टल स्कोर के बारे में भी बताया ।कार्यक्रम के अंत में शेयर बाजार से जुड़े संस्थानो में नौकरी के अवसरो और विभिन्न कोर्स के बारे में बताया गया । उन्होंने इस अवसर पर छात्राओं की शंकाओं का भी समाधान किया ।

वित्तीय साक्षरता संगोष्ठी में छात्राओं को जानकारी देते हुए ।

आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में कन्वर्जेंस विभागों के साथ मंडल स्तरीय गोष्ठी का हुआ आयोजन

पब्लिक एशिया

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में कन्वर्जेंस विभागों के साथ मंडल स्तरीय गोष्ठी का आयोजन दीप प्रज्वलित कर संजय कम्युनिटी हाल में किया।जिलाधिकारी ने सभी कन्वर्जेन्स विभागों को निर्देशित किया कि चिन्हित सभी लर्निंग लैब एवं सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाये। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पाठशाला पूर्व शिक्षा प्राप्त करने हेतु शतप्रतिशत उपस्थिति कराते हुए हॉटकुक्ड मील योजना का सफल संचालन कर लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि गर्भवती/धात्री महिलाओं का हीमोग्लोबिन जॉच एवं विभिन्न प्रकार के पोषक आहार जैसे मोरगन (सहजन-पोषण डायनामाईट), हरी साग सब्जियॉ, मौसमी फल एवं दुग्ध पदार्थ के सेवन पर बल दिया जाये। उन्होंने कहा कि समस्त गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र पर सभी स्वास्थ्य जॉच कराकर पोषण से सम्बन्धित जानकारी दी जाये।गोष्ठी में आंनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, आंगनबाड़ी केन्द्र कायाकल्प, लर्निंग लैब, आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण एवं अपग्रेडेशन, पाठशाला पूर्व शिक्षा, अनुपूरक पुष्टाहार कार्यक्रम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका की चयन प्रक्रिया, स्वास्थ्य जांच एवं सैम बच्चों का चिकित्सीय एवं पोषण प्रबन्धन, आंगनबाड़ी केन्द्रों के सतत् निरीक्षण हेतु सहयोग एप, मुख्य सेविका प्रशिक्षण आदि विषय पर चर्चा की गई।गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी बरेली जग प्रवेश, मुख्य विकास अधिकारी पीलीभीत धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, समस्त कर्न्वजेन्स विभागों- स्वास्थ्य विभाग, पंचायत राज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, विकास विभाग, आई0सी0डी0एस0, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं यूनिसेफ, रॉकेट लर्निंग लैब आदि के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डकैती और चोरी की योजना बना रहे एक बाल अपचारी समेत आधा दर्जन बदमाश गिरफ्तार

दो चोरी की बाइक, चाकू, घटना में प्रयुक्त बाइक समेत अन्य सामान हुआ बरामद

मुकेश कुशवाह, पब्लिक एशिया

मथुरा । थाना हाईवे क्षेत्र स्थित एटीवी फैक्ट्री के पास डकैती और चोरी की योजना बना रहे एक बाल अपचारी समेत आधा दर्जन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । पकड़े गए शातिरों के कब्जे से चोरी की बाइक, अवैध हथियार और घटना में प्रयुक्त अन्य सामान बरामद हुआ है । जानकारी के अनुसार एसएसपी शैलेश पांडेय के निर्देशन एवं एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार के पर्यवेक्षण तथा सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी हाईवे उमेशचन्द्र त्रिपाठी और चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र राहुल चौधरी पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की तलाश में जुटे हुए थे । उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एटीवी फैक्ट्री के निकट रेलवे लाइन किनारे कुछ बदमाश, डकैती और चोरी की योजना बना रहे हैं । सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमेशचन्द्र त्रिपाठी और चौकी प्रभारी राहुल चौधरी पुलिस टीम में एसआई शावेज चौधरी-मुख्य आरक्षी उदयवीर सिंह-अजब सिंह-राजेश कुमार-आरक्षी गौरव कुमार-राघवेन्द्र सिंह-अवनीश कुमार और अजयपाल सिंह के साथ वहां पहुंच गए । पुलिस को देखते ही डकैती और चोरी की योजना बना रहे बदमाश भागने लगे । पुलिस टीम ने भागने का प्रयास कर रहे बदमाश अनुराग पुत्र भूरा निवासी गांव नगला मोहन पटलोनी थाना बल्देव, मथुरा, हाल निवासी पुष्प विहार कॉलोनी फेस-2 एटीवी के पीछे थाना हाईवे-आकाश पुत्र गोपाल चौधरी निवासी आकाश एन्कलेव कॉलोनी एटीवी के पीछे थाना हाईवे-शैलेन्द्र सोनी उर्फ समन सोनी पुत्र राकेश सोनी निवासी सेंट पॉल्स कॉलोनी एटीवी के पीछे थाना हाईवे-अंकित पुत्र रमेश राजपूत निवासी मधुवन वाटिका कॉलोनी थाना हाईवे-राहुल पंडित पुत्र भूदयाल रावत निवासी पुष्प विहार कॉलोनी फेस-2 एटीवी के पीछे थाना हाईवे और एक बाल अपचारी को घेराबंदी करके गिर कर लिया । पुलिस ने पकड़े गए शातिरों के कब्जे से दो चोरी की बाइक, 3 चाकू, घटना में प्रयुक्त एक बाइक, एक प्लास, दो लोहे की रॉड, तीन पेचकस और एक हथौड़ी बरामद की है । पुलिस ने पकड़े गए बाल अपचारी के खिलाफ कार्रवाई कर बाल सुधार गृह भेज दिया और उसके पांच साथियों के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है ।

हाईवे पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए शातिर बदमाश

जिला सलाहकार समिति तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

सभी बैंकर्स को निर्देश दिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे शतप्रतिशत किया जाए पूर्ण

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश की अध्यक्षता में आज जिला सलाहकार समिति (डीसीसी) तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।मुख्य विकास अधिकारी ने जिला सलाहकार समिति के प्रगति कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित योजना ओडीओपी योजना, एमवाईएसवाई योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री माटी कला योजना, प्रधानमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएमएफएमई योजनाओं पर ध्यान देते हुये पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उन्हें लाभान्वित किया जाये।

उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिए कि योजनाओं से संबंधित कोई भी पात्र लाभार्थी छुट ना पाये और जिन बैंकों में जिस स्तर पर जो भी आवेदन लंबित है उनका निस्तारण फरवरी माह के अन्त तक कर दिया जाए, यदि जिन बैंकों में निस्तारण नहीं किया जाता है तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे शतप्रतिशत पूर्ण किया जाए।बैठक में जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए तेजवंत सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक वीके अरोड़ा, सहायक महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक शिव सिंह, जिला विकास प्रबंधक, बैंकर्स सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इस बार के सत्र से गायब रहे बुराड़ी के मुद्दे

नई दिल्ली। बुराड़ी के विधायक संजीव झा हर विधानसभा सत्र में बुराड़ी के जनसामान्य की समस्याएं उठाते रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र इन दिनों चल रहा हैं। लेकिन हर बार की तरह इस बार बुराड़ी के विधायक बुराड़ी की किसी समस्या को लेकर आवाज नहीं उठाई। जबकि लंबे समय से बुराड़ी के सौ फूटा रोड का हाल बदहाल हो रखा है। गंदे पानी की सप्लाई से बुराड़ी मे त्राहिमाम मचा हुआ है। हर पंद्रह दिनों मे लोगों को एक एक सप्ताह तक पानी जलबोर्ड का नहीं मिलता है। लेकिन स्थानीय विधायक इन दिनों पार्टी के अंदर आए क्राइसिस मे ज्यादा उलझे हुए हैं। हालांकि समय समय पर बुराड़ी की समस्या को उठा कर स्थानीय विधायक ने समाधान की राह भी दिखाई है चाहे वो डीडीए की बात हो या सुरेंद्र कॉलोनी,शक्ति इन्केलेव मे सिलिंग का मामला हो। लेकिन इस बार चूक गए। हालांकि अभी सत्र चल रहा हैं और विधानसभा मे रहने वाले लोग उम्मीद मे थे की 100 फूटा रोड के काम मे आ रही बाधाओं को विधानसभा मे रख कर स्थानीय विधायक समाधान को रेखांकित करते।

हम आज भी खालिस्तान के विरोध में महाराज त्रिलोचन दास जी



दिल्ली/गाजियाबाद। महाराज त्रिलोचन दर्शन दास जी ने सचखंड नानक धाम इंद्रपुरी में 16 से 18 तारीख तक के समागम के लिए प्रेस वार्ता की इस प्रेस वार्ता में उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि आज का युवा जहां लटका हुआ है वह नशे में अन्य दिशाओं की ओर जा रहा है जिसको समझना हर संत का काम है उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन एवं संतों की वाणी से ही देश फिर दोबारा से विश्व गुरु बनेगा हमने ही सबसे पहले खालिस्तान के विरोध में शहादत दी थी हमारा समाज ही सबसे पहले आगे बढ़कर खालिस्तान के विरोध में आया था और हमारे संतो ने अपने जान की कुर्बानी दी हम आज भी समाज की उत्पत्ति के लिए उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं जिस तरह से समाज को आगे बढ़कर हर उसे कार्य के लिए आगे आना चाहिए जिससे समाज का उत्थान हो समाज की उन्नति हो समाज का युवा आगे बढ़ सके और हम आज भी खालिस्तान के विरोध में है 3 दिन के समागम में हजारों की संख्या में संगत धर्म प्रचार में जुटे की समाज के लिए समाज के लिए समाज के हर उसे बड़े व्यक्ति को खड़ा होना चाहिए जो दीन दुखियों के काम आ सके मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

भारत लोक शिक्षा परिषद करेगा एकल वार्षिक अमृत महोत्सव का आयोजन

▶▶ वर्ष 1989 में झारखंड से 60 एकल विद्यालयों से शुरू हुआ ये अभियान आज एक लाख विद्यालयों तक पहुंच चुका

▶▶ एकल मॉडल स्वामी विवेकानंद के दर्शन, सामाजिक सद्भाव और डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के समानता के सिद्धांतों और महात्मा गांधी के ग्राम विकास मॉडल से प्रेरित

नीरज अवस्थी पब्लिक एशिया

नई दिल्ली। भारत के दूर-दराज के इलाकों में जनजातीय और ग्रामीण बच्चों को शिक्षा प्रदान करने, ग्रामीण सशक्तिकरण, लैंगिक और सामाजिक समानता स्थापित करने के प्रतिबद्ध संस्था भारत लोक शिक्षा परिषद द्वारा 18 फ़रवरी 2024 को होटल ली मेरिडियन, कनॉट प्लेस दिल्ली में शिक्षित, स्वस्थ्य एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए राष्ट्रीय दायित्व सम्मान, एवं राष्ट्रीय महिला विभाग और मणिपुरी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक एक प्रेस वार्ता में सीएसआर विभाग के ट्रस्टी और चेयरमैन सुभाष सी अग्रवाल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व का सर्वश्रेष्ठ सामाजिक शिक्षा संगठन एकल अभियान पंचमुखी शिक्षा (शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, जागरण एवं स्वावलंबन के माध्यम से गावों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है। वर्तमान में बिना किसी सरकारी सहायता के लगभग एक लाख एकल विद्यालय सफलतापूर्वक संचालित किये जा रहे हैं जिसके माध्यम से लगभग 28 लाख बच्चे शिक्षा से लाभान्वित हो रहे हैं।26 फरवरी 2019 को एकल अभियान ट्रस्ट को वर्ष 2017 के लिए भारत सरकार द्वारा गांधी शान्ति पुरस्कार दिया गया। राष्ट्र की चहुंमुखी प्रगति, विकास और राष्ट्र एवं संस्कृति को श्रेष्ठता के शिखर पर पुन: प्रतिष्ठित करने के लिए आज एकल अभियान को अधिक से अधिक बच्चों और गावों में पहुंचाने की आवश्यकता है।

भारत लोक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल गुप्ता व संयुक्त महासचिव सुनील गुप्ता ने बताया कि संस्था का उद्देश्य जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा पहुंचने के लिए समाज के प्रतिष्ठित दानदाता बंधुओं को एकल से जोड़ना, एकल का प्रचार प्रसार करना एवं एकल विद्यालय के लिए धन संग्रह करना है। इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी, राजनेता, उद्योगपति, नौकरशाह, केंद्रीय पदाधिकारी, चैप्टर के पदाधिकारी एवं अन्य सभी संगठनों से आये हुए सम्मानित गणमान्य महानुभाव अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

संस्था के ज्वाइंट ट्रेजरार बृज मोहन अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 1989 में झारखंड से 60 एकल विद्यालयों से शुरू हुआ ये अभियान आज एक लाख विद्यालयों तक पहुंच चुका है। विद्यालय में औसतन 25 से 30 छात्रों के साथ सप्ताह में 6 दिन, 3 घंटे के लिए चलाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य पढ़ने, लेखन, मूल अंकगणित, सामान्य विज्ञान और बुनियादी सामाजिक अध्ययन, बुनियादी कौशल को पढ़ाना है।

एकल की उपयोगिता एवं राष्ट्र निर्माण में इसके महत्त्व को इस बात से भी समझा जा सकता है कि देश के प्रतिष्ठित संत समाज, शीर्ष राजनेता, सेलिब्रिटीज, बुद्दिजवी एवं समाजसेवी लोगों ने एकल के कार्य से प्रभावित होकर इसे सराहा है।

एकल राष्ट्र निर्माण के साथ सामाजिक परिवर्तन लाने मे कार्यरत है। इसका उद्देश्य शिक्षित भारत, स्वस्थ भारत, स्वावलंबी भारत, जागरूक भारत, नशामुक्त भारत, संगठित भारत, सुरक्षित भारत, समरस भारत है। उन्होंने कहा कि आज भारत को धर्मांतरण नक्सलवाद, माओवाद, आतंकवाद, गांवों से शहरों में पलायन, अशिक्षा, बीमारी, गरीबी आदि समस्याओं ने राष्ट्र को घेरा है, एकल एक प्रहरी के रूप में इन समस्याओं को दूर करने के लिए कार्यरत है।

एकल मॉडल स्वामी विवेकानंद के दर्शन, सामाजिक सद्भाव और डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के समानता के सिद्धांतों और महात्मा गांधी के ग्राम विकास मॉडल से प्रेरित है। जो निरक्षरता को खत्म करने और ग्रामीण और आदिवासी भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास का समग्र दृष्टिकोण अपनाने में मदद करता है।

इस संस्था के संस्थापक स्वर्गीय श्री मदन लाल अग्रवाला, प्रणेता एवं संस्थापक सदस्य मा. श्याम जी गुप्त, प्रो. मंजु दीदी श्रीवास्तव एवं अन्य सदस्य हैं। वर्तमान में एकल की पहुंच 2 राष्ट्र, 26 राज्य, 398 जिले, 1 लाख से अधिक गांव तक है। राष्ट्रीय समस्याओं के निराकरण के लिए धर्मांतरण, नक्सलवाद, माओवाद, आतंकवाद, शहरों से पलायन, अशिक्षा, रोग, गरीबी आदि को दूर करने में सहयोग से लगभग 17900 विद्यालय बार्डर गांव में, 21000 विद्यालय नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में, 70 फीसदी जनजातीय जनसंख्या एकल से लाभान्वित, 80 फीसदी आचार्य एवं सेवाव्रती जनजातीय एवं वंचित समाज से हैं।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रमुख कार्य करते हुए एकल विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में 50 फीसदी लड़कियां हैं, महिला आचार्यों की संख्या 72 फीसदी है, पूर्णकालिक महिला कार्यकर्ताओं की संख्या 22 फीसदी है, आईटी से शिक्षा प्राप्त महिलाऐं जीआरसी सेंटर में कार्यरत हैं जिनकी संख्या 40 फीसदी है, 30 फीसदी महिलाएं एकल ओन व्हील में प्रशिक्षक हैं, 20 फीसदी महिलाएं जैविक पोषण वाटिका में प्रशिक्षक हैं। बाल - बालिकाएं लगभग समान अनुपात में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

इस प्रेस वार्ता में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल गुप्ता, सीएसआर कारपोरेट कमिटी के चेयरमैन राज चावला, डॉक्टर कीर्ति गोयल, सीएसआर ऑल कमेटी के चेयरमेन सीए करण गर्ग, राजिंदर मंगला,व शशि लोचन सिंह और प्रवीण कांत गर्ग उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिँह को भारत रत्न देने की घोषणा पर दिल्ली देहात के लोगों प्रधानमंत्री के लिए धन्यवाद कार्यक्रम रखा

▶ 40 गाँवो के प्रमुख लोगों ने की शिरकत

▶ दक्षिणी दिल्ली सांसद रमेश बिधूड़ी ने की शिरकत

▶ कार्यक्रम मे आये सभी लोगों को पगड़ी बांधकर किया सम्मानित

▶ वसंतकुंज पार्षद जगमोहन महलावत ने आयोजित किया था कार्यक्रम

नीरज अवस्थी पब्लिक एशिया

दक्षिणी दिल्ली। केन्द्र सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिँह को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद से पुरे देश मे खाशकर किसानो मे खुशी की लहर है। इसी के तहत आज किशनगढ़ के गौशाला मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद कार्यक्रम रखा गया था। जिसमे बड़ी संख्या मे 40 गाँवो के प्रधान एवं अन्य लोग आये थे। दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने भी इस कार्यक्रम मे शिरकत की। इस कार्यक्रम का आयोजन वसंतकुंज पार्षद जगमोहन महलावत ने किया था। गाँवो की पहचान एवं सबसे बड़ा सम्मान पगड़ी सभी को बांधा गया। इस कार्यक्रम मे हरियाणा की पहचान खाट और हुक्का का भी व्यवस्था की गयी थी। बड़े से नगारे के थाप पर परम्परागत हरियाणवी गाना भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गाया गया। हालांकि इस कार्यक्रम मे राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख और चौधरी चरण सिँह के पोते जयंत चौधरी को भी आना था लेकिन वो किसी कारण वश नहीं आ सके।

कार्यक्रम मे आये सभी वक्ताओं ने चौधरी चरण सिँह के उनके मुख्यमंत्री के तौर पर और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर किये गए कार्यों एवं उपलब्धियों के बारे मे बताया। अपने भाषण मे दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया और कहा कि पहले की सरकार जो देश के प्रति अपने जीवनकाल का सर्वोच्च योगदान दिया था उन्हें सम्मान नहीं दिया वो केवल अपने परिवार के लोगों को हीं वो सम्मान दिया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसा नहीं है वो सबका सम्मान करते हैं और आज जीन जीन लोगों को भारत रत्न देने का काम किया है वो सही मे देश एवं समाज के प्रति वो अपना सबकुछ निछावर किया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौधरी चरण सिँह को भारत रत्न देकर देश के नब्बे करोड़ किसानों का सम्मान बढ़ाया है। वहीं कार्यक्रम के आयोजक जगमोहन महलावत ने प्रधानमंत्री के साथ साथ कार्यक्रम मे आये सभी लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि कार्यक्रम मे सभी लोगों ने धन्यवाद कॉपी पर अपना अपना नाम लिखा है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास भेजा जायेगा।

फैक्टरी में आग लगने की दुर्घटना दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के लाइसेंसिंग विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार का परिणाम है : अरविन्दर सिंह लवली

▶ अलीपुर फैक्टरी में आग लगने की दुर्घटना पर न तो समय से फायर ब्रिगेड पहुंची, न ही घायलों को समय पर इलाज मिला, जिस कारण 11 मजदूरों की मौत हुई : अरविन्दर सिंह लवली

नीरज अवस्थी पब्लिक एशिया

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने अलीपुर की पेंट फैक्टरी में आग लगने पर 11 मजदूरां की मृत्यु पर संवेदना प्रकट की। उन्होंने मांग की कि फैक्टरी में आग लगने की दुर्घटना की जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए क्योंकि यह दुर्घटना दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के लाइसेंसिंग विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार का परिणाम है।

लवली ने कहा कि घनी आबादी वाले क्षेत्र में चल रही फैक्टरी में लगी आग पर नियंत्रण के लिए यदि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय पर आ जाती तो इतना भारी नुकसान नही होता और मरने वालों को बचाया जा सकता है और न ही घायलों को समय पर इलाज मिला, जिस कारण 11 मजदूरों की मौत हुई। उन्होंने मरने वाले कर्मचारियों व घायलों के परिवारजनों के प्रति सांत्वना प्रकट करते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद डा0 उदित राज द्वारा घटनास्थल का दौरा किया और कांग्रेस कार्यकर्ता वहां पहुँचकर दुर्घटनाग्रस्त लोगों की हर संभव मदद कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि हादसे में दुर्घटनाग्रस्त पुलिस कर्मी को विशेष मुआवजा से उसको सम्मानित करने की घोषणा भी की जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली फायर सर्विस विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 59 लोगों की मौते एक वर्ष में आग लगने की दुर्घटनाओं के कारण हो चुकी है, बावजूद उसके दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम की नींद नही खुली है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा मृतकों और घायलों के लिए की गई घोषणा पर्याप्त नही नही है, क्योंकि मरने वाले कर्मचारी अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले एकमात्र कमाने वाले थे। उन्होंने कहा कि फैक्टरी के सटी हुई दुकानों के जलने से हुए लोगों के नुकसान का कोई आकलन नही किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिमी क्षेत्र की फैक्ट्रियों आग लगने की यह पहली घटना नही है, इससे पहले भी प्रशासन की नाकामी के कारण नरेला, बवाना, मुंडका आदि क्षेत्रों की फैक्ट्रियों में आग लगने की घटनाएं होती रही है।

सांसद खेल महोत्सव क्रिकेट प्रतियोगिता में सोनिया विहार और मुखर्जी नगर की जीत

नीरज अवस्थी पब्लिक एशिया

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में आयोजित सांसद खेल महोत्सव क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत तहतआज आज सब्जी मंडी घंटाघर के रोशनारा बाग खेल मैदान पर चार टीमों के बीच दो मैचों का आयोजन किया गया इस दौरान प्रतियोगिता के आयोजक और उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी खेल के मैदान पर पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया मैच के दौरान प्रतियोगिता के संयोजक वासु रुख्खड निगम पार्षद रेखा अमरनाथ भाजपा नेता अखिल सिंघल राजू बंसल उमेश माथुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर मौजूद खिलाडियों एवं क्षेत्र निवासियों को संबोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है आयोजन के द्वारा युवाओं में छुपी खेल प्रतिभाओं को निखारना अवसर प्रदान करना और खेल भावना के तहत युवाओं में अनुशासन का समावेश करना उद्देश्य है उन्होंने कहा कि 10 ओवर के मैचों की श्रंखला में 41 वार्डों की 41 टीमें भाग लेंगी 20 तारीख को प्रतियोगिता का फाइनल मैच होगा फाइनल की विजेता टीम को ?100000 दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 51000 की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप भेंट की जाएगी।

आज के पहले मैच में गोकलपुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट होकर 108 रन बनाए और 109 रनों का लक्ष्य सोनिया विहार की टीम के समक्ष रखा लक्ष्य का पीछा करते हुए सोनिया विहार की टीम ने निर्धारित 10 ओवर खेलते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर तीन विकेट से यह मैच जीत लिया। जबकि दूसरे मैच में को गोकल पुर और मुखर्जी नगर के बीच हुए मैच में मुखर्जी नगर की टीम ने 5 विकेट खोकर निर्धारित 10 ओवरों में 143 रन बनाए लेकिन गोकलपुर की टीम निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट होकर 88 रन ही बना सकी और यह मैच मुखर्जी नगर की टीम ने 50 रनों से जीत लिया।

एसडीएम सिविल लाइंस कोर्ट की ओर से जारी स्टे के बाद भी बुराड़ी में निर्माण किए जाने का मामला सामने आया

संजय कुमार पब्लिक एशिया

दिल्ली। एसडीएम सिविल लाइंस कोर्ट की ओर से जारी स्टे के बाद भी बुराड़ी में निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। दिल्ली में चल रहे तथाकथित किसान आंदोलन के मद्देनजर पुलिस अधिकारी कानून व्यवस्था संभालने में मशगूल हैं और प्रशासनिक अमला आगामी चुनाव की तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी मौके का फ़ायदा उठाते हुए कुछ लोग बुराड़ी गढ़ी में चौपाल के पास एक विवादित ज़मीन पर निर्माण करने लगे जिस पर एसडीएम सिविल लाइंस की ओर से स्टे ऑर्डर जारी किया हुआ है।

गौरतलब है कि बुराड़ी गांव निवासी राम अवतार ने करीब दो साल पहले सिविल लाइंस के एसडीएम को शिकायत की थी कि आदेश जैन और कपिल गौड़ नामक व्यक्ति सड़क का अतिक्रमण कर बुराड़ी गढ़ी के खसरा नंबर 527 में निर्माण कर रहे हैं। राम अवतार की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम कोर्ट द्वारा नोटिस जारी कर आरोपियों को अपना पक्ष रखने के लिए कोर्ट में बुलाया गया और यथास्थिति बरकरार रखने के लिए बुराड़ी के एसएचओ को निर्देश जारी किए गए। तभी से उक्त ज़मीन पर स्टे लगा हुआ है लेकिन स्टे के बावजूद हाल ही में इस पर फिर से निर्माण शुरू कर दिया गया है। पब्लिक एशिया समाचार पत्र द्वारा मामले से अवगत कराने के बाद बुराड़ी पुलिस ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। उधर, शिकायतकर्ता राम अवतार ने पुलिस से मांग की है कि अवैध निर्माण को गिराकर आने-जाने का रास्ता बहाल कराया जाए।

नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

नयी दिल्ली। राजधानी के प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम में आयोजित होने वाली भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अधिवेशन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार शाम यहां पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। भारत मंडपम के प्रांगण में सजाई गई इस विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने वाली प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के 10 साल की उपलब्धियों को भी चित्रित किया गया है। श्री नड्डा के प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचने पर पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन अग्रवाल एवं तरुण चुघ और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उनका स्वागत किया। श्री नड्डा ने दीप प्रज्ज्वलित करके प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। फिर उन्होंने पूरी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस प्रदर्शनी के बीच में ही रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाए गए हैं ताकि अधिवेशन में देश भर से आने वाले प्रतिनिधि प्रदर्शनी को अनिवार्य रूप से देख सकें। भारत मंडपम में अधिवेशन की तैयारी करीब करीब पूरी हो चुकी है जहां अगले दो दिन भाजपा के साढ़े 11 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं का जमावड़ा होगा जिन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में राजग को 400 और भाजपा को 370 से अधिक सीटों पर जीत दिलाने का मंत्र दिया जाएगा। पार्टी नेताओं के अनुसार कल सुबह नौ बजे श्री नड्डा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक होगी जिसमें प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री भी शामिल होंगे। बैठक में इन सभी के कार्य निष्पादन की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद अपराह्न तीन बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय अधिवेशन का विधिवत शुभारम्भ करेंगे। यह कार्यक्रम 18 फ़रवरी तक चलेगा। इस अधिवेशन में दो प्रस्ताव पारित किये जाएंगे। अधिवेशन के दोनों दिन कार्यकर्ताओं को श्री मोदी का मार्गदर्शन मिलेगा। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में आने वाले पार्टी के प्रतिनिधियों में देश भर में पार्टी के पदाधिकारी, मौजूदा और पूर्व सांसद, विधायक और निर्वाचित मेयर, जिला अध्यक्ष, महामंत्री गण और संगठन के विस्तारक तक इस कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। इस अधिवेशन का एक व्यापक संगठनात्मक एजेंडा होगा। श्री मोदी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए 370 सीट और राजग के लिए 400 पार का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, इन साढ़े 11 हजार प्रतिनिधियों को तैयार किया जाएगा।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थान :	प्रोविजन ऑफ ELB इन प्लेस ऑफ MLB, प्रोविजन ऑफ RTUs एंड इम्प्रूवमेंट ऑफ पावर सप्लाई अरेंजमेन्ट्स इन इंटरलॉकेड LC गेट्स अंडर ADSTE/ROK एंड ADSTE/PNP सेक्शन ऑफ दिल्ली डिवीजन।
कार्य की अनुमानित लागत :	रु. 2,08,48,092.54/- मात्र
धरोहर राशि :	रु. 2,54,300.00/- मात्र
कार्यालय का पता :	वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :	निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 16.02.2024/निविदा खुलने का दिनांक 11.03.2024, 15.00 बजे तक
वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:	उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

सं.: 558-सिगनल-16-एम-टेंडर-1416 दिनांक: 16.02.2024 531/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
TENDER NOTICE
IREPS के माध्यम से निविदा आमंत्रण

	एन आई टी	09/23-24, तारीख 16.02.2024
1	काम का नाम (स्थान के साथ)	एडीईएन/एनआरसीएच के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एनआरसीएच के उत्तर रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल नई दिल्ली में तीन साल के लिए ऑनलाइन डेटा मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ 200 केएलडी संयुक्त सीवेज उपचार संयंत्र और अपशिष्ट उपचार संयंत्र का संचालन और रखरखाव।
2	काम की अनुमानित लागत (रुपये)	रुपये 50,96,490.03
3	अग्रिम राशि (रुपये)	रुपये 1,01,900
4	काम की समाप्ति अवधि	3 वर्ष
5	निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय	15.03.2024 को 15:00 बजे तक और 15.03.2024 को 15:00 बजे निविदा खोली जाएगी
6	वेबसाइट के विवरण का	यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है

128-W/269/0ET/23-24/NRCH/NIT 09 Dated: 16.02.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 526/24

मुख्य समाचार

न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। भारत बंद के आह्वान क चलते वादकारियों को आवागमन में समस्या को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। बार भवन में गुरुवार को बैठक हुई थी, जिसमें किसानों के भारत बंद के आह्वान के चलते कचहरी में वादकारियों के आवागमन में परेशानी की आशंका को लेकर न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया गया था। इसी के चलते अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे।

भारत बंद रहा बेअसर, फोर्स रहा तैनात

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। संयुक्त किसान मोर्चा का भारत बंद का आह्वान नगर में बेअसर रहा। विभिन्न स्थानों पर एहतियातन पुलिस व पीएसी बल तैनात रहा। शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसान आंदोलन को लेकर भारत बंद का आह्वान किया गया था, लेकिन कैराना में बंद का कोई असर देखने को नहीं मिला। नगर के मुख्य चौक बाजार, जोड़वा कुआं बाजार, सर्राफा बाजार व पुराना बाजार में पूर्व की भांति बाजार खुले रहे। जहां खरीदारों की खासी भीड़ भी देखने को मिली। वहीं, कांधला तिराहा व चौक बाजार सहित अन्य स्थानों पर पुलिस और पीएसी के जवान एहतियातन तैनात रहे। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना भी ड्यूटी स्थलों पर पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी का जायजा लेते नजर आए। उधर, यमुना ब्रिज पर भी पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की गई।

बीस लीटर अपमिश्रित शराब सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कांधला। पुलिस ने क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित नवीन सब्जी मंडी के निकट से शराब तस्करी करते हुए दो युवकों को पकड़ लिया। जिनके कब्जे से पुलिस ने बीस लीटर कच्ची शराब व यूरिया और उपकरण बरामद कर दोनों को जेल भेज दिया है। एसपी अभिषेक झा ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए अभियान चलाकर अभियुक्तों को जेल भेजने के निर्देश दे रखे हैं। थानाध्यक्ष परविंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ बृहस्पतिवार की रात को कस्बे के कैराना मार्ग स्थित नवीन सब्जी मंडी के निकट संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस को दो युवक किसी वस्तु के साथ दिखाई दिए जो पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने भाग दौड़ करते हुए दोनों युवकों को पकड़ लिया और थाने ले आई। तलाशी लेने पर पकड़े गए दोनों यूवको के कब्जे से बीस लीटर अपमिश्रित शराब एवं एक किलो यूरिया और उपकरण बरामद हुए। पकड़े गए दोनों य अभियुक्तों ने अपने नाम सावेज पुत्र जाज हसन, मुसरिक पुत्र रशीद निवासी ग्राम जहानपुरा थाना कैराना बताया। शुक्रवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों शराब तस्करों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है।

बाइकों की भिड़ंत में पिता-पुत्र समेत तीन घायल

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। दो बाइकों की जोरदार भिडंत में पिता—पुत्र सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से दो को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कांधला थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी अहसान अपनी पत्नी सादो, पांच वर्षीय पुत्र जैद व बुआ रहीसा के साथ शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे बाइक पर सवार होकर हरियाणा के गांव भरल से घर लौट रहा था। इसी दौरान पानीपत बाईपास नेशनल हाइवे के फ्लाईओवर के नीचे दूसरी बाइक के साथ जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में अहसान और उसका पुत्र जैद तथा दूसरी बाइक का चालक शिवम निवासी सिंभालका शामली घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार हेतु नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जहां से अहसान व शिवम को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों चालकों के सिर पर हेलमेट नहीं था, जिसमें अहसान के सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसकी हालत चिंताजनक बताई गई है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना का कहना है कि कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

रोजगार मेले में 114 अभ्यर्थियों का चयन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊंचागांव में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 114 अभ्यर्थी चयनित किए गए, जबकि पांच अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व सेवायोजन कार्यालय द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत ऊंचागांव स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख हर्षल चौधरी पहुंचे। रोजगार मेले में राजकीय आईटीआई एवं डिप्लोमा होल्डर के लगभग 269 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया, जिसके सापेक्ष आठ अधिष्ठानों पुखराज हेल्थ केयर, आरएस एंटरप्राइजेस, वेबटेक आईटी सोल्यूशन, इनोविक्स ग्लोबल प्रा.लि., नवभारत फर्टिलाईजर्स, निकिता पेपर मिल, काजमो सर्विस एलएलपी, ऐकेएस जॉब प्लेसमेंट प्रा.लि. द्वारा 114 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। नोडल प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह व जिला कौशल प्रबंधक पवन सिंह ने पांच अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रपति के नाम किसानों ने दिया ऊन एसडीएम को ज्ञापन

▶▶ भारत बन्द के दौरान युवा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन का गाड़ी वाला फ्लावर के नीचे सांकेतिक धरना प्रदर्शन

खालिद अली पब्लिक एशिया

झिंझाना। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत द्वारा आज 16 फरवरी के भारत बंद को लेकर करनाल हाईवे पर गाड़ीवाला फ्लाई ओवर के नीचे किसानों ने युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशीष चौधरी के नेतृत्व में 11 से 2 बजे तक धरना – प्रदर्शन का आयोजन किया।

करनाल हाईवे पर गाड़ीवाला फ्लाई ओवर के नीचे भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एक धरना प्रदर्शन युवा जिला अध्यक्ष आशीष चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता चौधरी शौकिन्द्र सिंह बत्तीसा खाप ने की। इस मौके पर अपनी मांगों के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन ऊन तहसील के एसडीएम को दिया गया। ज्ञापन में लिखा था कि दिल्ली में बॉर्डर पर पिछले आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों को मुआवजा दिए जाने की बात सरकार ने कही गई थी जो आज तक नहीं दी गई , अत: उनको मुआवजा दिया जाए । सभी फसलों की एमएसपी की गारंटी कानून लागू करने, डाक्टर स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करने, किसानों को फ्री बिजली देने की बात भी सरकार द्वारा कही गई थी जो आज तक नहीं दी गई , अत: मृतक

आश्रित किसानों को अविलम्ब मुआवजा दिया जाए, किसानों का आयोग बनाने की मांग की गई , नकली कीटनाशक दवाइयां व नकली खाद बनाने वाली कंपनियां पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग भी किसानों द्वारा की गई तथा किसानों पर कर्ज माफ करने की बात सरकार ने की थी वह भी आज तक पूरा नहीं हुई। इस मौके पर आसपास के गांवों के काफी किसान मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव कपिल खटियान, दरगाह पुर से शांता प्रधान, राजकुमार उर्फ गुड्डू बनत, सरदार शेर सिंह, सरदार साहब सिंह, परमजीत सिंह, पवन कुमार, मिंटू सैनी, सरदार ध्यान सिंह, ब्रह्मपाल सिंह नाला, देशपाल सिंह, पंकज, कैराना ब्लॉक अध्यक्ष गय्यूर हसन , पुष्कर सैनी, मांगेराम सैनी, डॉक्टर आरिफ, इनाम, शेर सिंह सचिन आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसपी देहात आदित्य बंसल ने थाना मीरापुर का किया वार्षिक निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया

मीरापुर। एसपी देहात आदित्य बंसल ने शुक्रवार को मीरापुर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया इससे पूर्व पुलिस बल द्वार एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना के विभिन्न मामलों की गहनता से निरीक्षण करते हुए पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। एसपी ने थाने के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, पुरुष हवालात, आइजीआर एस रजिस्टर, मेस, सीसीटीएनएस कक्ष, अपराध रजिस्टर, शस्त्र कक्ष, बेरिक कक्ष, महिला हेल्प कक्ष व थाना परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ- सफाई का भी अवलोकन किया। इंस्पेक्टर रवेन्दर सिंह यादव से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। वही इस दौरान थाने में दर्ज विभिन्न कांडों के अनुसंधानकर्ताओं से कांडों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया। एसपी ने डायरी को अद्यतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने अपराध के ग्राफ को भी देखा। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने, हत्या और अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। देर शाम तक एसपी थाने के विभिन्न कांडों के अनुसंधानकर्ता से बारी बारी से कांडों की समीक्षा कर रहे थे।

मौके पर सीओ जानसठ महेश चंद गोतम, इंस्पेक्टर रवेन्दर सिंह यादव, इंस्पेक्टर क्राइम सुनील कुमार मिश्र, एसएसआई तपन जयंत, क़स्बा इंचार्ज देवपाल सिंह, एसआई गजेन्दर सिंह, एसआई सर्वेश कुमार, एसआई ललित कुमार, एसआई रवि कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में हर्षोउल्लास पूर्वक मनया गया आशीर्वाद समारोह 'द ममोरीज़ एंड माइलस्टोनस'

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया

मीरापुर। ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह %द ममोरीज़ एंड माइलस्टोनस% बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय चेयरमैन बी? पी. सिंह, मैनेजर उर्मिला सिंह एवं प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया कक्षा 8 के बच्चों द्वारा मोबाइल के दुष्प्रभाव नाटक के मंचन के द्वारा दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कक्षा 11 के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए नाट्य गीत मंचन के माध्यम से जीवन के आदि से अंत तक के ज्ञान का सजीव चित्रण किया गया।आयुष शर्मा मिस्टर फेयरवेल व मनस्वी धीमान, कशिश चौधरी को संयुक्त रूप से मिस फेयरवेल चुना गया।

कठिन प्रतियोगिता को जीतकर छात्र अभय चौधरी ने मिस्टर ज्ञानस्थली एवं आकाशी गोयल ने मिस ज्ञानस्थली की खिताब अपने नाम किया विद्यालय चेयरमैन बीपी. सिंह ने छात्र-छात्राओ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी बच्चों को अपने उज्जवल भविष्य की नीव रखते हुए राष्ट्र सेवा के कार्य हेतु स्वयं को तैयार करना चाहिए प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जीवन में सबसे बड़ी कामयाबी एक अच्छा इंसान बनने में है तथा हम सभी को आत्म अनुशासित रहते हुए जीवन में ईमानदारी के साथ प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी अरोरा, जतिन कोहली, रंजीता, तारिक खान, शाईस्ता खान, सुगंध भट्ट, नीतिका, धीरज राजवंशी एवं समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर की बैठक

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। जनपद न्यायालय परिसर में आगामी नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। इसी को लेकर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली द्वारा प्रभारी सचिव प्रतिभा की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विचार—विमर्श किया गया तथा कहा गया कि लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विवादों को सुलह—समझौते के माध्यम से निस्तारण कराए जाने के लिए वैकल्पिक मंच प्रदान करना है। प्रभारी सचिव ने जिला कार्यक्रम अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में सीडीपीओ कैराना को आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से रैली निकालकर, पुलिस विभाग को ट्रैफिक के माध्यम से स्पीकर लगाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार हेतु कहा गया। वहीं, अन्य विभागों से भी राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार—प्रसार की अपेक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि लोक अदालत में चालानी वाद, राजस्व संबंधी वाद, श्रम संबंधी वाद, टेलीफोन संबंधी वाद, भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले, आपदा राहत वाद, आयकर वाद, नगर निगमध्नगर पालिका अधिनियम, उपभोक्ता फोरम वाद से संबंधित मामले, विद्युत एवं जल कर से संबंधित मामले तथा सभी प्रकार के शमनीय प्रकृति के आपराधिक मामलों का निस्तारण अंतिम रूप से कराया जा सकता है।

मारपीट कर युवक को घायल किया

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया

मीरापुर। कस्बे के मौहल्ला बेरीबाग निवासी आबिद पुत्र मौहम्मद इस्लाम ने मीरापुर थाने में दी तहरीर में बताया कि वह ओमवीर ब्रिक्स फील्ड पर मजदूरी का कार्य करता है। शुक्रवार को वह ग्राम भूम्मा मे भट्टे की लेबर लेने के लिए गया था। उसकी दौरान उसे गांव मे गांव निवासी धर्मेन्द्र मिला जिसने आबिद को देखते ही गाली गलौच करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर धर्मेन्द्र ने उसे बेल्ट से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी सूचना आबिद ने भट्टा स्वामी को दी सूचना मिलते ही भटटा स्वामी मौके पर पहुंच गया और देखा की आबिद के सर से खून बह रहा है द्य आबिद ने मीरापुर पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को डाक्टरी परीक्षण के लिए जानसठ सीएचसी के लिए भेज दिया है।

ग्राम पंचायत गंगेरू में बिछा है सड़कों का जाल, राशिद जंग

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कांधला। खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू में सड़कों का जाल बिछा हुआ है। ग्राम प्रधान पति ने निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क बना रहे ठेकेदारों को मानक के अनुरूप सड़के बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

शुक्रवार को ग्राम प्रधान पति राशिद जंग के द्वारा ग्राम पंचायत गंगेरू में बन रही सड़कों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत गंगेरू के गांव गढ़ी दौलत में 12 लाख की लागत से बन रही तीन सड़कों और गढ़ी मियां में बन रही 15 लाख की लागत व 7 लाख की लागत से ग्राम पंचायत गंगेरू के मोहल्ला टोलियान में बन रही सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क बना रहे ठेकेदारों को निर्देश दिए कि उक्त सड़कों को मानक के अनुरूप बनाया जाए। शिकायत मिलने पर ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने गांव गंगेरू के पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय का 28 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यकरण होना है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय में टाइल्स, बाउंड्री वॉल, इंटरलॉकिंग सड़क बनाने के साथ ही एक सुंदर पार्क भी बनाया जाएगा। ग्राम प्रधान पति राशिद जंग का कहना है कि ग्राम पंचायत गंगेरू में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है। पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

पांच वर्षीय बच्ची पर आवारा कुत्ते का हमला

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कांधला। कस्बे के मोहल्ला मौलानान में घर के बाहर खेल रही है पांच वर्षीय बच्ची पर आवारा कुत्तें के ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल बच्ची को उपचार के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल बच्ची को दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला मौलानान निवासी महिला रेशमा पत्नी इरशाद ने बताया कि उसकी पांच वर्षीय बच्ची महिला घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक आवारा कुत्तें मासूम बच्ची पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आसपास के कई लोगों ने आवारा कुत्ते को डंडे लेकर भगाया। और घायल बच्ची को आनन-फानन में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। कस्बे के लोगों की माने तो नगर में आवारा कुत्ते एवं बंदरों के झुंड ने आतंक मचा रखा है। आए दिन आवारा कुत्तों के झुंड व बंदर नगर के लोगों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। पालिका प्रशासन इस ओर गंभीर नहीं हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।

परिषदीय अध्यापक अध्यापिकाओं का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

रमेश गोयल पब्लिक एशिया

पुरकाजी। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति प्रकाश तिवारी के निर्देशन में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित शिक्षण प्रशिक्षण के बच्चों में बुनियादी भाषाई एवं गणितीय दक्षताओं के विकास हेतु प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत समस्त शिक्षकों, शिक्षामित्र का चल रहा चार दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हो गया।

समापन के दौरान बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति प्रकाश तिवारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी अध्यापकों को इसलिए दिया जा रहा है कि विद्यालय में आने वाले बच्चों को बुनियादी भाषा और गणित दक्षता मेंनिपुण किया जा सके इसके लिए सभी अध्यापक अध्यापिकाओं को को प्रशिक्षित किया गया है मैं आशा करता हूं कि आप सभी अपने अपने विद्यालय में जाकर इस प्रशिक्षण का लाभ उन बच्चों को देंगे जो हमारे परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे हैं ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रूप सिंह, अनुराधा सोबती और अनुराधा वर्मा द्वारा सभी शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया और प्रशिक्षण में आए अध्यापकों को बताया गया कि बच्चों को कैसे हमें कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को निपुण बनाना है और उन्हें बुनियादी दक्षताएं सीखानी है। इस अवसर पर प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले अध्यापक अमित तोमर ब्लॉकअध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ रूपक राणा जिला उपाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार गोस्वामी ,पंकज कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, मंसाराम, रश्मि देवी, ब्रजवीर सिंह, सपना चौधरी, कल्पना चौधरी, सुभाष चंद्र, विनय कुमार ,प्रियंका वर्मा, गुरविंदर पाल, शिवाकांत डाबर, सपना ,अल्पना आदि उपस्थित रहे।

पुरकाजी में दिव्यांग उपकरण वितरण कैंप का आयोजन

रमेश गोयल पब्लिक एशिया

पुरकाजी। शुक्रवार को विकासखंड में दिव्यांग उपकरण वितरण कैंप आयोजित किया गया जिसमें पात्रता धारक सभी दिव्यांगों को उपकरण वितरण किए गए हैं। शुक्रवार को विकासखंड कार्यालय परिसर में आयोजित दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम में पात्र सभी विकलांगों को उपकरण वितरण किए गए बताते चले इसके लिए कुछ दिव्यांग लोगों का पहले से ही रजिस्ट्रेशन हुआ था जबकि कुछ दिव्यांग पात्र लोगों का मौके पर ही रजिस्ट्रेशन कर उन्हें भी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी आईएसबी कमल कुमार, भगत सिंह कुशवाहाकैंपकोऑर्डिनेटर। सचिन सक्सेना पी एण्ड ओ टेक्नोलॉजिस्ट प्रदीप कुमार और ऑफिसर टेक्नोलॉजी दिव्यांग सर ससक्तीकरण विभाग मुज़फ़्फ़रनगर द्वारा यह कार्यक्रम संचालित किया है इस प्रकार के कार्यक्रम जनपद के सभी विकास खंड में आगामी 22 फरवरी तक चलता रहेगा उनके कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा नेता हिना चौधरी का बड़ा सहयोग रहा पुरकाजी विकासखंड क्षेत्र के पात्र सभी दिव्यांग लोगों ने इसका लाभ उठाया।

अफवाह फैलाने वाले शख्स पर भड़कीं रश्मिका मंदाना

रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी फिल्म एनिमल की ब्लॉकबस्टर सफलता का जश्न मना रही हैं। इस फिल्म में उनके किरदार को काफी पसंद किया गया था। अभिनय के अलावा वे सोशल मीडिया पर भी काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं और अक्सर बेबाकी से अपनी बात रखती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अफवाह फैलाने वाली एक पोस्ट पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। एक्स पर किए गए पोस्ट में एक शख्स ने रश्मिका को क्रोट करते हुए लिखा था, मुझे अदावल्लु मीकू जोहरलु की स्क्रिप्ट पसंद नहीं आई, लेकिन मैंने केवल किशोर तिरुमाला और शारवा की वजह से फिल्म साइन की। इस पोस्ट को देखने के बाद अभिनेत्री भड़क उठीं और शख्स को करारा जवाब दे डाला। यूजर को जवाब देते हुए रश्मिका ने लिखा, किसने कहा? मैं फिल्में सिर्फ इसलिए करती हूं, क्योंकि मुझे स्क्रिप्ट पर भरोसा होता है। कलाकारों और क्रू के साथ काम करना एक सम्मान की बात होती है। मुझे बात पर आश्चर्य हो रहा है। ये सभी आधारहीन खबरें कहां से शुरू होती हैं? इस जवाब के बाद रश्मिका को नेटिजंस का समर्थन मिल रहा है। कई लोगों ने खुद के लिए खड़े होने पर अभिनेत्री की प्रशंसा की है। अदावल्लु मीकू जोहरलू की बात करें तो यह फिल्म साल 2022 की तेलुगु भाषा में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें शारवानंद, रश्मिका मंदाना, खुशबू, उर्वशी समेत कई शानदार कलाकारों ने अभिनय किया। फिल्म का लेखन और निर्देशन किशोर तिरुमाला ने किया था। रिलीज होने के बाद इस फिल्म को दर्शकों से मिश्रित प्रतिक्रिया मिली थी। रश्मिका जल्द ही पुष्पा 2 में नजर आने वाली हैं। फिल्म में वे एक बार फिर अल्लू अर्जुन के साथ नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन सुकुमार कर रहे हैं। इस फिल्म को स्वतंत्रता दिवस के आस पास रिलीज करने की तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की टक्कर सिंघम अगेन से होने की चर्चा जोरों पर है।

हॉरर फिल्म में काम करने ही योजना बना रही हैं काजोल

काजोल हिंदी सिनेमा की मशहूर अदाकारा हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी तगड़ी है। अभिनेत्री फैंस से जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया पर आस्क मी सेशन रखती हैं। काजोल के चाहने वालों को भी उनसे सवाल पूछने का बेसब्री से इंतजार रहता है। हाल ही में काजोल ने सोशल मीडिया पर यह सेशन रखा, जिसमें फैंस ने उनसे दिलचस्प सवाल पूछे। उनसे पूछा गया कि अब आप किस तरह की फिल्मों में काम करना चाहेंगी?

हॉरर फिल्म में काम करने की बना रही हैं योजना

काजोल से पूछा गया कि वे किस तरह की फिल्मों में काम करना पसंद करेंगी? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मैं एक कॉमेडी फिल्म करना पसंद करूंगी। मैंने फिल्म इश्क की थी, लेकिन उस फिल्म को काफी समय हो चूका है। इसके आलावा मैं एक मर्डर मिस्ट्री फिल्म में भी काम करना चाहती हूं। मैंने इस तरह की फिल्में नहीं की है। मैं काफी समय से हॉरर फिल्म में काम करने ही योजना बना रही हूं।

काजोल को नहीं है सुपरपावर कि आवश्यकता

काजोल पिछले कुछ वर्षों में कई फिल्मों और वेब सीरीज का हिस्सा रही हैं। अभिनेत्री के नाम कुछ बेहद यादगार किरदार हैं, जब उनसे पूछा गया कि उनका पसंदीदा किरदार कौन सा है? काजोल ने कहा, मुझे मेरे द्वारा निभाए गए सभी किरदार पसंद हैं। मुझे त्रिभंगा में अपना किरदार बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह फिल्म अद्भुत थी। काजोल से आगे पूछा गया कि अगर आपको कोई सुपरपावर दी जाए, तो आप क्या करेंगी? इस पर काजोल ने जवाब दिया, मुझे किसी सुपरपावर की जरूरत नहीं है। मेरे पास वे सभी सुपरपावर हैं, जिनकी मुझे जरूरत है।

इस फिल्म में नजर आएंगी अभिनेत्री

काजोल के वर्क फ्रंट की बात करें, तो अभिनेत्री दो पत्ती फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में काजोल के आलावा कृति सेनन, शाहीर शेख मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म दो पत्ती कृति सेनन, कनिका ढिल्लों और नेटफ्लिक्स द्वारा निर्मित है। यह एक मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन बीओबी के नाम से मशहूर शशांक चतुर्वेदी ने किया है।

बॉलीवुड में कदम रखने जा रहीं भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी



अभिनेत्री भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी आखिरी बार वेब सीरीज मिथ्या में नजर आई थीं। इस सीरीज में उनके अभिनय की दर्शकों ने खूब सराहना की। ओटीटी की दुनिया में पहचान बनाने के बाद अवंतिका बॉलीवुड में कदम रखने को तैयार हैं। अवंतिका की पहली फिल्म का नाम यू शेप की गली है। इस बीच अब हाल ही में अवंतिका ने एक बातचीत के दौरान खुलासा किया कि उनकी मां भाग्यश्री उन्हें और उनके भाई अभिमन्यु दसानी को क्या सलाह देती हैं। साथ ही, उन्होंने स्टार किड होने के फायदे और नुकसान के बारे में भी खुलकर बात की।

भाग्यश्री अपने बच्चों को देती हैं यह सलाह

अवंतिका ने कहा, मेरे और मेरे भाई दोनों के लिए, वे हमेशा कहती थीं कि चाहे आप कितने भी अच्छे हों या आपको कितनी भी सफलता क्यों न मिल जाए, लेकिन यहां स्थिरता नहीं है। यहां बहुत सारे उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, अवंतिका ने बताया कि उनकी मां भाग्यश्री उन्हें क्या सलाह देती हैं। अभिनेत्री ने कहा, उनकी मां कहती हैं कि चाहे अच्छा या बुरा, आपको उससे संतुष्ट रहना चाहिए और खुद पर गर्व करना चाहिए।

अवंतिका दसानी ने स्टार किड होने के फायदे और नुकसान के बारे में बात करते हुए कहा, आप लगता है कि आप अकेले नहीं हैं, आपके साथ इंडस्ट्री में कोई तो आपका है। हालांकि, मेरी मां ने कई साल पहले इंडस्ट्री को छोड़ दिया था, इसलिए यह पहले जैसा नहीं है। अभी भी कुछ फायदे हैं, क्योंकि मेरी मां और भाई को इंडस्ट्री में बहुत सम्मान मिला है इसलिए मुझे भी वही सम्मान मिलता है। मुझे एक चाय मिल सकती है, लेकिन मुझे किसी फिल्म का ऑफर नहीं मिलेगा।

तलाक के बाद भी आमिर के साथ सहज हैं किरण राव

किरण ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान आमिर खान के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया की वे तलाक के बाद भी एक-दूसरे के अच्छे दोस्त हैं और साथ में काम के लिए सहयोग भी करते हैं। किरण राव इन दिनों अपनी आगामी निर्देशित फिल्म लापता लेडीज की रिलीज के लिए तैयार हैं। किरण का इस फिल्म में उनके पूर्व पति आमिर खान भी सहयोग कर रहे हैं। निर्देशक अपनी इस फिल्म का आमिर खान और क्रू के साथ फिल्म प्रमोशन जोरों शोरों से कर रही हैं। इस फिल्म के ट्रेलर और पोस्टर को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। किरण ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान आमिर खान के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया की वे तलाक के बाद भी एक-दूसरे के अच्छे दोस्त हैं और साथ में काम के लिए सहयोग भी करते हैं।

आमिर के साथ अपने रिश्ते पर कही यह बात

किरण ने कहा, हम दोनों के लिए तलाक के बाद भी साथ काम करना बहुत स्वाभाविक था। आमिर और मैं एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह से समझते है। अभी हम एक ही हाउसिंग सोसाइटी में रहते हैं। मेरी सास ऊपरी मंजिल पर रहती हैं, रीना भी पास में रहती है। ऐसा नहीं है की हम दोनों का तलाक हो गया है, तो हम लोगों के बीच में दूरी आ जाएगी।

उन्होंने आगे कहा, वास्तव में हम सभी में लोग एक-दूसरे को पसंद करते हैं। मैं रीना के साथ घूमती हूं, हम लोग साथ में खूब एन्जॉय करते हैं और इससे आमिर को कोई परेशानी नहीं है। किरण ने आगे कहा कि अगर आपका तलाक हो जाता है, तो ये ऐसे रिश्ते हैं जिन्हें आपको नहीं खोना चाहिए। हालांकि, ये लोगों के लिए हैरान करता है कि दो तलाकशुदा व्यक्ति एक साथ काम कैसे कर सकते हैं? उन्होंने आगे बताया, अगर हमारी शादी टूटने के कारण हमारा रिश्ता खत्म हो जाता, तो मुझे दुख होता।

भूल भुलैया-3 विद्या बालन के साथ होंगे कार्तिक

फिल्ममेकर अनीस बज्मी भूल भुलैया 3 लेकर आ रहे हैं जिसको लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। अब तक यह तो पता चल गया है कि तीसरे पार्ट में कार्तिक आर्यन और विद्या बालन साथ हैं, लेकिन भुल भुलैया के प्रशंसक यह जानना चाहते थे कि क्या अक्षय कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। अनीस ने अब इस बात को भी क्लीयर कर दिया है। अनीस ने जूम टीवी से बात करते हुए कहा, अक्षय इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे। मैं तो उनके साथ काम करने के लिए मर रहा हूं, लेकिन मुझे ऐसी स्क्रिप्ट मिल ही नहीं रही जहां हम दोनों साथ काम कर सकें। भविष्य में शायद ऐसा हो। फिल्म के तीसरे इंस्टॉलमेंट में विद्या बालन, कार्तिक आर्यन ही हैं। अनीस ने आगे बताया कि फिल्म के पहले दिन का शूट 10 मार्च को होगा। हालांकि उन्होंने अभी बिल्कुल पक्का यह डेट फिक्स नहीं की है। विद्या बालन को लेकर अनीस ने कहा, 'देखिए विद्या ने मेरी फिल्म थैंक्यू में 3 दिन का रोल किया था। मुझे याद है मैंने उन्हें कॉल किया था और उन्होंने बिना टाइम लिए हां कहा था। मैं आज तक उनकी वो बात नहीं भूल पाया हूं तो वहां से सब शुरू हुआ और आज मैं इस स्टेज पर हूं कि सेट पर जाने के लिए तैयार हूं।' बता दें कि भूल भुलैया के पहले पार्ट में अक्षय कुमार और विद्या बालन लीड रोल में थे। फिल्म में विद्या ने मंजुलिका का किरदार निभाया था। यह फिल्म सुपरहिट थी। इसके बाद दूसरे पार्ट में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू लीड रोल में थे। इस फिल्म ने भी दर्शकों का दिल जीता और बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की यानी यह पार्ट भी सुपरहिट था। अब तीसरे पार्ट में कार्तिक और विद्या मिलकर क्या कमाल करते हैं, यह देखेंगे।



लकीर के फकीर होते हैं फिल्मवाले, जो चल गया, वही कराएंगे

कभी फ्रॉक वाली सपना, तो कभी बात-बात में बहकने वाले जग्गू दादा, कृष्णा अभिषेक और कॉमेडी का रिश्ता किसी से छिपा नहीं है लेकिन सिर्फ कॉमेडी ही कृष्णा की पहचान नहीं है। कृष्णा एक अनूठे शो ओएमजी ये मेरा इंडिया के होस्ट भी हैं, जिसका वो दसवां सीजन होस्ट करने जा रहे हैं। यह शो देश के कोने-कोने से हैरतअंगेज जगहों से लोगों को रूबरू कराता है।

ये शो दिखाता है कि मैं ऑलराउंडर हूं

शो के साथ अपने लंबे रिश्ते के बारे में कृष्णा बताते हैं, मैं स्लैपस्टिक कॉमिडी और अलग-अलग करैक्टर तो करता ही रहता हूं पर यह शो मुझे एक अलग तरह की इज्जत देता है। एक कद देता है कि कृष्णा यह भी करता है। हर ऐक्टर बस यही चाहता है कि उसे ऑलराउंडर समझा जाए। जैसे मैं कॉमिडी करता हूं, डांस करता हूं, मगर ये शो दिखाता है कि मैं ऑलराउंडर हूं। मैं ऐसा सीरियस काम भी कर सकता हूं। दूसरे, मैंने स्कूल में इतनी पढ़ाई नहीं की जितना 8 साल में इस शो से सीखा है। कई प्रेरक कहानियां मुझे इस शो से जानने को मिली हैं।

लकीर के फकीर होते हैं फिल्मवाले

कृष्णा फिल्मों से दूर क्यों हैं? इस पर वह कहते हैं, ये फिल्मवाले न लकीर के फकीर होते हैं। जो चल रहा है बार बार वही कराएंगे। मैं खुशकिस्मत हूं कि अभी उम्र मेरे साथ है। ऐसा नहीं है कि बुड्ढे हो रहे हैं तो जल्दी जो मिल रहा कर लो, लेकिन मुझे ये साबित करना है कि जो आदमी सबसे ज्यादा हंसाता है, वो सबसे ज्यादा रुला भी सकता है। इसलिए, मैं ऐसे अलग-अलग रोल करना चाहूंगा।

रिस्क लेने में ही तो मजा है

कृष्णा कपिल शर्मा शो का अहम हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन अब ये शो टीवी से ओटीटी पर आ रहा है। साथ ही पहली बार कपिल, कृष्णा, सुनील ग्रोवर सब साथ दिखेंगे? इस बदलाव पर कृष्णा कहते हैं, ओटीटी पर थोड़ी तो ऑडियंस बदलेगी पर जिंदगी में थोड़ा रिस्क लेकर काम नहीं किया तो क्या किया। टीवी पर वही करते-करते इतने साल बीत गए थे तो ये अच्छी बात है कि वो नई कोशिश कर रहे हैं कि ओटीटी पर शहरी ऑडियंस भी शो देखे, जो कि पहले भी देखती ही है। रही बात, सुनील के साथ आने की तो मैं सुनील को देखकर बहुत खुश हुआ। वह बहुत अच्छा ऐक्टर, बहुत अच्छा इंसान है। हम सब मिलजुल कर इंजॉय कर रहे हैं। किसी का कोई ईगो क्लैश नहीं है। कोई कॉम्पिटिशन नहीं है।

मामा जी साथ रिश्ता सुलझाना चाहता हूं

कृष्णा का मामा गोविंदा के साथ अनबन की खबरें भी हमेशा चर्चा में रही हैं। हालांकि कृष्णा चाहते हैं कि यह मनमुटाव खत्म हो जाए। वह कहते हैं, मैं चाहता हूं कि मामा जी के साथ रिश्ता सुलझ जाए। मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं, सम्मान करता हूं। मैं चाहता हूं कि हम फिर से एक परिवार बन जाए। आप सोचो, मैंने टीवी पर कॉमिडी में इतना नाम कमा लिया। वो कॉमिडी फिल्मों में लीजेंड, हम दोनों साथ में आ जाएं तो क्या हो जाएगा। हम दोनों साथ में खड़े होकर कोई गैग कर दे या डांस कर दे तो लोगों को तो मजा आ जाएगा, वो मैं चाहता हूं कि हम साथ में आएं।

पत्नी कश्मीरा के साथ बॉन्ड पर कृष्णा

वहीं, पत्नी कश्मीरा के साथ अपने रिश्ते की मजबूती का श्रेय वे अपनी दोस्ती को देते हैं। कृष्णा के मुताबिक, मैं और कश्मीरा दोस्त बहुत अच्छे हैं। कश्मीरा कभी कोई नुक्ताचीनी या चिकचिक नहीं करती। उसने जिंदगी में आज तक मेरा फोन चेक नहीं किया, ना वो मुझे टॉर्चर करती है, न मैं उसको करता हूं। हम पति पत्नी की तरह रहते ही नहीं है। हम हाउसमेट्स की तरह रहते हैं कि वो भी भाड़ा देकर रह रही है, मैं भी रह रहा हूं। मगर जहां बतौर पत्नी खड़े रहना है, वो हमेशा मेरे लिए खड़ी रहती है और जब उसे कोई तकलीफ हो तो मेरे अंदर का पति जाग जाता है।